संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार 23 जून 2026 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



लखनऊ : कोचिंग सेंटर की दीवार तोड़कर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 174 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

# लखनऊः कोचिंग सेंटर में आग, 14 मौतें

### इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स, बचने के लिए बाथरूम में छिपे, दम घुटा; एसी में शॉर्ट सर्किट की आशंका

### रोते-बिलखते बच्चों ने बताई आपबीती, कुछ छात्र जान बचाने के लिए बाथरूम में छिपे

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र स्थित पुरनिया में सोमवार को एक एनिमेशन सेंटर में लगी भीषण आग ने दर्जनों परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। हादसे के बाद बाहर निकले बच्चों की आंखों में डर साफ दिखाई दे रहा था। कोई अपने दोस्तों को पुकार रहा था तो कोई रोते हुए बता रहा था कि कैसे धुएं से बचने के लिए उसने बाथरूम में शरण ली।

**कुछ बाथरूम में छिपे तो कुछ ने लगाई छलांग**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही कुछ ही मिनटों में पूरी इमारत धुएं से भर गई। अंदर मौजूद छात्रों में चीख-पुकार मच गई। कई बच्चों को समझ ही नहीं आया कि बाहर निकलने का रास्ता कहां है। कुछ छात्र जान बचाने के लिए बाथरूम में छिप गए, जबकि कई अन्य ने ऊंचाई से छलांग लगाकर अपनी जान बचाने की कोशिश की।

**एक दूसरे के बारे में पूछकर रोते नजर आए बच्चे**

हादसे से बचकर निकले एक छात्र ने बताया कि अचानक क्लासरूम में धुआं भरने लगा। सांस लेना मुश्किल हो गया था। सभी बच्चे इधर-उधर भाग रहे थे। कुछ साथी बाथरूम की तरफ दौड़े, जबकि कई खिड़कियों और सीढ़ियों की



ओर भागने लगे। बाहर निकलने के बाद भी कई बच्चे अपने दोस्तों के बारे में पूछते हुए रोते नजर आए।

**दीवार तोड़कर चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन**

हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग भी भावुक हो गए। कई बच्चों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया। राहत और बचाव कार्य के दौरान आसपास के लोगों ने भी अपनी जान जोखिम में डालकर छात्रों को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया। बगल के मकान की छत से कोचिंग सेंटर की दीवार तोड़कर अंदर फंसे लोगों तक पहुंचने की कोशिश की गई।

**उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दी जानकारी**

मौके पर पहुंचे उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी आंखों से कई शव देखे हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना की जांच के आदेश देते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है।

**पूरे इलाके में मातम छाया**

फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है।

## सीएम योगी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ :** राजधानी लखनऊ में सोमवार को अलीगंज क्षेत्र के पुरनिया में एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद बिल्डिंग में धुआं भर गया। इससे अंदर मौजूद छात्रों में भगदड़ मच गई। कई छात्रों ने जान बचाने के लिए ऊंचाई से छलांग लगा दी। इससे वह घायल हो गए। वहीं, 14 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर डीजीपी राजीव कृष्ण और प्रमुख सचिव संजय प्रसाद भी पहुंच गए हैं। लखनऊ के जिलाधिकारी और प्रशासनिक टीम के साथ पुलिस बल मौजूद है। राहत बचाव कार्य लगातार जारी है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे हैं। बगल के घर की छत से कोचिंग की दीवार काटकर रेस्क्यू का प्रयास किया गया। अभी तक 10 लोगों को रेस्क्यू कर ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। घटनास्थल पर मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि मैंने अपनी आंखों से 14 शव देखे हैं।

**मुख्यमंत्री योगी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ का दौरा रद्द कर लखनऊ लौटे और



घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूरे मामले की जानकारी अफसरों से ली।

**पीएम मोदी ने जताई संवेदना, मुआवजे की घोषणा की**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अग्निकांड में मृतकों व घायलों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये व घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आग लगने की घटना में हुई मौतों से बहुत दुख हुआ है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। बचाव कार्य चल रहा है और अधिकारी हर संभव मदद पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

**सीएम योगी ने रद्द किया अलीगढ़ दौरा, लखनऊ लौटे**

लखनऊ अग्निकांड की सूचना मिलने पर अपना अलीगढ़ दौरा बीच में ही रद्द कर दिया। उन्हें लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ही इस हादसे की जानकारी मिली, इसके तत्काल बाद मुख्यमंत्री राजधानी लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए। अलीगढ़ में आयोजित लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने जनसमूह से कहा कि मेरी इच्छा थी कि यहीं रहूं। लेकिन अभी-अभी जानकारी मिली है कि लखनऊ में एक दुर्घटना हुई है और कुछ बच्चे अग्निकांड की चपेट में आए हैं।

## उद्धव गुट के छह सांसद शिंदे शिवसेना में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी को बड़ा झटका लगा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में उद्धव गुट के छह सांसदों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। शिवसेना यूबीटी सांसद संजय हरिभाऊ जाधव, भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे, ओमप्रकाश भूपालसिंह निंबालकर, संजय दीना पाटिल, संजय उत्तमराव देशमुख और नागेश बापुराव पाटिल अष्टीकर ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ मंच साझा किया। वहीं, इसके बाद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा- ऑपरेशन टाइगर अब पूरा और सफल हो गया।

**सदस्यता**

**उपमुख्यमंत्री शिंदे की मौजूदगी में उद्धव गुट के छह सांसदों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की**

**इन सांसदों ने शिंदे गुट का थामा दामन**

इस सूची में यवतमाल-वाशिम से संजय देशमुख, हिंगोली से नागेश पाटिल अष्टीकर, परभणी से संजय जाधव, शिरडी से भाऊसाहेब वाकचौरे, मुंबई उत्तर-पूर्व से संजय दिना पाटिल और धाराशिव से ओमप्रकाश राजे निंबालकर का नाम शामिल है।

## प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र बनेगा 'विकसित हरियाणा-2047' का आधारः सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए हरियाणा सरकार ने विकसित हरियाणा-2047 के व्यापक विजन पर कार्य शुरू कर दिया है। इसी उद्देश्य से आज प्रदेश के सभी विधायकों के साथ आयोजित बैठक में विकसित हरियाणा-2047 के बारे में चिंतन किया गया। इस अभियान की थीम

**चिंतन**

**मुख्यमंत्री ने विधायकों के साथ किया विकसित हरियाणा-2047 पर चिंतन**

मेरी विकसित विधानसभा रखी गई है, जिसके माध्यम से विकसित हरियाणा की शुरूआत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से होगी। मुख्यमंत्री



नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा निवास में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा को समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने के लिए अगले 20 वर्षों का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र का विजन चैंपियन बनकर क्षेत्र की समस्याओं, संभावनाओं और विकास की प्राथमिकताओं की पहचान करेगा तथा विकास की कार्ययोजना तैयार करेगा। इस अवसर पर पर्यटन एवं सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा भी उपस्थित थे। सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2047 तक के लिए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक तक पहुंचाना, प्रति व्यक्ति वार्षिक आय को 40 लाख रुपये से अधिक करना, महिला श्रम भागीदारी को 45 प्रतिशत से ऊपर ले जाना तथा महिला साक्षरता को 100 प्रतिशत तक पहुंचाना शामिल है। इसके अलावा प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा हर घर तक पाइप के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## 'ऑपरेशन टाइगरः शिंदे ने पैदा किए छह गद्दारः राउत

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** शिवसेना यूबीटी में बगावत और कथित 'ऑपरेशन टाइगर' को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे, नेता आदित्य ठाकरे और सांसद संजय राउत ने भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट पर निशाना साधते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उद्धव ठाकरे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि फिलहाल बागी सांसदों को अपनी बात रखने दीजिए। उन्होंने कहा कि जब उन्हें उचित समय लगेगा, तब वह मीडिया को बुलाकर अपनी पार्टी का पक्ष विस्तार से रखेंगे। उद्धव ने



संकेत दिया कि जल्द ही शिवसेना यूबीटी भी पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देगी।

**'शिंदे ने छह गद्दारों को जन्म दिया'**

वहीं, पार्टी सांसद संजय राउत ने बागी सांसदों पर तीखा हमला बोला।

**निशाना साधा**

**उद्धव ठाकरे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि फिलहाल बागी सांसदों को अपनी बात रखने दीजिए**

उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे ने 'छह गद्दारों को जन्म दिया है' और स्थिति को संभालने के लिए आगे और सर्जरी करनी पड़ेगी। संजय राउत की यह टिप्पणी उन छह सांसदों को लेकर आई है, जिनके शिंदे गुट में जाने की चर्चा चल रही है।

**आदित्य ठाकरे भाजपा पर हमलावर**

आदित्य ठाकरे ने भाजपा सरकार पर देश की सुरक्षा, महंगाई, किसानों और आम जनता के मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। घुसपैठ के मुद्दे पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार है। अगर इतने समय में भी घुसपैठ नहीं रोकी जा सकी, तो यह सरकार की विफलता है। मुख्यमंत्री की ओर से ऑपरेशन टाइगर को सफल बताए जाने पर

## ममता बनर्जी तृणमूल कांग्रेस से बाहर, अभिषेक निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया**

कोलकाताः तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर चल रहा सत्ता संघर्ष और गहरा गया है। बागी विधायक नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने खुद को 'असली टीएमसी' बताते हुए बड़ा फैसला लिया है। इस गुट ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी को पद से हटाने और पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता अभिषेक



बनर्जी को निलंबित करने का एलान किया है। रविवार को न्यू टाउन स्थित एक होटल में ऋतब्रत गुट की बैठक हुई। गुट का दावा है कि इस बैठक में 60 विधायक और कोलकाता नगर निगम के 70 पार्षद शामिल हुए। बैठक में हावड़ा मध्य से विधायक को पार्टी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया।


*मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों के लिए विभाग अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है*

## सरकार ने 3336 करोड़ की बिजली परियोजनाओं के कार्यान्वयन समझौते हस्ताक्षरित किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने इस वर्ष के दौरान लगभग 3336 करोड़ रुपये लागत की 278 मेगावाट क्षमता की 19 जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन समझौते हस्ताक्षरित किए हैं। इनमें 9 मेगावाट की सोयल डाशल, 6 मेगावाट की खौली-2, 9 मेगावाट की ग्रामांग, 10 मेगावाट की उमली, 24 मेगावाट की भरमौर चरण-1, 21 मेगावाट की भरमौर चरण-2, 22.5 मेगावाट की हरसर, चरण-2, 19 मेगावाट की हरसर, चरण-3, 24 मेगावाट की टुंडह चरण-2, 18 मेगावाट की जंगलिक, 15 मेगावाट की रूपिन चरण-2, 17 मेगावाट की दुनाली-1 एवं 2, 12 मेगावाट की



जरी, 18 मेगावाट की तोरल कुंडली, 15 मैगावाट की टुंडन, 10 मेगावाट की कोट डोगरी, 8 मेगावाट की अप्पर कुर्मी, 11 मेगावाट की कलाल खोल और 9.6 मेगावाट की मेलन विद्युत परियोजनाएं शामिल हैं।

प्रदेश सरकार ने यह भी पाया कि पहले से आवंटित 15 विद्युत

**परियोजना**

**परियोजनाओं के निर्माणकर्त्ताओं ने परियोजना के कार्यान्वयन में कोई विशेष रूचि नहीं दिखाई**

परियोजनाओं के निर्माणकर्त्ताओं ने परियोजना के कार्यान्वयन में कोई विशेष रूचि नहीं दिखाई तथा सरकार ने इन परियोजनाओं का आवंटन रद्द कर दिया। सरकार पुनः इनके त्वरित कार्यान्वयन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निविदाएं आमंत्रित करने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों के लिए विभाग अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में विद्यमान विद्युत क्षमता के दोहन के लिए सरकार कृत संकल्प है। उन्होंने ऊर्जा विभाग की इस क्षमता के त्वरित दोहन के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अपनी ऊर्जा नीति में संशोधन करते हुए 25 मेगावाट क्षमता तक की जल विद्युत परियोजनाओं में रॉयल्टी दरों में बदलाव कर 40 वर्षों के लिए एक समान 12 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि 150 मैगावाट की टिडोंग, चरण-1 जल विद्युत परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रदेश सरकार ने जियो थर्मल विद्युत परियोजना के अन्वेषण व विकास के लिए जियो ट्रॉपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। प्रदेश में विद्यमान लगभग 24000 मेगावाट विद्युत क्षमता में से राज्य द्वारा 12588 मेगावाट क्षमता की 189 परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 1528 मेगावाट क्षमता की 54 परियोजनाएं निर्माणधीन हैं तथा 7539 मेगावाट क्षमता की 526 परियोजनाएं स्वीकृति के विभिन्न चरणों में है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार विद्युत क्षमता के दोहन को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है ताकि हिमाचल प्रदेश को आर्थिक तौर पर समृद्ध किया जा सके।

## राम मंदिर चढ़ावा घोटालाः सीबीआई जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** अयोध्या के भव्य राम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन और वित्तीय अनियमितताओं का मामला अब देश की सबसे बड़ी अदालत के दरवाजे पर पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक जनहित याचिका दायर कर इस पूरे मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज करने और समयबद्ध जांच कराने की गुहार लगाई गई है। दो प्रैक्टिसिंग वकीलों की ओर से दायर इस याचिका ने राम मंदिर के निर्माण और प्रबंधन की देखरेख करने वाले 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि



इस पूरे मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के नेतृत्व वाली एक बहु-विषयक विशेष जांच टीम (एसआईटी) को सौंपी जानी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि ट्रस्ट के मामलों और प्रशासन से जुड़ी वित्तीय गड़बड़ियों और अन्य कथित गैर-कानूनी गतिविधियों की गहन और स्वतंत्र जांच होना बेहद जरूरी है, ताकि पूरी सच्चाई देश के सामने आ सके।

अधिवक्ता अजय कुमार राय और दिनेश कुमार यादव की ओर से दायर इस याचिका में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया है।

# मान कैबिनेट: पंजाब में पांच प्रतिशत सलाना फीस बढ़ा सकेंगे प्राइवेट स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।विद्यार्थियों और अभिभावकों के हितों की रक्षा करने, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने, डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने तथा प्रशासनिक पहुंच में सुधार लाने के उद्देश्य से कई अहम निर्णय हुए। कैबिनेट ने निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों की फीस वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए अध्यादेश को मंजूरी दी।

**निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों की फीस वृद्धि पर लगाम**

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों द्वारा फीस में की जाने वाली अनावश्यक और अनुचित बढ़ोतरी को नियंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब कैबिनेट ने पंजाब रेगुलेशन ऑफ फीस ऑफ अन-एडेड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस (संशोधन) अध्यादेश, 2026 को लाने को मंजूरी दे दी है। यह अध्यादेश पंजाब रेगुलेशन ऑफ फीस ऑफ अन-एडेड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस एक्ट, 2016 में संशोधन करके लाया गया है। इस कदम का उद्देश्य फीस वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण रखना, विद्यार्थियों और अभिभावकों को मनमानी फीस बढ़ोतरी से सुरक्षा प्रदान करना, फीसों के ढांचे में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना तथा उनके हितों की रक्षा करना है। इन संशोधनों के तहत फीस, फीस वृद्धि और कुल फीस वृद्धि की परिभाषाओं को अधिक स्पष्ट बनाया गया है। साथ ही, निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों द्वारा वार्षिक फीस वृद्धि की अधिकतम सीमा 5 प्रतिशत तय की गई है। 5 प्रतिशत से अधिक फीस बढ़ाने के लिए संबंधित नियामक संस्था की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कैबिनेट ने राज्य की औद्योगिक नीतियों के तहत कैपिटल सब्सिडी एवं निवेश प्रोत्साहनों के वितरण के लिए 13 नवंबर 2019 के दिशानिदेर्शों में संशोधन को भी मंजूरी दी। इन संशोधनों का उद्देश्य सब्सिडी वितरण प्रक्रिया को सरल और सुचारु बनाना, प्रशासनिक दक्षता में सुधार करना तथा पात्र औद्योगिक इकाइयों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित करना है।



## पंजाब में स्टेट डेटा इंटीग्रेशन प्लेटफॉर्म लागू करने को मंजूरी

**संशोधित** व्यवस्था के अनुसार, दिशानिर्देशों की धारा 1.1 और 1.2 में छूट मिलने के बाद पात्र बनने वाली औद्योगिक इकाइयों को आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन और निर्धारित शर्तों की पूर्ति के आधार पर कैपिटल सब्सिडी जारी की जाएगी। राज्य के विभिन्न विभागों के अनेक डेटाबेसों को आपस में जोड़ने, किसी भी दोहराव को समाप्त करने और मौजूदा प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कैबिनेट ने पंजाब में स्टेट डेटा इंटीग्रेशन प्लेटफॉर्म (एसडीआईपी) लागू करने को मंजूरी दी है।परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तीन-स्तरीय संचालन समिति गठित की जाएगी। इस संचालन समिति में पंजाब के मुख्य सचिव चेयरपर्सन होंगे, प्रशासनिक सचिव (गुड गवर्नेंस) मैंबर कनवीनर होंगे तथा विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव सदस्य के रूप में शामिल होंगे।



**दसूहा उपमंडल के लिए एडीसी (जनरल) और सहायक स्टाफ के पदों को मंजूरी**

कैबिनेट ने जिला होशियारपुर के अंतर्गत आने वाले दसूहा उपमंडल के लिए अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल) तथा अन्य सहायक स्टाफ के पद सृजित करने को भी मंजूरी दे दी है।

# कृषि अर्थशास्त्री एसएस जौहल से मिले नितिन नवीन



**टीम एक्शन इंडिया**

**लुधियाना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पंजाब दौर के आखिरी दिन सोमवार को लुधियाना में प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री और पद्म भूषण अवॉर्डी डॉ. सरदारा सिंह जौहल से उनके आवास पर मुलाकात की।

इस दौरान पंजाब की कृषि व्यवस्था, किसानों से जुड़े मुद्दों, फसल विविधीकरण और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। तीन दिवसीय पंजाब दौरे पर आए नितिन नवीन ने आज डॉ. सरदारा सिंह जौहल से मुलाकात कर कृषि क्षेत्र से जुड़े अहम विषयों पर विचार-विमर्श किया। नितिन नवीन ने कहा कि डॉ. सरदारा सिंह जौहल देश के प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों में से एक हैं।

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर और कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के चेयरमैन के रूप में उन्होंने देश की कृषि नीति को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने फसल विविधीकरण और कृषि सुधारों को लेकर भी अहम योगदान दिया है। बैठक के दौरान पंजाब में किसानों के सामने आ रही चुनौतियों, पारंपरिक खेती पर बढ़ते दबाव, फसल विविधीकरण की जरूरत और कृषि क्षेत्र को अधिक मजबूत बनाने के मुद्दों पर चर्चा हुई। नितिन नबीन ने कहा कि पंजाब की अर्थव्यवस्था में कृषि की अहम भूमिका है और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस नीति और दूरदर्शी सोच की जरूरत है। इस मुलाकात के दौरान पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों और प्रदेश महासचिव अनिल सरीन भी मौजूद रहे

**विचार-विमर्श**

पंजाब की कृषि व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और खेती के विकास को लेकर किया विस्तृत विचार-विमर्श

# राष्ट्रपति ने कूनो में चीता मित्रों से संवाद कर चीता संरक्षण की ली जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को चीता मित्रों से संवाद कर चीता संरक्षण के प्रयासों की जानकारी ली। राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से बातचीत के दौरान उनके द्वारा चीतों की सुरक्षा और आमजन के बीच चीतों के व्यवहार को लेकर किये जा रहे जनजागरूकता के प्रयासों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी चीता मित्रों से वन-टू-वन चर्चा कर परियोजना के लिए उनके द्वारा मानसेवी रूप से किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। राष्ट्रपति मुर्मु को बताया गया कि कूनो नेशनल पार्क से लगे सभी ग्रामों में चीता मित्र मौजूद हैं, जिनके द्वारा चीतों की सुरक्षा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। चीतों के आबादी क्षेत्र में आवागमन की स्थिति पर किये जाने वाले कार्यों के संबंध में सभी को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों को यह जानकारी भी दी जा रही है कि स्वभाविक रूप से चीते किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। चीता जब आबादी क्षेत्र अथवा खेतों में दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग को अवगत कराया जाये, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार से नुकसान न पहुंचे। भारत में चीतों की पुनर्बसाहट के लिए यह परियोजना अति महत्वपूर्ण है। इस दौरान चीता मित्र कुलदीप आदिवासी निवासी सिलोरी, संग्राम आदिवासी एवं राजनदंनी आदिवासी निवासी हथेडी, मल्हा आदिवासी निवासी सेसईपुरा, शिवम आदिवासी निवासी पालपुर, आदिवासी निवासी सेसईपुरा और सतीश आदिवासी निवासी मोरावन मौजूद रहे।

# पहले टक्कर मारी, फिर पैरों पर चढ़ाई कार, लड़की ने सिपाही को कुचला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के अशोक विहार इलाके में बिना लाइसेंस की कार चला रही एक युवती ने दिल्ली पुलिस के सिपाही को कुचल दिया। नांगलोई के रहने वाला सिपाही जितेंद्र कुमार घटना के समय बाइक से थाने जा रहे थे। दोनों पैर पर कार का पहिया चढ़ने से वह बुरी तरह घायल हो गए। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने उसे पास के दीपचंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया। कार चला रही युवती की पहचान 19 साल की ओशिन गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।




**बाइक से जा रहे थे जितेंद्र कुमार**

जानकारी के मुताबिक 28 साल का जितेंद्र कुमार अपने परिवार के साथ नांगलोई इलाके में रहते हैं। वह दिल्ली पुलिस ने बतौर सिपाही कार्यरत हैं। उनकी तैनाती अशोक विहार थाने में हैं। अशोक विहार थाने में दर्ज प्राथमिकी में सिपाही ने बताया कि 19 जून की रात एक शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल के मोर्चरी में रखवाने के बाद वह बाइक से अशोक विहार थाने की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक टोयोटा कोरोला अल्टिस कार की चालक ने कार को अचानक बांयी ओर मोड़कर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इतने में भी चालक ने कार नहीं रोकी और उनके दोनों पैरों पर चढ़ा दी। बाइक पहिया के पास आने से कार रुक गई। उन्हें पैर में काफी चोट लगी थी। पीड़ित ने बताया कि आस पास के लोगों ने वहां पहुंचकर उन्हें कार के नीचे से निकाला। इसी दौरान कार की ड्राइविंग सीट से एक लड़की बाहर निकली। जिसने अपना नाम ओशिन गुप्ता बताया। वह वेस्ट पंजाबी बाग की रहने वाली है। घटना की जानकारी मिलते ही

# हर तीसरा बच्चा प्रदूषण जनित बीमारियों से प्रभावित: डॉ. विकास पिलानिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** बढ़ता वायु प्रदूषण बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर के श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास पिलानिया ने बताया कि वर्तमान में करीब 30 प्रतिशत बच्चे अस्थमा, एलर्जी, बार-बार खांसी, सांस लेने में तकलीफ और फेफड़ों के संक्रमण जैसी समस्याओं से प्रभावित हैं। अस्पतालों की ओपीडी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों में भी 30 से 40 प्रतिशत एलर्जी से संबंधित होते हैं, जो बढ़ते प्रदूषण का संकेत है। डॉ. पिलानिया ने बताया कि बच्चों के फेफड़े विकासशील अवस्था में होते हैं, इसलिए प्रदूषित हवा का असर उन पर अधिक पड़ता है। लंबे समय तक प्रदूषण के संपर्क में रहने से फेफड़ों की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है और भविष्य में गंभीर श्वसन रोगों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि पीएमटू.5 और पीएम 10 जैसे सूक्ष्म कण स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक हानिकारक हैं। हालिया आंकड़ों के अनुसार जयपुर का



एक्यूआई करीब 130 दर्ज किया गया, जो संवेदनशील वर्गों के लिए अस्वास्थ्यकर श्रेणी में आता है। राजस्थान में बढ़ते शहरीकरण, वाहनों की संख्या, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल और औद्योगिक उत्सर्जन प्रदूषण के प्रमुख कारण हैं। डॉ. पिलानिया ने अभिभावकों को सलाह दी कि अत्यधिक प्रदूषण वाले दिनों में बच्चों की बाहरी गतिविधियां सीमित रखें, पौष्टिक आहार और पर्याप्त पानी दें तथा अस्थमा या एलर्जी की स्थिति में नियमित चिकित्सकीय परामर्श लें। उन्होंने कहा कि एलर्जी रोगों को नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन उनका पूर्ण उपचार संभव नहीं है। इसलिए सावधानी और बचाव ही बेहतर स्वास्थ्य का आधार है। साथ ही उन्होंने समाज, उद्योगों और प्रशासन से वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

**गंभीर चुनौती**

समाज, उद्योगों और प्रशासन से वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया

# रेवंत रेड्डी ने राजनाथ से मुलाकात की, डीआरडीओ परियोजना पर मांगा सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने गांधी सरोवर परियोजना के लिए रक्षा विभाग की भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित किए जाने पर रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए रेड्डी ने आदिलाबाद एयरपोर्ट के विकास को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण, उपयोगिताओं के स्थानांतरण और अन्य आवश्यक कार्यों में राज्य सरकार पूरा सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि राष्ट्रीय एकता और रक्षा से जुड़े मामलों में तेलंगाना सरकार हर संभव सहायता और सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने आदिलाबाद में भारतीय वायुसेना के हवाई अड्डे के व्यापक विस्तार के लिए केंद्र से सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय वायुसेना टर्मिनल और नागरिक उड्डयन विभाग के टर्मिनल भवन के साथ-साथ बड़े पैमाने पर कार्गो, एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) और हैंगर सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। रेड्डी ने कहा कि मध्य पूर्व एशिया में हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर आदिलाबाद एयरपोर्ट विश्वस्तरीय एयरलाइंस के लिए हैंगर स्थापित करने की दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त है।



# डब्ल्यूईएफ लाइटहाउस नेटवर्क में एचयूएल के कुल छह कारखानों को मिली जगह

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अपने ग्लोबल लाइटहाउस नेटवर्क के तहत हरिद्वार और सोनीपत में हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड (एचयूएल) के कारखानों को लाइटहाउस साइट के रूप में चिह्नित किया है। इन कारखानों को क्रमशः सप्लाई चेन रेजिलिएंस और सस्टेनेबिलिटी की कैटेगरी में उत्कृष्टता के लिए यह सम्मान मिला है। ग्लोबल लाइटहाउस नेटवर्क में डिजिटल मोर्चे पर सबसे ज्यादा उन्नत ऐसे कारखानों को चिह्नित किया जाता है, जिन्होंने परिचालन में आमूलचूल बदलाव किया है, दक्षता बढ़ाई है, सतत विकास को गति दी है और अपने कार्यबल का कौशल निखारा है। सोनीपत को सस्टेनेबिलिटी कैटेगरी में चिह्नित किया गया है। एनर्जी, वाटर एवं वेस्ट के मामले में पर्यावरण पर अपना फुटप्रिंट कम करने की दिशा में कारखाने के सतत प्रयासों से यह संभव हुआ है। यहां एआई आधारित एनर्जी मैनेजमेंट, आईओटी आधारित क्लीनिंग सिस्टम और पूरे परिचालन में रीन्यूएबल एनर्जी अपनाने जैसे कदम उठाए गए हैं। इससे कारखाने को अपनी एनर्जी एफिशिएंसी 29 प्रतिशत बढ़ाने, ग्राउंडवाटर रिचार्ज को 100 गुना करने, स्कोप 1 एवं 2 उत्सर्जन को 99 प्रतिशत कम करने और कच्चे माल की बबार्दी को 58 प्रतिशत कम करने में मदद मिली है।




यूपी के २मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फिरोजाबाद में टूंडला विधानसभा के गांव उसायनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के नवनिर्मित 568 भवनों के लाभार्थियों को आवासों की चाबी प्रदान की।

### कसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने और अमेरिकी दबाव में किसी भी ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर न करने की अपील की

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भाकियू ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने और अमेरिकी दबाव में किसी भी ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर न करने की अपील की है। बीकेयू ने पत्र में कहा है कि फरवरी 2025 से भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अंतरिम समझौता जल्द ही अंतिम रूप ले सकता है और 23-24 जून को नई दिल्ली में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर की यात्रा के दौरान इस पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। किसान संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आशंका जताई कि समझौते के तहत भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क में कटौती कर सकता है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त टैरिफ सुरक्षा नहीं होने पर भारतीय किसान अमेरिकी सब्सिडी प्राप्त कृषि उत्पादों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे, जिससे उनकी आजीविका पर गंभीर असर पड़ सकता है। पत्र में यह भी कहा गया है कि अमेरिका लंबे समय से भारत के कृषि और खाद्य उत्पाद बाजार में मौजूद बाधाओं को हटाने की मांग कर रहा है। किसानों का दावा है कि इससे अत्यधिक सब्सिडी वाले अमेरिकी डेयरी और पोल्ट्री उत्पादों के आयात का रास्ता खुल सकता है। साथ ही, आनुवंशिक रूप से संशोधित मक्का के भारत में प्रवेश की आशंका भी जताई गई है। बीकेयू ने आरोप लगाया कि विश्व व्यापार संगठन में अमेरिका भारत की न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था में बदलाव के लिए दबाव बना रहा है। संगठन का कहना है कि यदि यह मुद्दा व्यापार समझौते का हिस्सा बनता है या किसी गोपनीय समझ के तहत शामिल किया जाता है, तो देश के करोड़ों धान और गेहूं उत्पादक किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। किसान संगठन ने प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि उन्होंने पहले आश्वासन दिया था कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में किसानों, मछुआरों तथा डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों की पूरी तरह रक्षा की जाएगी।

बीकेयू ने आग्रह किया कि सरकार अपने इस वादे पर कायम रहे और किसी भी ऐसे समझौते से बचे जो भारतीय कृषि और खाद्य सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकता हो। संगठन ने कहा कि देश के किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा और राष्ट्रीय संप्रभुता के भी महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, इसलिए उन्हें अत्यधिक सब्सिडी वाले विदेशी कृषि उत्पादों के साथ असमान प्रतिस्पर्धा के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।



# पाकिस्तान के लिए जासूसी मामले में गिरफ्तार मुश्ताक की पुलिस रिमांड तीन दिन बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार मुश्ताक को सोमवार को पांच दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रमांक-3 जयपुर महानगर-प्रथम की अदालत में पेश किया गया। जहां सुनवाई के दौरान सीआईडी इंटेलिजेंस ने उससे आगे की पूछताछ के लिए तीन दिन की अतिरिक्त पुलिस रिमांड मांगी, जिसे न्यायालय ने मंजूर कर लिया। अब उसे 25 जून को पुनः अदालत में पेश किया जाएगा। सीआईडी इंटेलिजेंस के विशेष लोक अभियोजक सुदेश सत्वान ने बताया कि जांच के दौरान आरोपित के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की गहन पड़ताल की जानी है। पूछताछ में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के नाम भी सामने आए हैं, जिन्हें सुरक्षा एजेंसियों ने चिन्हित कर लिया है। हालांकि जांच के हित में उनकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। जांच एजेंसियों के अनुसार पांच दिन की रिमांड के दौरान आरोपित को उन स्थानों पर भी ले जाया गया, जहां से उसने कथित रूप से फोटो और वीडियो बनाए थे।

इन स्थानों पर मौके का निरीक्षण कर यह जानने का प्रयास किया गया कि उसे स्थानीय स्तर पर किन लोगों का सहयोग प्राप्त था। सुरक्षा एजेंसियां उसके संभावित सहयोगियों की भूमिका की भी जांच कर रही हैं।

# प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र बनेगा 'विकसित हरियाणा-2047' का आधारः मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने विधायकों के साथ किया 'विकसित हरियाणा-2047' पर चिंतन, हर विधानसभा क्षेत्र में जनभागीदारी से तैयार होगा 20 वर्षों का विकसित हरियाणा का रोडमैप

**संकल्प**

**अभियान की थीम मेरी विकसित विधानसभा रखी गई है, जिसके माध्यम से विकसित हरियाणा की शुरूआत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से होगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए हरियाणा सरकार ने विकसित हरियाणा-2047 के व्यापक विजन पर कार्य शुरू कर दिया है। इसी उद्देश्य से आज प्रदेश के सभी विधायकों के साथ आयोजित बैठक में विकसित हरियाणा-2047 के बारे में चिंतन किया गया। इस अभियान की थीम मेरी विकसित विधानसभा रखी गई है, जिसके माध्यम से विकसित हरियाणा की शुरूआत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा निवास में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा को समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने के लिए अगले 20 वर्षों का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र का विजन चैंपियन बनकर क्षेत्र की समस्याओं, संभावनाओं और विकास की प्राथमिकताओं की पहचान करेगा तथा विकास की कार्ययोजना तैयार करेगा। इस अवसर पर पर्यटन एवं सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा भी उपस्थित थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2047 तक के लिए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इनमें हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक तक पहुंचाना, प्रति व्यक्ति वार्षिक आय को 40 लाख रुपये से अधिक करना, महिला श्रम भागीदारी को 45 प्रतिशत से ऊपर ले जाना तथा महिला साक्षरता को 100 प्रतिशत तक पहुंचाना शामिल है। इसके अलावा प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा हर घर तक पाइप के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि मेरी विकसित विधानसभा अभियान के अंतर्गत जुलाई और अगस्त माह में सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर जनता से सीधा संवाद करेंगे। इस दौरान गांवों, वार्डों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, उद्योगों, स्वयं सहायता समूहों तथा सामाजिक संगठनों से सुझाव लिए जाएंगे। इन सुझावों के आधार पर विकसित हरियाणा का जनभागीदारी आधारित रोडमैप तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में शिक्षा एवं कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण तथा जल, स्वच्छता एवं पर्यावरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक बेटी को शिक्षित, प्रत्येक युवा को कुशल और प्रत्येक हाथ को रोजगार उपलब्ध कराना है। रोजगार क्षमता को 95 प्रतिशत तक पहुंचाने तथा आईटीआई, पॉलीटेक्निक और कॉलेजों को उद्योगों से जोड़ने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मातृ मृत्यु दर को 10 से कम तथा शिशु मृत्यु दर को 5 से कम करने, 100 प्रतिशत टीकाकरण और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं जल एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में हर घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने, जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने तथा नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी को 70 प्रतिशत से अधिक करने का संकल्प लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल केवल एक सरकार या एक कार्यकाल तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्ष 2047 तक हरियाणा के भविष्य की दीर्घकालिक कार्ययोजना है। इससे पहले की सरकारों में केवल चुनावों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाती थी, वे पार्टियां केवल 5 साल की सोच के साथ अपना घोषणापत्र जारी करती थी और उनमें से कुछ ही घोषणाओं पर काम होता था। शेष घोषणाओं को डेंटिंग-पेंटिंग करके अगले साल के लिए पुनः प्रस्तुत कर दिया जाता था।

लेकिन हमारी सरकार 20-20 साल की योजनाएं बना रही हैं और इनके क्रियान्वयन के लिए ठोस कदम भी उठा रही है। विकसित हरियाणा-2047 के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रत्येक विभाग के वार्षिक लक्ष्य तय किए जाएंगे, उनकी नियमित समीक्षा की जाएगी तथा डैशबोर्ड आधारित मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की प्रगति की व्यक्तिगत समीक्षा वे स्वयं करेंगे।



### मंत्रिमंडल ने हरियाणा उच्चतर न्यायिक सेवा नियम, 2007 में संशोधन को दी मंजूरी

चंडीगढ़ : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा उच्चतर न्यायिक सेवा नियम, 2007 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। यह संशोधन भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा 19 मई, 2023 को ऑल इंडिया जजेज एसोसिएशन बनाम भारत संघ एवं अन्य मामले में दिए गए निर्णय के अनुपालन में किया गया है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा राज्य की न्यायिक सेवा से जुड़े नियमों को उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप बनाने के लिए यह संशोधन प्रस्तावित किए गए थे। इनका उद्देश्य उच्चतर न्यायिक सेवा के अधिकारियों की सेवा शर्तों और कैरियर प्रगति को और बेहतर बनाना है। स्वीकृत संशोधनों के तहत हरियाणा उच्चतर न्यायिक सेवा नियम, 2007 के नियम 16(1), 16(2) और 17 में बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा नियमों में एक नया परिशिष्ट (एपेंडिक्स) जोड़ा गया है तथा नियमों के साथ संलग्न अनुसूची (शेड्यूल) में भी आवश्यक संशोधन किए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत हरियाणा उच्चतर न्यायिक सेवा के अधिकारियों के लिए संशोधित वेतन संरचना लागू की जाएगी। इसमें प्रवेश स्तर (एंट्री लेवल), चयन ग्रेड (सेलेक्शन ग्रेड) और सुपर टाइम स्केल पर कार्यरत जिला न्यायाधीशों के वेतनमान और वार्षिक वेतन वृद्धि से संबंधित प्रावधान शामिल किए गए हैं। मंत्रिमंडल ने चयन ग्रेड और सुपर टाइम स्केल पदों से संबंधित प्रावधानों को भी मंजूरी दी है। संशोधित नियमों के अनुसार, 1 जनवरी 2020 से जिला न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत पदों में से 35 प्रतिशत पद चयन ग्रेड के लिए निर्धारित होंगे। यह ग्रेड उन अधिकारियों को दिया जाएगा, जिन्होंने जिला न्यायाधीश संवर्ग में लगातार कम से कम पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो। चयन मेरिट और वरिष्ठता के आधार पर किया जाएगा। इसी प्रकार, जिला न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत पदों में से 15 प्रतिशत पद सुपर टाइम स्केल के लिए निर्धारित होंगे। यह लाभ उन अधिकारियों को मिलेगा।

## कैबिनेट ने मॉडल ऑनलाइन स्थानांतरण नीति, 2026 और शिक्षक स्थानांतरण



**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मानव संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित करने, कर्मचारियों की संतुष्टि को बढ़ावा देने, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और व्यापक जनहित में सार्वजनिक सेवा वितरण को मजबूत करने के उद्देश्य से मॉडल ऑनलाइन स्थानांतरण नीति, 2026 और शिक्षक स्थानांतरण नीति, 2026 को मंजूरी दे दी है। ये संशोधित नीतियां पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की टिप्पणियों के साथ-साथ विभिन्न हितधारकों से प्राप्त फीडबैक पर उचित विचार करने के बाद तैयार की गई हैं। माननीय न्यायालय ने, अन्य बातों के अलावा, पिछली स्थानांतरण व्यवस्था के तहत आयु को दिए गए महत्व (वेटेज) और दंपत्ति मामलों को दिए गए कम मेरिट अंकों आदि को लेकर चिंता व्यक्त की थी, जिसके बाद हितधारकों के फीडबैक को शामिल करते हुए इन चिंताओं को दूर करने के लिए नीतिगत ढांचे की व्यापक समीक्षा की गई है। नई नीतियों के तहत, स्थानांतरण के उद्देश्यों के लिए कर्मचारी रैंकिंग एक संशोधित 120-अंकीय समग्र स्कोरिंग ढांचे के माध्यम से निर्धारित की जाएगी। इसमें आयु को दिए गए वेटेज को 75 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि व्यावसायिक अनुभव और सेवा की निरंतरता को मान्यता देने के लिए एक नया पैरामीटर कैडर में अनुभव शुरू किया गया है, जिसका वेटेज 25 प्रतिशत होगा। इसके अलावा, विशेष कारकों के लिए आवंटित वेटेज को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे वास्तविक कठिनाइयों और विशेष परिस्थितियों का सामना करने वाले कर्मचारियों को अधिक राहत मिलेगी। कर्मचारी कल्याण प्रावधानों के एक महत्वपूर्ण विस्तार के रूप में, मान्यता प्राप्त गंभीर बीमारियों की सूची को व्यापक बनाया गया है, जिसमें अब मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, बेहचेट रोग, और अग्न्याशय व बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसे निर्दिष्ट अंग प्रत्यारोपण मामलों को शामिल किया गया है।

साथ ही, नीतियां एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपाय भी पेश करती हैं, जिसके तहत सेवानिवृत्ति के एक वर्ष के भीतर किसी भी कर्मचारी या शिक्षक का स्थानांतरण उनकी स्पष्ट लिखित सहमति के बिना नहीं किया जाएगा। नियमित सरकारी सेवा करने वाले जोड़ों के लिए समर्थन को और मजबूत करते हुए दंपत्ति मामले की श्रेणी के तहत मिलने वाले मेरिट अंकों को 5 से बढ़ाकर 10 अंक कर दिया गया है।

## आईआईटी रोपड़ के मार्गदर्शन में एसआईईटी पंचकुला बनेगा उत्कृष्टता का नया केंद्र

**समझौता**

**शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग हेतु ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ और राज्य अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, पंचकुला ने शैक्षणिक सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके आधिकारिक तौर पर एक रणनीतिक साझेदारी की शुरूआत की है। इस ऐतिहासिक समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना, ज्ञान के प्रसार को सुगम बनाना और पारस्परिक लाभ के आधार पर छात्रों एवं संकाय सदस्यों (फैकल्टी) को वैश्विक अनुभव के अवसर प्रदान करना है। यह सहयोग अकादमिक और अनुसंधान-संचालित पहलों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करता है, जिसे इंजीनियरिंग छात्रों को शीर्ष स्तर का अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

आईआईटी रोपड़ के निदेशक, प्रो. राजीव आहूजा, आईआईटी रोपड़ के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष सी. सी. रेड्डी व एसआईईटी पंचकुला के निदेशक-प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार रोज की बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।



**समझौते की मुख्य विशेषताएं**
व्यापक छात्र विनिमय कार्यक्रम स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर के छात्रों को अधिकतम एक वर्ष की अवधि के लिए मेजबान संस्थान में अध्ययन या शोध करने का अवसर मिलेगा। विनिमय छात्र अपने मूल संस्थान में ही ट्यूशन और अन्य शुल्कों का भुगतान करेंगे और मेजबान संस्थान में उन्हें ट्यूशन फीस से पूरी तरह छूट दी जाएगी। दोनों संस्थानों के बीच आपसी सहमति से प्रति शैक्षणिक वर्ष प्रत्येक शैक्षणिक शाखा से छात्रों का चयन किया जा सकता है। स्मझौते अनुसार मेजबान संस्थान के रूप में दोनों संस्थान आने वाले विनिमय छात्रों के लिए रियायती आवास की व्यवस्था करने का हर संभव प्रयास करेंगे। मेजबान संस्थान में अर्जित शैक्षणिक क्रेडिट को पाठ्यक्रम मिलान के बाद मूल संस्थान में स्थानांतरित किया जा सकेगा। अनुसंधान करने वाले छात्रों को एक आधिकारिक प्रदर्शन मूल्यांकन और तकनीकी अनुसंधान रिपोर्ट प्रदान की जाएगी। दोनों संस्थान अपने संकाय सदस्यों को सहयोगात्मक शिक्षण और अनुसंधान में शामिल होने के लिए छुट्टियों या विश्राम अवकाश (सबैटिकल लीव) के दौरान अल्पकालिक यात्राओं या निश्चित अवधि के असाइनमेंट के लिए प्रोत्साहित करेंगे। फंडिंग एजेंसियों द्वारा अनुसंधान, और परामर्श कार्यक्रमों में सहयोग करने के लिए दोनों परिसरों के संकाय सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा।

## जुर्माना माफी को लेकर मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल



**मांग**

**प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, पुरानी घोषाणा लागू नहीं होने पर सौंपा ज्ञापन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा प्राईवेट स्कूल संघ ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करके स्कूल सोसायटियों पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने की मांग की है। अपनी मांगों को लेकर सोमवार को संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू की अध्यक्षता में शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। कुंडू ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बताया कि हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ का एक प्रतिनिधिमंडल 17 अक्टूबर 2025 व 29 जनवरी 2026 को सीएम हाउस चंडीगढ़ में आपसे मिला था और आपने दरियादिली दिखाते हुए एजुकेशन सोसायटियों का जुर्माना माफ करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक इसका पत्र जारी नहीं किया गया है जिसके कारण हजारों सोसायटियों का कार्य अधर में लटका हुआ है। सीएम नायब सिंह सैनी ने अपने ओएसडी से कहा कि इस मामले की फाइल उन्हें दी जाए और प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द ही इसका समाधान कर दिया जायेगा।

विदित रहे कि सोसाइटी एक्ट 2012 के अनुसार सभी पंजीकृत सोसायटी को रिन्यू करवाने के आदेश दिए गए थे और उन सोसायटियों से वार्षिक शुल्क जमा करवाने के लिए वर्ष 2017 से ऑनलाइन प्रक्रिया की शुरूआत की गई व फीस ऑनलाइन न करने पर बीस रूपए प्रतिदिन का जुर्माना निर्धारित किया गया लेकिन किसी भी सोसायटी को इसकी सूचना नहीं दी गई और वर्ष 2013 से यह जुमार्ना लगा दिया गया जबकि इसके चार वर्ष बाद ऑनलाइन प्रक्रिया की शुरूआत 2017 से हुई।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए हरियाणा के शिक्षक करेंगे आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: राष्ट्रीय** शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों से आवेदन मांग लिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अधिक से अधिक शिक्षको से आवेदन करवाएं। केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए ऑनलाइन सेल्फ नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पात्र शिक्षक 10 जुलाई तक पोर्टल पर नामांकन कर सकते हैं, जबकि आवेदन को अंतिम रूप देकर जमा करने की अंतिम तारीख 13 जुलाई तय की गई है। इसके साथ ही राज्यों को जिला और राज्य स्तर की चयन समितियां समय रहते गठित करने के लिए कहा गया है ताकि चयन प्रक्रिया तय समय में पूरी हो सके। गाइडलाइन के अनुसार हरियाणा से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए अधिकतम तीन नाम आगे भेजे जा सकेंगे। चयन प्रक्रिया जिला स्तर से शुरू होकर राज्य स्तर और फिर राष्ट्रीय ज्यूरी तक पहुंचेगी।

## बैंक घोटाले में गिरफ्तार आईएएस व पूर्व अधीक्षक को न्यायिक हिरासत में भेजा

**सुनवाई**

**फर्स्ट बैंक घोटाले में जांच के चलते बीती 18 जून को आईएएस आर.के.सिंह को गिरफ्तार किया था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** बैंक घोटाले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए आईएएस अधिकारी तथा उनके सहयोगी को सोमवार को पंचकूला स्थित विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले में जांच के चलते बीती 18 जून को आईएएस आर.के.सिंह को गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई ने आर.के. सिंह के अलावा इस मामले में विकास एवं पंचायत विभाग के पूर्व अधीक्षक प्रिंस शर्मा को भी गिरफ्तार किया गया था। पंचकूला कोर्ट में पेश करने के दौरान सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि आरोपी आईएएस अधिकारी राम कुमार सिंह ने गिरफ्तारी से पहले ही बैंक फ्रॉड के मास्टरमाइंड के साथ हुई अपनी चैटिंग को डिलीट कर दिया।

सीबीआई ने कोर्ट में बताया कि जांच अभी निर्णायक चरण में है और कई महत्वपूर्ण पहलुओं की पड़ताल जारी है। सीबीआई के अनुसार हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार की अनुमति के बाद पंचकूला एसीबी में दर्ज एफआईआर को सीबीआई ने अपने हाथ में लिया था।

एजेंसी ने मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि इससे पहले 21 मई 2026 को 13

## प्रदेश सरकार गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध : आरती सिंह राव

**स्वास्थ्य**

**गांवों में भी शहरों की तर्ज पर अत्याधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा तंत्र को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में भी शहरों की तर्ज पर अत्याधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्रामीण अंचल के लोगों को प्राथमिक इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों पर निर्भर न रहना पड़े और उन्हें उनके घर के नजदीक ही बेहतरीन स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इसी कड़ी में एक बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भिवानी जिले के गांव धिराणा में एक नया उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस नए स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण और बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर लगभग 55.49 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। इस बजट से केंद्र में आवश्यक चिकित्सा उपकरण, दवाइयाँ और मरीजों के लिए जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी, जिससे धिराणा और आसपास के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आगे बताया कि प्रदेश में नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना आम जनता की वास्तविक जरूरतों और उनकी पुरजोर मांग को ध्यान में रखकर की जा रही है। सरकार क्षेत्रीय आवश्यकताओं का आकलन कर रही है ताकि हर वंचित क्षेत्र तक स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ाया जा सके।

## लाभ में आई एचएमआरटीसीः मेट्रो यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि

### नमो भारत कॉरिडोर परियोजनाओं ने भी पकड़ी रफ्तार

**परिवहन**

**एकीकृत मेट्रो और नमो भारत परिवहन नेटवर्क विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो रह है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में एकीकृत मेट्रो और नमो भारत परिवहन नेटवर्क विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है। इसी क्रम में हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एचएमआरटीसी) ने वर्ष 2026 के पहले पांच महीनों में उल्लेखनीय वित्तीय सुधार दर्ज करते हुए लाभ अर्जित किया है। यह जानकारी मुख्य सचिव एवं एचएमआरटीसी के अध्यक्ष अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई निगम की 65वीं बोर्ड बैठक में दी गई। बैठक में बताया गया कि जनवरी से मई 2026 के दौरान एचएमआरटीसी ने 9.18 करोड़ रुपये का अधिशेष (सरप्लस) दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में निगम को 1.98 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। निगम की कुल आय लगभग 47 फीसदी बढ़कर 35 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 23.76 करोड़ रुपये थी। यह वृद्धि बेहतर परिचालन प्रदर्शन और परिसंपत्तियों के प्रभावी व्यावसायिक उपयोग का परिणाम है। बैठक में बताया गया कि गैर-किराया राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जो पिछले वर्ष 6.42 करोड़ रुपये से बढ़कर 16.16 करोड़ रुपये हो गया। विज्ञापन अधिकारों की ई-नीलामी, मेट्रो परिसंपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग तथा स्टेशन आधारित गतिविधियों से प्राप्त आय में महत्वपूर्ण योगदान रहा। किराया आय में भी 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी के बावजूद खर्च पर नियंत्रण बनाए रखा गया। जनवरी-मई 2026 के दौरान कुल व्यय 25.82 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 25.74 करोड़ रुपये था। परिचालन व्यय में मात्र 0.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

एचएमआरटीसी के प्रबंध निदेशक चंद्रशेखर खरे ने बोर्ड को बताया कि रैपिड मेट्रो सेवा के प्रति यात्रियों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2026 के पहले पांच महीनों में 80.76 लाख यात्रियों ने मेट्रो सेवा का उपयोग किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 73.81 लाख थी। इस प्रकार यात्री संख्या में 9.41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बैठक में हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने वाली कई महत्वपूर्ण मेट्रो और नमो भारत परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

# जन कल्याणकारी मुहिम में लोग बढ़ चढ़कर लें भागः डीएसपी गुहला रमेश

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीकाः** हरियाणा में 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसके तहत कैथल जिला में एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई कर्मबीर सिंह, एएसआई मनोज, एचसी दिनेश, सिपाही नसीब, महिला सिपाही नीलम, महिला एसपीओ गीता व एसपीओ चांदी राम को शामिल करके एक नशा जागरूकता टीम का गठन किया गया है, जो यह टीम गांव गांव जाकर सेमिनार, नुक्कड़ सभा, रैली व अन्य प्रोग्राम आयोजित करके लगातार आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए नशा न करने बारे जागरूक कर रही है तथा युवा वर्ग को खेलों की तरफ रुझान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उक्त टीम द्वारा सोमवार को आईटीआई गुहला चीका, देवीलाल पार्क चीका व अन्य स्थानों पर आमजन सहित विद्यार्थियों को नशा के दुष्परिणाम बताते हुए नशा न करने बारे जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त सभी एसएचओ व चौकी प्रभारी भी अपने अपने अधिकार क्षेत्र में आमजन को जागरूक कर रहे हैं। डीएसपी गुहला रमेश गुलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कैथल पुलिस द्वारा 12 जून से चले इस



अभियान दौरान 10 दिन मध्य करीब 150 प्रोग्राम आयोजित करके करीब 20 हजार लोगों को अभियान में शामिल करके नशा न करने बारे जागरूक किया गया। इसके साथ साथ पुलिस टीम द्वारा आमजन को नशा न करने की शपथ भी दिलवाई जा रही है। डीएसपी ने बताया कि टीम द्वारा आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा कि हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। नशा हमारे जीवन को धीरे-धीरे अंधकार की ओर ले जाता है और जो लोग नशे के आदि हो जाते हैं, जब उन्हें नशे के दुष्परिणाम बारे पता चलता है, तब तक उनके घातक परिणाम सामने आने लगते हैं और वे लोग नशे के गुलाम बन जाते हैं। जिसके बाद वे लोग नशे की पूर्ति के लिए अपराध की ओर बढ़ जाते हैं। जिसका परिणाम उसके माता-पिता, भाई-बहन, बच्चों व अन्य रिश्तेदारों को भुगतना पड़ता है। गुलिया ने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों के साथ बैठकर उनसे बातें करें। आपका बच्चा क्या कर रहा है, इस बात पर ध्यान दें। समय पर अपने बच्चों के मोबाइल फोन को भी चेक करें, कहीं आपका बच्चा किसी अपराधी किस्म के व्यक्ति के संपर्क में तो नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर आपके आस-पास कहीं पर भी कोई नशा बेचता है, तो आप उसकी सूचना डायल 112 पर दें। सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जाएगा और नशा सौदागरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**जागरूक किया**

नशा न करने बारे जागरूक कर रही है तथा युवा वर्ग को खेलों की तरफ रुझान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा

## न्यूज फ्लैश

### बुजुर्ग महिला से बुढ़ापा पेंशन छीनकर भागा लुटेरा

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला थाने के अन्तर्गत आने वाले गांव खरौदी में एक लुटेरे द्वारा एक बुजुर्ग महिला से उसकी बुढ़ापा पेंशन छीन कर भाग गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला बैंक से अपनी पेंशन निकलवाकर घर रही थी, तो जब वह मुख्य सड़क से अपने घर जाने वाली गली में मुड़ी, तो सामने से एक बाइक सवार आया और वह कुछ दूरी पर बाइक रोककर बुजुर्ग के पास आया और जबरन पेंशन छीनकर भाग गया। बुजुर्ग ने शोर मचाया परंतु जब तक आसपास के लोग आते तब तक लुटेरा मौके से चम्पत हो चुका था। उक्त मामले बारे पुलिस को सूचित कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर के दौरान सुनी नागरिकों की समस्याएं

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** सोमवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनीं गई और संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा उनका समाधान भी किया गया। एसडीएम अजय हुड्डा के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निपटारा करना है, ताकि लोगों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में राजस्व, बिजली, पेयजल, पेंशन, परिवार पहचान पत्र, सड़क, स्वच्छता तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। सरकार नागरिकों को बेहतर एवं पारदर्शी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। समाधान शिविर लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं, जिससे आमजन को राहत मिल रही है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मेघनवास गांव में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं एवं कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम जागरूकता शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिगड़ा के तत्वावधान में गांव मेघनवास में कन्या भ्रूण हत्या रोकने, लिंगानुपात में सुधार लाने तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बेटियों के महत्व, उनकी शिक्षा तथा समाज में समान अवसर प्रदान करने के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अरुण चौधरी, स्वास्थ्यकर्मी ऋषिराज आर्य तथा आशा कार्यकर्ता शर्मिला, आंगनबाड़ी वर्कर अनीता व मंजू उपस्थित रहीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बाल विवाह के दुष्प्रभावों तथा बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अरुण चौधरी उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने तथा बेटियों को शिक्षा एवं सम्मान देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, लिंगानुपात में सुधार लाना तथा बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मी ऋषिराज आर्य ने ग्रामीणों को प्रसव पूर्व लिंग जांच की रोकथाम, महिलाओं के स्वास्थ्य तथा बालिका शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी।

# कुख्यात अपराधी गोपाल पुलिस मुठभेड़ में ढेर



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़, 22 जून।** हरियाणा में अपराध एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हरियाणा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। सोनीपत पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग करने वाले कुख्यात अपराधी गोपाल को पुलिस की जवाबी कार्रवाई में ढेर कर दिया गया। मुठभेड़ के दौरान हेड कांस्टेबल देवेंद्र घायल हुआ है, जिसका उपचार जारी है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

**अपराध के खिलाफ निर्णायक अभियान जारी, घायल पुलिसकर्मी के इलाज का पूरा खर्चा उठाएगी हरियाणा पुलिस : डीजीपी**

डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि हरियाणा पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई कर रही है। हाल के समय में हरियाणा पुलिस द्वारा कुख्यात अपराधियों, गैंगस्टरों और संगठित अपराध से जुड़े तत्वों के खिलाफ लगातार की गई कार्रवाइयों से स्पष्ट संदेश गया है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि सोनीपत पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई हरियाणा पुलिस की अपराध नियंत्रण रणनीति की एक और महत्वपूर्ण सफलता है। उन्होंने कहा कि किसी भी अपराधी को भय, आतंक और असुरक्षा का वातावरण पैदा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती तथा कानून के दायरे में रहते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। डीजीपी ने घायल मुख्य सिपाही देवेंद्र के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान बहादुरी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले घायल पुलिसकर्मी के इलाज का पूरा खर्चा हरियाणा पुलिस द्वारा वहन किया जाएगा।। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस आमजन की सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# तोशाम विधान सभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का हो रहा है बेहतर क्रियानवनः संदीप कुमार

**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम, 22 जून । तोशाम विधान सभा क्षेत्र के** पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के निदेर्शानुसार वर्ष 2026 के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम का बेहतर क्रियानवन हो रहा है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्यक्रम को समयबद्ध एवं निष्पक्ष तरीके से पूरा करके लोकतांत्रिक प्रजातंत्र प्रक्रिया को और अधिक मजबूत व पारदर्शि प्रणाली के भागीदार बने।

पंजीयन अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि तोशाम विधान सभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सफलता पूर्वक संचालित हो रहा है।



निर्वाचन आयोग द्वारा जारी शैड्यूल के अनुसार उन्होंने बताया कि गत 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाना है, इसके साथ ही 14 जुलाई तक मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन किया जाएगा।

संदीप कुमार ने आगे बताया कि 21 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा, जबकि दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाने की अवधि 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके बाद 21 जुलाई से 18 सितंबर 2026 तक दावों एवं आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तोशाम विधान सभा क्षेत्र की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा।

एसआईआर के जागरूकता अभियान मे बीएलए के साथ आँगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी जोड़ा गया है। जोकि गावों में मतदाता जागरूकता कर्यक्रमो में बीएलए के साथ रहकर लोगों को जागरूक करेंगी।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटि रहित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से इस विशेष अभियान के भागीदार बने, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की आमजन एवं मतदाताओं की सुविधा के लिए तोशाम निर्वाचन कार्यालय में संपर्क केंद्र एवं टोल फ्री नंबर 1950 स्थापित किया गया है।

**प्रक्रिया**

21 जुलाई से 18 सितंबर 2026 तक दावों एवं आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी

## मां बनभौरी मंदिर चीका में 27 को होगा मूर्ति स्थापना समारोह

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** स्थानीय मां बनभौरी मंदिर चीका में 27 जून को भगवान श्री लक्ष्मी नारायण मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर के मुख्य पुजारी रामनिवास कौशिक ने बताया कि मूर्ति स्थापना से पूर्व 23 तारीख को कलश यात्रा निकाली जाएगी और 25 को शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

## पानीपत जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की तीन दिवसीय 15वीं जिला ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 22 जून (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आर्य पीजी कॉलेज के बैडमिंटन हॉल में आयोजित तीन दिवसीय 15वीं जिला ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि उद्योगपति पंकज कपूर ने शिरकत की। प्रतियोगिता में पुरुष युगल में आदित्य मलिक व कार्तिक मलिक ने प्रथम और अभिषेक वत्स एवं विश्वेंद्र दूसरे स्थान पर रहे। मिश्रित युगल के विजेता अभिषेक वत्स एवं भक्ति रहे। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के पुरुष एकल में ईशान नांदल ने सुधांशु को, महिला एकल में अस्मी कादियान ने अभिश्री जेना को हराकर खिताब जीते, जबकि अंडर-11 बालिका वर्ग में खुशी ने एकल व युगल दोनों में प्रथम तथा यामिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और अंडर-13 बालक वर्ग में अशमान विजेता व हेमंत उपविजेता रहे। इस अवसर पर पीडीबीए के प्रधान जुगल डावर, सचिव मुकेश मदान, खजांची सतीश महाजन, मीडिया प्रभारी ओपी राणोलिया, उप प्रधान दिनेश संधूजा, सुरेंद्र शर्मा, दीपक बजाज, टेक्निकल एडवाइजर विपन शर्मा आदि मौजूद रहे।




# चानौत गांव का जल आंदोलन 38वें दिन भी जारी

**हांसी (दिनकर गावड़ी):** चानौत गांव में पीने के पानी की मांग को लेकर चल रहा धरना आज लगातार 38वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर आज दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ अध्यक्ष रौनक खत्री, ठरवक के रोहित दलाल, युवा कांग्रेस से विकास ढांडा व सोविन बेरवाल, आम आदमी पार्टी नेता राजेंद्र सोरखी और रमेश पान्नू सहित कई लोगों ने पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। धरना कमेटी की ओर से सत्यवान सरपंच और अनूप चानौत ने एक्सईएन संजीव त्यागी द्वारा केस दर्ज करने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अधिकारियों को मुकदमे दर्ज करने की बजाय टी को कानूनी मान्यता देने और पाइपलाइन निर्माण की दिशा में काम करना चाहिए, ताकि जल्द से जल्द पाइपलाइन का कार्य शुरू हो और शहर व चानौत



गांव के लोगों को पीने का पानी मिल सके।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का आंदोलन शांतिपूर्ण और जनहित से जुड़ा हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि टी को कानूनी मान्यता दी जाए, धरना दे रहे ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं और टी से लेकर चानौत जलघर तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया जाए। कमेटी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक इन मांगों पर समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और पाइपलाइन का काम शुरू नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि उनका संघर्ष चानौत गांव के लोगों के लिए स्थायी पेयजल व्यवस्था की मांग को लेकर है। इसमें सरकार कि तरफ से टी की व्यवस्था तो हमारी हो गई है बस उसके आगे की पाइपलाइन भी जल्दी बिछाकर चानौत गांव के जलघर तक पहुंचाया जाए और गांव की बाकी मांगे भी जल्द पूरी की जाएं।

# यदि किसी ने अपने जीवन मे भक्ति ज्ञान वैराग्य को जगाना है, तो भागवत की शरण मे जाना ही पड़ेगाः रक्षा सरस्वती

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** श्री भवानी मंदिर चीका में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन का शुभारंभ मुख्यजमान निर्मल शर्मा धर्मपत्नी धर्मपाल शर्मा ने सपरिवार आरती में शामिल होकर पूजा अचर्ना की। कथा वाचिका परम पूज्य देवी रक्षा सरस्वती वृंदावन द्वारा बताया गया कि जीवन मे भक्ति ज्ञान वैराग्य को जगाना है, तो भागवत की शरण मे जाना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही सभी जीवों के पाप नष्ट हो जाते हैं। कथा वाचक द्वारा भक्ति, ज्ञान वैराग्य की कथा को भक्तों के समक्ष बड़े ही सुंदर भाव मे ज्ञान रूपी गंगा में भक्तों के गोते लगवाए। उन्होंने बताया कि भक्ति देवी ने नारद से प्रार्थना की कि किस विधि द्वारा मेरे पुत्र ज्ञान व वैराग्य की जवानी वापस आ सकती हैं। परंतु नारद द्वारा बार-बार मंत्रों के



उच्चारण द्वारा भी ज्ञान व वैराग्य का कष्ट दूर न हुआ, तो भविष्यवाणी हुई कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से इनका कष्ट दूर होगा। नारद ने उनको श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करवाया, जिसके प्रभाव से ज्ञान व वैराग्य तरुण अवस्था को प्राप्त हुए। उसके बाद कथा वाचक ने धुंधकारी चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिस प्रकार धुंधकारी महाप्रेत ने कथा को श्रवण किया और उसके प्रभाव से वो प्रेत योनि को छोड़कर भगवान के दिव्य धाम को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि दूसरे की पीड़ा को समझने वाला और मुसीबत में दूसरों की सहायता करने के समान कोई पुण्य नहीं है। इस अवसर पर राजीव शर्मा, बलबीर सैनी, कुलदीप माजरा, राजेश राजू बावा, मोती राम गर्ग, कृष्ण धीमान, वैध सत्यनारायण, हरपाल शर्मा, गुरदीप ढांडा, विक्की जांगड़ा, पुनीत शर्मा, सुरेश शास्त्री, सोमदत्त, संजीव कौशिक क्योड़क, सुभाष शर्मा, गुरबख्श सीड़ा, राजपाल राविश व अजय शर्मा आदि भी माजूद रहे।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# भव्य हरियाणा राज्य शतरंज चैंपियनशिप का हुआ आयोजन, 206 खिलाड़ियों ने 5 वर्गों में लिया भाग

**प्रतियोगिता**

**40वीं हरियाणा राज्य महिला शतरंज चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के सेक्टर-14 स्थित वाटिका लॉन्स में 30वीं हरियाणा राज्य अंडर-7 ओपन एवं बालिका शतरंज चैंपियनशिप, 30वीं हरियाणा राज्य अंडर-11 ओपन एवं बालिका शतरंज चैंपियनशिप तथा 40वीं हरियाणा राज्य महिला शतरंज चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करनाल नगरी शतरंज संघ द्वारा हरियाणा शतरंज संघ के तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में हरियाणा के 13 जिलों से कुल 206 खिलाडि?ों ने भाग लिया, जो प्रदेश में शतरंज की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है।

प्रतियोगिता का आयोजन पाँच वर्गों : अंडर-7 ओपन, अंडर-7 बालिका, अंडर-11 ओपन, अंडर-11 बालिका एवं महिला ओपन में किया गया। खिलाडि?ों को उत्कृष्ट सुविधाएँ प्रदान करते हुए पूर्णतः वातानुकूलित खेल हॉल उपलब्ध कराया गया, जिससे वे पूरे ध्यान और आराम के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें।

कार्यक्रम प्रबंधन की जिम्मेदारी दीप्ती सुखीजा ने संभाली, जिन्होंने अपनी समर्पित टीम के साथ मिलकर प्रतियोगिता का सफल एवं अनुशासित संचालन सुनिश्चित किया। दो दिवसीय आयोजन के दौरान खिलाडि?ों के लिए जलपान एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी उत्तम व्यवस्था की गई।

पुरस्कार वितरण समारोह में हरियाणा शतरंज संघ के चेयरमैन नरेश शर्मा एवं करनाल नगरी शतरंज संघ के अध्यक्ष साहिल सुखीजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं को बधाई दी तथा युवा खिलाडि?ों को शतरंज के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-अंडर-7 ओपन वर्ग में आदर्श रस्तोगी (गुरुग्राम) ने प्रथम, हिताथ गोयल (सिरसा) ने द्वितीय और एहान बंसल (गुरुग्राम) ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर-7 बालिका वर्ग में गिरिशा देशवाल (गुरुग्राम) ने प्रथम, एवारा सिंह (फरीदाबाद) ने द्वितीय और सांवी (गुरुग्राम) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-11 ओपन वर्ग में विहान (फतेहाबाद) प्रथम, शिवित जैन (गुरुग्राम) द्वितीय और श्लोक गणेश बच्छाव (गुरुग्राम) तृतीय स्थान पर रही।

इसी प्रकार अंडर-11 बालिका वर्ग में नव्या अग्रवाल (गुरुग्राम) ने प्रथम स्थान, जानवी (फतेहाबाद) ने द्वितीय स्थान और पद्मजा एजी (गुरुग्राम) ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला ओपन वर्ग में आहाना गुलाटी (गुरुग्राम) प्रथम, आंचल अरोड़ा (सिरसा) द्वितीय और राधिका शर्मा (फरीदाबाद) तृतीय स्थान पर रही।

# दो दिवसीय अंडर-14 फुटबॉल टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन

**प्रदर्शन**

**खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और बेहतरीन प्रदर्शन का परिचय दिया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** सनातन मंच सेवा सभा द्वारा बीजीएस फुटबॉल अकादमी के सहयोग से 20 व 21 जून को शाखा ग्राउंड, बरनाला रोड, बलदेव नगर में आयोजित दो दिवसीय अंडर-14 फुटबॉल टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हुआ। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और बेहतरीन प्रदर्शन का परिचय दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति जितेंद्र कनोजिया, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अनमोल सोबती, मनीष शर्मा, डॉ. निधि जैन, डॉ. परवीन गुप्ता एवं स्मृति हौंडा से रीतू कालड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सनातन मंच सेवा सभा के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सनातन मंच सेवा सभा के सचिव महेश दत्त वशिष्ठ ने बताया कि संस्था द्वारा पहली बार बीजीएस फुटबॉल अकादमी के सहयोग से इस स्तर का फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली एम.एम. इंटरनेशनल सदोपुर की टीम को ?21,000 नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता टीम को ?11,000 नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए तथा रनर-अप टीम को भी ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया।महेश दत्त वशिष्ठ ने बताया कि वे स्वयं भी हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं और उन्होंने महसूस किया कि कई प्रतिभाशाली बच्चे संसाधनों के अभाव में अपने खेल सपनों को पूरा नहीं कर पाते। इसी सोच के साथ उन्होंने जरूरतमंद खिलाड़ियों को सहयोग देना शुरू किया और वर्तमान में 38 बच्चों को खेलों से जुड़ी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाड़ियों, कोचों और आयोजकों को सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को लगातार जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# समाधान शिविर आयोजित, उपायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर आयोजित करने का उदेश्य आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है। सभी विभाग आपसी-समन्वय बनाकर लोगों की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त आज अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे।





उपायुक्त ने शिविर में पहुचे प्रार्थियों की समस्याओं को क्रमवार सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर मुख्यमंत्री द्ववारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उदेश्य लोगों की समस्याओं का जल्द और संतोषपूर्ण समाधान करना है। इसी ध्येय के साथ सभी अधिकारी कार्य करें और लोगों की शिकायतों का निपटान करें। शिकायतों के मध्यनजर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

उपायुक्त ने लोगों से आहवान किया कि वे अपनी समस्याएं समाधान शिविरो मे रखें और इन शिविरों का लाभ उठाएं। यह शिविर प्रत्येक सप्ताह सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहें है। जोकि जिला स्तर के साथ-साथ उपमंण्डल स्तर पर भी लगाएं जाते है।

इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, जिला न्यायवादी जेबी सिंह, समाज कल्याण विभाग से इन्वेस्गिटेर अवतार सिंह, लोक निर्माण विभाग से जेई संदीप, जिला खादय एवं आपूर्ति विभाग से मनोज कालिया के साथ-साथ अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहें।

# 2.71 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** थाना इंद्री की टीम ने नशा तस्करी के आरोपी आलोक पुत्र राजकुमार वासी गढ़ी गुजरान थाना इंद्री जिला करनाल को इंद्री के क्षेत्र से काबू किया। आरोपी के कब्जे 2.71 ग्राम स्मैक बरामद की गई।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि थाना की टीम गश्त एवं अपराध रोकथाम के दौरान क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान टीम ने गुप्त सूचना एवं संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को काबू किया।

पूछताछ एवं तलाशी लेने पर आरोपीयो के कब्जे से 2.71 ग्राम स्मैक नशीला पदार्थ बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ थाना इंद्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# डॉक्टर अर्चना गुप्ता हमारी बेटी/बहन है: राजेन्द्र कुमार



**समालखा:22 जून (संजय नरवाल)** डॉक्टर अर्चना गुप्ता ही थी जिन्होंने हमारी सभा को पहचान दिलाई और सरकार से आर्थिक मदद दिलवाने में मदद की।भाई संजय नरवाल के साथ मन्दिर परिसर में पौधा लगाकर संस्था में नई ऊर्जा भरी। उन्हीं के आश्वासन के बाद लगभग पूरे समाज ने भाजपा का हर चुनाव में बढ़ चढ़कर साथ दिया। हम भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का डॉक्टर अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर मंदिर में उपस्थित लोगों ने धन्यवाद किया। मौजूदा गणमान्य लोगों कि बैठक में निर्णय लिया गया कि हम अपनी बेटी का मन्दिर में बुला कर शानदार स्वागत करेंगे।उससे पहले समाज का प्रतिनिधि दल उनसे मिलकर मन्दिर परिसर में आने के लिए निमंत्रण देंगे। इस अवसर पर प्रधान राजेंद्र कुमार, पूर्व प्रधान राजेश (राजू) हया, पूर्व प्रधान रामकुमार राठी, शाहब सिंह रंगा, संजय नरवाल,रणधीर नरवाल,मास्टर धर्म सिंह, पाले राम,उपप्रधान राज हल्दाना, बलवान, खजांची सुरेंद्र भापरा, दयानंद मास्टर, शिवचरण, राजकुमार, सिल्क राम बांध सहित दर्जनों व्यक्ति मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### धान की सीधी बिजाई करने पर 4500 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशिः आनंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा लगातार गिरते भूजल स्तर को बचाने और किसानो की लागत कम करने के लिए ध्यान की सीधी बिजाई (डीएसआर) योजना चलाई गई है। इस योजना के तहत जल संरक्षण और कृषि लागत को कम करने के उद्देश्य से जो किसान पारंपरिक तरीके से धान की रोपाई के बजाय सीधी बिजाई करते है, उन्हें राज्य सरकार द्वारा 4500 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

उपायुक्त ने बताया कि धान की सीधी बिजाई से धान की खेती करने पर पांरपरिक रोपाई की तुलना में लगभग 25 से 35 प्रतिशत तक कम पानी लगता है। नर्सरी तैयार करने, पौधों को उखाडने. और रोपाई करने की कोई आवश्यकता नहीं होती, इसमें मजदूरों और समय दोनों की बचत होती है। उन्होंने बताया कि खेतों में पानी भरकर न रखने ;पडलिंग न करनेद्ध से मीथेन गैस का उत्सर्जन घटता है और भूमि की पानी ग्रहण करने की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने जिला के सभी किसानों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक धान की सीधी बिजाई करके जल सरंक्षण की मुहिम में साथ दें, अपनी लागत कम करें एवं समय बचायें तथा विभाग द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का भी लाभ उठायें। उन्होंने बताया कि सीधी बिजाई के दौरान किसानों को कुछ सावधानियां बरतनी चाहिएं। उन्होंने बताया कि बुवाई से पहले खेत को लेजर लैंड लेवलर से समतल अवश्य करें। सीधी बिजाई में खरपतवार की समस्या अधिक होती है इसके लिए बुवाई के तुरंत बाद या अगले 24 से 48 घंटो के भीतर (खेत में पर्याप्त नमी होने पर) दवा का छिडकाव करें।

### बाबा नटराज गिरी को श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों को लगा हुआ है तांता

**बाबैन, 22 जून (विजय कौशिक):** बाबैन स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध उपज्योतिलिंग नागेश्वर महादेव मंदिर में हाल ही में हुए दुखद हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर बनी हुई है। मंदिर परिसर में स्थित लगभग 108 फुट ऊंचा विशाल गुंबद अचानक गिर जाने से मंदिर के सेवादार एवं समर्पित साधु बाबा नटराज गिरी मलबे के नीचे दब गए थे, जिनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत मंदिर परिसर में ही उनकी समाधि स्थापित की गई है।

इस हृदय विदारक घटना के बाद बाबैन सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु लगातार मंदिर पहुंचकर दिवंगत बाबा नटराज गिरी को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। वहीं विभिन्न धार्मिक संस्थाओं और अखाड़ों से जुड़े साधु-संत भी मंदिर में पहुंचकर शोक व्यक्त कर रहे हैं तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

मंदिर के संरक्षक महंत त्रिकाल गिरी जी महाराज ने बताया कि बाबा नटराज गिरी ने वर्षों तक मंदिर की सेवा करते हुए धर्म और समाज के प्रति समर्पण का परिचय दिया। उनकी असामयिक मृत्यु से न केवल मंदिर परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि इस दुःखद घटना से क्षेत्र के लोगों में गहरा शोक है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे हैं।

महंत त्रिकाल गिरी जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 जून को साधु-संतों का एक विशेष जत्था बाबैन पहुंचेगा, जो बाबा नटराज गिरी के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देगा। इस अवसर पर बाबा नटराज गिरी के आध्यात्मिक जीवन, सेवा भाव और मंदिर के प्रति उनके योगदान को याद किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बाबा नटराज गिरी का जीवन सादगी, सेवा और अध्यात्म का प्रतीक था। उनकी स्मृतियां सदैव श्रद्धालुओं और मंदिर परिवार के हृदय में जीवित रहेंगी।

# दीवार तोड़कर वेल्डिंग की दुकान से सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के मेरठ रोड पर स्थित एक वेल्डिंग की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए दुकान की पिछली दीवार तोडकर अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना का पता सुबह उस समय चला, जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा। चोर दुकान से कीमती सामान चोरी कर ले गए, जिससे करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। दुकान मालिक रवि ने बताया कि वह रोजाना की तरह शाम को अपनी दुकान को अच्छी तरह बंद करके घर गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा और शटर उठाया तो अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गया। दुकान की पिछली दीवार टूटी हुई थी और अंदर रखा सामान गायब था। चोर दीवार तोडकर अंदर घुसे और सामान लेकर फरार हो गए।

रवि ने बताया कि उसकी दुकान पर यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी तीन बार चोरी हो चुकी है। हर बार पुलिस को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक किसी भी मामले में चोरों का पता नहीं चल पाया है। लगातार हो रही घटनाओं से दुकानदार परेशान है।

दुकानदार के अनुसार दुकान का पिछला हिस्सा सुनसान क्षेत्र में पड़ता है, जहां आवाजाही बहुत कम रहती है। इसी का फायदा उठाकर चोर दीवार तोडकर अंदर घुस जाते हैं। सामने की ओर मुख्य सडक होने के कारण गतिविधि रहती है, लेकिन पीछे से चोरी करना आसान हो जाता है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड? का प्रयास किया जाएगा।

# लड़की के विवाद में परिवार पर फायरिंग, मां-बेटे समेत तीन घायल

**खुलासा**

**नीलोखेड़ी के पोल्ट्री एरिया में देर रात को परिवार पर फायरिंग के मामले में नया खुलासा हुआ है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के नीलोखेड़ी के पोल्ट्री एरिया में देर रात को एक परिवार पर फायरिंग के मामले में नया खुलासा हुआ है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश और लडकी से जुड़े विवाद को लेकर घर के बाहर आकर हमला किया था। हमलावरों ने छर्रे वाली पिस्टल से फायर किए, जिसमें परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालाकि पुलिस द्वारा अभी फायरिंग की पुष्टि नहीं की गई है।

पोल्ट्री एरिया नीलोखेड़ी निवासी सीमा पत्नी धर्मचंद, सचिन पुत्र कर्मचंद और आकाश पुत्र धर्मचंद पर हमला किया गया। आरोप है कि अस्पताल एरिया नीलोखेड़ी निवासी योगेश कपूर ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर के बाहर आकर दो से तीन राउंड फायर किए। फायरिंग में तीनों घायल हो गए। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए पहले नागरिक अस्पताल नीलोखेड़ी और फिर तरावड़ी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी नीलोखेड़ी के इंचार्ज सुल्तान सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हालात का जायजा लिया और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मामले में आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

सूत्रों के अनुसार आरोपी योगेश कपूर पहले भी अक्सर सचिन और आकाश के घर के आसपास आता-जाता था। इस बात को लेकर कई बार कहासुनी हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि घटना के समय उसके साथ नीलोखेड़ी निवासी गोल्डी भी मौजूद था।

परिजनों ने बताया कि यह विवाद करीब डेढ़ साल पुराना है। लडकी से जुड़े मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले भी तनाव रहा है। परिवार का कहना है कि अगर कोई बात थी, तो बातचीत से सुलझाई जा सकती थी, लेकिन इस तरह हमला करना गलत है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि हमलावर पिस्टल के साथ-साथ गंडासी और चाकू जैसे हथियार लेकर आए थे। उन्होंने अचानक हमला कर दिया और सीधे परिवार के लोगों को निशाना बनाया।

प्रत्यक्षदर्शी महिला ने बताया कि घटना से पहले आरोपी युवक मोहल्ले में घूम रहा था। उसे कई बार आने से मना किया गया था। घटना वाले दिन भी उसे समझाया गया, लेकिन वह नहीं माना और झगड़ा करने लगा। बात बढ़ते-बढ़ते हाथापाई तक पहुंच गई। इसके बाद वे पुलिस चौकी भी गए, लेकिन लौटने पर आरोपी फिर घर के बाहर खड़ा मिला। महिला के अनुसार आरोपी ने दोबारा झगड़ा किया।

# परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**शाहाबाद मारकंडा,(प्रदीप कुमार) रविवार**
देर शाम शाहाबाद के गांव लण्डी दाऊमजारा स्थित अधिवक्ता सुरेंद्र टिवाना के फार्म हाउस पर परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना, हरियाणा सरकार में व्यापारिक कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन राकेश बिंदल तथा हरियाणा सरकार में 48 कोस परिक्रमा बोर्ड सदस्य, कुरुक्षेत्र सुशील राणा ने शिरकत की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर समारोह के आयोजक अधिवक्ता



सुरेंद्र टिवाना एवं अन्य गणमान्य लोगों ने मुख्य अतिथियों का फूल-मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुभाष कलसाना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत के बल पर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं, वे अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही बच्चे नई ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं। वहीं हरियाणा सरकार में व्यापारिक कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन राकेश बिंदल ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज और राष्ट्र को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अपनाएं और समाज के जिम्मेदार नागरिक बनें। उन्होंने कहा कि आज सम्मानित होने वाले विद्यार्थी आने वाले समय में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। हरियाणा सरकार में 48 कोस परिक्रमा बोर्ड सदस्य सुशील राणा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को निरंतर सीखते रहने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के आयोजक अधिवक्ता सुरेंद्र टिवाना ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

# वाटिका सिटी सेंट्रल में भव्य योग शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** विश्व योग दिवस के अवसर पर भारतीय योग संस्थान रजिस्टर्ड (अर्बन इकाई अम्बाला), क्रीड़ा भारती एवं ग्रेट गुड मॉर्निंग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गत दिवस वाटिका सिटी सेंट्रल में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक पवन गर्ग रहे।

अर्बन ईकाई के प्रधान श्री पवन सिंगला जी और उनकी टीम ने शिविर में क्रीड़ा भारती की ओर से दीपक जी तथा ग्रेट गुड मॉर्निंग क्लब की ओर से अनिल गोयल की विशेष सहभागिता रही।



योग शिविर में लगभग 200 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन एवं भारतीय संस्कृति के इस अमूल्य उपहार को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा नियमित योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को नियमित योग करने के संदेश के साथ किया गया। योग के प्रति लोगों के उत्साह और सहभागिता ने इस आयोजन को सफल एवं प्रेरणादायी बना दिया।

# जब परीक्षा केंद्र बने सुरक्षा किले: क्या यही शिक्षा का भविष्य है?

## संपादकीय

### विषाक्त ओटीटी का वैचारिक उद्योग

**भारत** में मनोरंजन के नाम पर ओटीटी मंचों पर जो सामग्री परोसी जा रही है, उसे केवल ₹रचनात्मक स्वतंत्रता₹ का परिणाम कहकर अनदेखा नहीं किया जा सकता। यह अब केवल वेब-श्रृंखलाओं, फिल्मों या नई पीढ़ी की पसंद का विषय नहीं रह गया है। अनेक मामलों में यह एक व्यापक सांस्कृतिक और वैचारिक प्रवृत्ति का हिस्सा दिखाई देता है, जिसके माध्यम से भारतीय समाज, उसकी परंपराओं, परिवार संस्था और विशेष रूप से हिंदू सांस्कृतिक प्रतीकों को एक निश्चित दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया जा रहा है। ओटीटी की दुनिया में हिंसा, अश्लीलता, गाली-गलौज, अपराध और सामाजिक विघटन को केवल दिखाया ही नहीं जाता, बल्कि कई बार उन्हें सामान्य और स्वीकार्य जीवन-शैली के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह तर्क दिया जाता है कि समाज में जो कुछ मौजूद है, वही दिखाया जा रहा है। किंतु प्रश्न यह है कि क्या समाज केवल अपराध, भ्रष्टाचार और विकृत संबंधों से ही बना है? क्या भारतीय जीवन में त्याग, करुणा, आस्था, परिवार, सामाजिक सहयोग, मातृत्व, शौर्य और सांस्कृतिक चेतना जैसी सकारात्मक शक्तियाँ नहीं हैं? समस्या तब उत्पन्न होती है जब किसी समाज के हजारों रंगों में से बार-बार केवल उसका सबसे अंधकारमय और विकृत पक्ष ही चुना जाए। यह यथार्थ का संतुलित चित्रण नहीं, बल्कि चयनित यथार्थ की प्रस्तुति बन जाता है। अनेक लोकप्रिय श्रृंखलाओं और फिल्मों में भारतीय समाज, विशेषकर ग्रामीण और पारंपरिक समाज को इस प्रकार दिखाया जाता है मानो वहाँ केवल जातीय घृणा, अपराध, पाखंड और दमन ही मौजूद हो। इस प्रवृत्ति का सबसे चिंताजनक पक्ष यह है कि हिंदू समाज को अक्सर स्थायी दोषी या खलनायक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। जाति, पितृसत्ता, धार्मिक पाखंड, सामाजिक हिंसा अथवा नैतिक विघटन जैसे विषयों में नकारात्मक पात्रों का संबंध प्रायः पारंपरिक या धार्मिक पृष्ठभूमि से जोड़ा जाता है। इससे धीरे-धीरे दर्शकों के मन में यह धारणा बन सकती है कि भारतीय परंपरा स्वयं समस्याओं की जड़ है। यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि समाज की बुराइयों को दिखाना गलत नहीं है। कला और साहित्य का दायित्व ही है कि वे समाज की कमजोरियों पर प्रकाश डालें। किंतु यदि हर कथा का निष्कर्ष यही हो कि धर्म, परिवार, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत मूलतः दमनकारी हैं, तो यह आलोचना से आगे बढ़कर सभ्यतागत अभियोग का रूप ले लेता है। आत्मालोचना किसी भी समाज के विकास के लिए आवश्यक है, लेकिन आत्मालोचना और आत्मद्वेष में स्पष्ट अंतर होता है। पिछले कुछ वर्षों में जब धार्मिक प्रतीकों और आस्थाओं पर सीधे प्रहार करने वाली सामग्री का विरोध हुआ, तब अभिव्यक्ति की शैली में परिवर्तन दिखाई दिया। अब प्रत्यक्ष आक्रमण कम और अप्रत्यक्ष सांस्कृतिक विघटन अधिक दिखाई देता है। परिवार को विषैला, विवाह को बंधन, पुरुषत्व को हिंसक, परंपरा को पिछड़ा और धार्मिकता को पाखंड के रूप में प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसके विपरीत सामाजिक अराजकता, नैतिक सीमाओं के विघटन और व्यक्तिगत स्वच्छंदता को आधुनिकता और स्वतंत्रता का पर्याय बताया जाता है।


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


आरके जैन

> "इस बार परीक्षा सफल रही, विवादों से अपेक्षाकृत मुक्त रही और लाखों छात्रों के परिश्रम को न्याय मिलने की संभावना मजबूत हुई। यह उपलब्धि छोटी नहीं है। फिर भी यह घटना चेतावनी देती है कि केवल सुरक्षा बढ़ाना समाधान नहीं है। मां-बाप के सपनों से जुड़ी यह व्यवस्था कब तक चलेगी? क्या हम अपने युवाओं को पंख देकर उड़ाना चाहते हैं या उन्हें बायोमेट्रिक सलाखों के बीच भविष्य तलाशने के लिए छोड़ देना चाहते हैं? निष्पक्षता आवश्यक है, पर गरिमा भी उतनी ही आवश्यक है। असली विजय तब होगी जब परीक्षा केंद्र से बाहर निकलता छात्र केवल राहत नहीं, सम्मान और आत्मविश्वास भी महसूस करें"

**21** जून 2026 को नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा समाप्त हुई। परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते लाखों विद्यार्थियों के चेहरों पर राहत थी, लेकिन आंखों में एक अनकहा बोझ भी झलक रहा था। देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में शामिल इस परीक्षा को अभूतपूर्व सुरक्षा घेरे में आयोजित किया गया। 22 लाख से अधिक अभ्यर्थियों, 95 हजार परीक्षा कक्षों, 1.38 लाख सीसीटीवी कैमरों, 51 हजार जैमरों, हजारों बायोमेट्रिक कर्मचारियों और कड़ी फ्रिस्किंग के बीच परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पेपर लीक की आशंकाएं लगभग समाप्त रहीं और परिणामों पर विश्वास बहाल होने की उम्मीद जगी। इसके लिए एनटीए और केंद्र सरकार बधाई के पात्र हैं। लेकिन इस सफलता के बीच एक सवाल खड़ा है–क्या निष्पक्षता की यह कीमत हमारी युवा पीढ़ी की गरिमा और मानसिक शांति से वसूली जानी चाहिए? पिछले वर्षों में बार-बार हुए पेपर लीक कांडों ने परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को गहरी चोट पहुंचाई थी। मई 2026 की घटना के बाद सरकार और एनटीए ने पूरे तंत्र को लगभग रीसेट कर दिया। प्रश्न-पत्र तैयार करने से लेकर उनके परिवहन तक अभूतपूर्व गोपनीयता बरती गई। रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ स्थानों पर भारतीय वायुसेना की सहायता से प्रश्न-पत्र पहुंचाए गए, जीपीएस ट्रैकिंग, पुलिस एस्कॉर्ट और एआई आधारित निगरानी तंत्र सक्रिय किए गए। राष्ट्रीय, राज्य और मंत्रालय स्तर पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग हुई। हजारों पर्यवेक्षक, साइबर निगरानी दल और खुफिया एजेंसियों का त्रिस्तरीय सुरक्षा नेटवर्क परीक्षा की हर गतिविधि पर नजर रखे रहा। यह व्यवस्था किसी शैक्षणिक आयोजन से अधिक एक राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान जैसी प्रतीत होती थी। इन उपायों का सकारात्मक परिणाम भी सामने आया। लाखों विद्यार्थियों को भरोसा मिला कि इस बार उनकी मेहनत संगठित नकल या पेपर लीक के कारण व्यर्थ नहीं जाएगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर खड़े



माता-पिता को भी संतोष था कि उनके बच्चों का भविष्य किसी अपराधी गिरोह या भ्रष्ट नेटवर्क के हाथों बंधक नहीं बनेगा। लंबे समय से अपेक्षित विश्वास बहाली की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम था। निष्पक्षता किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की आत्मा है और उसे बचाने के लिए कठोर कदमों का औचित्य स्वीकार किया जा सकता है। किंतु हर सफलता कुछ ऐसे प्रश्न भी छोड़ जाती है जिन्हें केवल आंकड़ों और प्रशंसाओं से ढंका नहीं जा सकता। सबसे बड़ा प्रश्न उस अनुभव का है जिससे विद्यार्थी गुजरे। आधार आधारित फेस रिकग्निशन, फिंगरप्रिंट सत्यापन, जेबों, कानों, जूतों और यहां तक कि कपड़ों की चेन, जिप तथा धागों तक की जांच–यह सब उस युवा पीढ़ी के साथ हुआ जो डॉक्टर बनने का सपना लेकर परीक्षा केंद्र पहुंची थी। 38,795 फ्रिस्किंग कर्मी और 48,448 बायोमेट्रिक कर्मचारी व्यवस्था की आवश्यकता रहे होंगे, लेकिन विद्यार्थियों के मन में यह अनुभव भी दर्ज हुआ कि उन पर पहले संदेह किया गया, बाद में विश्वास। कई अभ्यर्थियों ने स्वयं को अपराधियों की तरह टटोला जाता महसूस किया। यह भावना किसी परीक्षा की सफलता का हिस्सा नहीं होनी चाहिए। इस पूरी प्रक्रिया का मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। विशेषकर छात्राओं के लिए फ्रिस्किंग कई बार असहजता और तनाव का कारण बनी। यद्यपि महिला कर्मियों की नियुक्ति की गई थी, फिर भी मानसिक दबाव पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका। माता-पिता दूर खड़े अपने बच्चों को डिजिटल और भौतिक निगरानी के घेरे में प्रवेश करते देखते रहे। शिक्षा का मंदिर कई स्थानों पर सुरक्षा चौकी जैसा दिखाई देने लगा। यह दृश्य केवल परीक्षा व्यवस्था का नहीं, बल्कि उस सामाजिक अविश्वास का भी प्रतीक है जो धीरे-धीरे संस्थाओं और नागरिकों के बीच बढ़ता जा रहा है। जब एक छात्र परीक्षा देने से पहले स्वयं को संदिग्ध साबित होने से बचाने की प्रक्रिया से गुजरता है, तब कहीं न कहीं शिक्षा का मूल उद्देश्य भी आहत होता है। दरअसल समस्या का मूल कारण विद्यार्थी नहीं हैं। समस्या उस व्यवस्था में है जिसने वर्षों तक पेपर लीक, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक कमजोरियों को पनपने दिया। यदि परीक्षा प्रणाली पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीकी रूप से मजबूत होती, तो शायद इतनी कठोर सुरक्षा की आवश्यकता न पड़ती। राधाकृष्णन समिति की सिफारिशें, कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रणाली की ओर संक्रमण, उन्नत डिजिटल सुरक्षा उपाय तथा एनटीए में संरचनात्मक सुधार लंबे समय से चर्चा में रहे हैं। इस बार की सफलता सिद्ध करती है कि इच्छाशक्ति हो तो व्यवस्था सुधर सकती है। लेकिन यदि सुधार केवल सुरक्षा तक सीमित रहेगा और मूल समस्याएं जस की तस रहेंगी, तो हर वर्ष विद्यार्थियों को इसी प्रकार की कठिन और तनावपूर्ण प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। देश को अब तय करना होगा कि भविष्य की परीक्षा प्रणाली कैसी हो। क्या हम हर वर्ष युद्ध जैसी तैयारियां करेंगे, या ऐसे तकनीकी और संस्थागत सुधार विकसित करेंगे जिनसे सुरक्षा और सम्मान दोनों साथ चल सकें?
फ्रिस्किंग को अधिक संवेदनशील और कम अपमानजनक बनाया जा सकता है। बायोमेट्रिक सत्यापन में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जा सकता है। परीक्षा प्रक्रिया को चरणबद्ध, डिजिटल और लीक-प्रूफ बनाया जा सकता है। सुरक्षा का उद्देश्य भय नहीं, विश्वास पैदा करना होना चाहिए। यदि कोई व्यवस्था निष्पक्ष तो हो जाए, पर उसमें मानवीय गरिमा खो जाए, तो वह अधूरी सफलता ही कहलाएगी। नीट-2026 की पुनर्परीक्षा भारत की परीक्षा प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

इस बार परीक्षा सफल रही, विवादों से अपेक्षाकृत मुक्त रही और लाखों छात्रों के परिश्रम को न्याय मिलने की संभावना मजबूत हुई। यह उपलब्धि छोटी नहीं है। फिर भी यह घटना चेतावनी देती है कि केवल सुरक्षा बढ़ाना समाधान नहीं है। मां-बाप के सपनों से जुड़ी यह व्यवस्था कब तक चलेगी? क्या हम अपने युवाओं को पंख देकर उड़ाना चाहते हैं या उन्हें बायोमेट्रिक सलाखों के बीच भविष्य तलाशने के लिए छोड़ देना चाहते हैं? निष्पक्षता आवश्यक है, पर गरिमा भी उतनी ही आवश्यक है। असली विजय तब होगी जब परीक्षा केंद्र से बाहर निकलता छात्र केवल राहत नहीं, सम्मान और आत्मविश्वास भी महसूस करे।

## आस्था की कीमत जीवन से चुका रहे हैं श्रद्धालु ?

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**आए** दिन तीर्थ स्थलों मंदिरों स्नान और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को आस्था की कीमत जान देकर चुकानी पड़ रही है। हमारे मंदिरों तीर्थस्थलों पर व्यवस्थाएं इतना निम्न स्तर पर पहुंच चुकी हैं कि न भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन सटीक निर्णय ले पाता है न मंदिरों की व्यवस्था की जिम्मेदार प्रबंधन कमेटी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जागरूक हैं यही वजह है कि पुरी जगन्नाथ यात्रा से लेकर वैष्णो देवी धाम तक कुंभ स्नान से लेकर मनसा देवी पावागढ मंदिर तक हादसों में अनेक बेगुनाह श्रद्धालुओं को जीवन गंवाना पड़ता है। ताजा हादसा महाराष्ट्र के परभणी जिले की मानवत तहसील स्थित यशवाड़ी मारुति मंदिर में बीते शनिवार को हुआ दर्दनाक हादसा पूरे देश को झकझोर देने वाला है। मंदिर परिसर के सामने बना सभा मंडप अचानक भरभराकर गिर पड़ा, जिसके कारण कई श्रद्धालु मलबे में दब गए। प्रारंभिक रिपोटों में मृतकों की संख्या पांच बताई गई, जबकि बाद में विभिन्न स्थानीय स्त्रोतों और प्रशासनिक सूचनाओं में छह लोगों की मृत्यु तथा अनेक श्रद्धालुओं के घायल होने की जानकारी सामने आई। लगभग 30 से 40 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई गई थी और बचाव दलों ने घंटों तक राहत एवं बचाव अभियान चलाकर लोगों को बाहर निकाला। कई घायलों का उपचार विभिन्न अस्पतालों में जारी है। इस हादसे ने केवल महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे देश के सामने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या हमारी धार्मिक आस्था के केंद्र पर्याप्त रूप से सुरक्षित हैं। मंदिरों में होने वाली दुर्घटनाएं मुख्य रूप से भीड़ अनियंत्रित होने (भगदड़), कमजोर निर्माण (छत या पिलर गिरना), बिजली के करंट, या आग लगने के कारण होती हैं। महाराष्ट्र के परभणी के यशवाड़ी हनुमान मंदिर में दर्शन के दौरान सभा मंडप की छत अचानक भरभरा कर गिर गई। इस हादसे में 5 से 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पिछले दिनों यूपी के वृन्दावन में इस्कॉन मंदिर के गेट पर नगर निगम द्वारा लगाए गए शॉवर कूलर में अचानक करंट उतर आया। इसकी चपेट में आने से एक 21 वर्षीय श्रद्धालु की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पिछले दिनों महाराष्ट्र के सिद्धिनाथ मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी अनियंत्रित होकर एक गहरे कुएं में जा गिरी, जिससे 9 लोगों की जान चली गयी। राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर में उमड़ने वाली भारी भीड़, कुप्रबंधन, और उचित कतारें न होने के कारण अक्सर भगदड़ और विवाद जैसी स्थितियां सामने आती है। उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में स्थित विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के समीप एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है।

## विचार

### यूपी में तन-मन भिगोने जल्द आ रहा है मानसून

**संजय सक्सेना**

**उत्तर** प्रदेश में गर्मी से परेशान लोगों के लिये जल्द अच्छी खबर आने वाली है। यूपी में मानसून 27 से 30 जून तक पूर्वी-पश्चिमी क्षेत्रों में दस्तक दे सकता है, जो 5 जुलाई तक पूरे राज्य में पूरी तरह छा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, जून के तीसरे सप्ताह से मानसूनी गतिविधियां तेजी से बढ़ेगी और महीने के अंत तक अधिकांश जिलों में बारिश का दौर शुरू हो सकता है। पिछले वर्षों के ट्रेंड और आईएमडी की भविष्यवाणी के आधार पर, इस बार भी मानसून 27 से 30 जून के बीच राज्य में पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ विचलन के कारण पूर्वी यूपी में पहले और पश्चिमी यूपी में थोड़े बाद में आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में मानसून का प्रवेश आमतौर पर दो चरणों में होता है। पूर्वी हिस्सों में मानसून 15 से 20 जून के बीच दस्तक देता है, जबकि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में 25 से 27 जून के बीच फैल जाता है। मेरठ, नोएडा और गाजियाबाद जैसे पश्चिमी क्षेत्रों में मानसून 27-30 जून तक आने की संभावना है। इस तरह पूर्वी यूपी में मानसून पहले प्रवेश करेगा और धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में छाएगा। 5 जुलाई तक पूरे उत्तर प्रदेश में मानसून पूरी तरह छा जाएगा। वर्तमान में (22 जून 2026) देश के ज्यादातर हिस्सों में प्री-मानसून एक्टिविटी है और 23 जून के आसपास मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना, उड़ीसा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में अधिकतम वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून से प्राप्त होती है, जो जून से सितंबर तक केन्द्रित होती है। राज्य की कुल वर्षा में पहाड़ी क्षेत्रों में वार्षिक औसत 170 सेमी तक हो सकता है, जबकि पश्चिमी क्षेत्रों में 84 सेमी तक रहता है। इस बार भी उम्मीद है कि मानसून जमकर बरसेगा, लेकिन मौसम के तेवरों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बारिश सावधानी भी मांगती है, क्योंकि भीषण गर्मी से राहत मिलने जा रही है, लेकिन तेज बारिश से थोड़ा-बहुत भी हो सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में वर्षा की मात्रा में परिवर्तनशीलता 25 फीसदी से कम, जबकि शेष उत्तर प्रदेश में 25 से 50 फीसदी के बीच रहती है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में वर्षा कहीं कम तो कहीं ज्यादा देखने को मिलती है। राज्य के पूर्वी भाग में पश्चिमी भाग की अपेक्षा अधिक वर्षा होती है। सबसे कम वर्षा बुन्देलखण्ड क्षेत्र में प्राप्त होती है। यह एक महत्वपूर्ण पैटर्न है, क्योंकि बुंदेलखंड पिछले वर्षों से वर्षा की कमी से परेशान है और इस क्षेत्र में कृषि पर सीधा प्रभाव होता है। पूर्वी यूपी में वर्षा अधिक होने के कारण खेती बेहतर होगी, लेकिन पश्चिमी यूपी में भी पर्याप्त वर्षा की उम्मीद है। मध्य यूपी में वर्षा पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों के बीच के स्तर पर रहने की संभावना है।
बुंदेलखंड क्षेत्र में सबसे कम वर्षा प्राप्त होती है, जो इस क्षेत्र की जल संकट समस्या को बढ़ाती है। यह पैटर्न वर्षों से बना है और दक्षिण-पश्चिम मानसून के मार्ग में इस क्षेत्र की स्थिति के कारण है।
बुंदेलखंड में वर्षा की कमी के कारण खेती पर गंभीर प्रभाव होता है और किसानों को संकट का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में जल संरक्षण, बांध निर्माण और सतत कृषि सुधार की भी आवश्यकता बढ़ जाती है।
यदि इस बार भी बुंदेलखंड में वर्षा कम होती है, तो सरकार को जल संकट के समाधान के लिए तत्परता दिखानी चाहिए।
कुल मिलाकर, उत्तर प्रदेश में वर्षा कृषि पर सीधा प्रभाव डालती है, क्योंकि राज्य भारत का कृषि हृदय है। पूर्वी यूपी में अधिक वर्षा के कारण खेती बेहतर होगी, लेकिन बुंदेलखंड में वर्षा की कमी खेती को प्रभावित कर सकती है। बारिश से भीषण गर्मी से राहत मिलने जा रही है, लेकिन मौसम के तेवरों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बारिश सावधानी भी मांगती है, क्योंकि तेज बारिश से बाढ़, भूस्खलन, जलभराव जैसे हालात हो सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा कृषि उत्पादन पर सीधा प्रभाव डालती है और शहरी क्षेत्रों में जल निकासी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर – 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## आलेख

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

**डा.** श्यामा प्रसाद मुखर्जी, देश के उन महानतम राजनीतिज्ञों में से एक थे ,जिन्होने राष्ट्र के बहुत ही कठिन दौर में हमारे देश के लिये बहुत ही महत्पवूर्ण योगदान किया। डा. मुखर्जी के जीवन में महत्त्वपूर्ण मोड़ 8 अप्रैल 1950 को उस समय आया जब उन्होंने पाकिस्तान के प्रति नीति के मामले मे मंत्रीगरिषद से त्यागपत्र दे दिया। वह स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे मंत्री थे, जिन्होंने नीति के सवाल पर पद से त्याग पत्र दे दिया। इस प्रकार उन्होने संसदीय लोकतंत्र की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुसार कार्य और दूसरों के सामने एक अनुसरणीय उदाहरण पेश किया। इसके बाद उन्होने सत्तारुढ कांग्रेस पार्टी के विकल्प के रुप में 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ नामक नयी राजनैतिक पार्टी का गठन किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सार्वजनिक जीवन सन् 1934 में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में आरंभ हुआ था। वे विश्वविद्यालय के सबसे कम आयु के कुलपति थे। उस समय पूरा बंगाल, उड़ीसा और आसपास का पूरा क्षेत्र उस समय विश्वविद्यालय के अंतर्गत आता था। सन् 1942 में लार्ड लिनलिथगो ने भारत छोड़ो आंदोलन को देखते हुये आतंक फैला रखा था। कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता चूंकि जेलों में बंद कर दिये गये था। अतः उन कठिन दिनों में राष्ट्रवादी भारत का प्रवक्ता होने का भार डा. मुखर्जी को संभालना पड़ा। 1943 के प्राकृतिक आपदा के दौरान बंगाल की दुःखी मानवता के प्रति सेवाओं के कारण उनको राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई, और इसके बाद उन्हे हिन्दू महासभा का नेतत्व सौपा गया। अंग्रेजी सरकार ने देश के प्रमुख पार्टियों के समक्ष 'भारत की आजादी और विभाजन की शर्त रखी थी, जिसमें कोई भी पार्टी किसी भूभाग के लिये जोर-जबरदस्ती नहीं कर सकती थी, जो भारत के साथ नहीं मिलना चाहता। विभाजन की मूल योजना के अनुसार संपूर्ण पंजाब और बंगाल पाकिस्तान को दिये जाने थे। डा. मुखर्जी ने तब बंगाल और पंजाब के हिन्दू बहुल क्षेत्रों को बचाने में अपनी संपूर्ण शक्ति झोंक दी। 1946 में ये भारत की संविधान सभा के लिये चुने गये थे। और 15 अगस्त 1947 को गठित हुई प्रथम सरकार में उनको उद्योग तथा वाणिज्य मंत्री बनाया गया।

### भारत के पुनर्जागरण से विकास की नई पटकथा।

**संजीव**

**किसी** भी राष्ट्र का पुनर्जागरण केवल आर्थिक समृद्धि से नहीं होता, बल्कि उसकी सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय आत्मविश्वास, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सुशासन और जनसहभागिता के समन्वय से होता है। भारत की विकास-यात्रा इसी सत्य की पुष्टि करती है। 1947 में भारत और पाकिस्तान दोनों ने स्वतंत्रता प्राप्त की, किंतु दोनों देशों ने अपने-अपने विकास के लिए भिन्न मार्ग चुने। पाकिस्तान जहाँ राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और वैचारिक द्वंद्व से जूझता रहा, वहीं भारत ने लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक मूल्यों और विकासोन्मुख नीतियों के आधार पर अपनी यात्रा निरंतर आगे बढ़ाई।महात्मा गांधी का यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है।कि भारत की आत्मा उसके गाँवों में बसती है। इसी भावना के अनुरूप आधुनिक भारत ने विकास की ऐसी अवधारणा को अपनाने का प्रयास किया जिसमें गाँव, गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग सभी विकास प्रक्रिया के सहभागी बन सकें।
पिछले एक दशक में भारत के राजनीतिक परिदृश्य में उत्तरदायी शासन, पारदर्शिता, डिजिटल प्रशासन और परिणाम आधारित राजनीति की अवधारणा अधिक सशक्त होकर उभरी है। जनता अब केवल वादों का नहीं, बल्कि कार्यों और उपलब्धियों का मूल्यांकन करने लगी है। यही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है।
इसी कालखंड में अनेक महत्वपूर्ण संवैधानिक एवं नीतिगत निर्णय लिए गए। अनुच्छेद 370 का निरसन, तीन तलाक पर कानून, नागरिकता से संबंधित नई नीतियों पर विमर्श तथा संसद की कार्यप्रणाली के आधुनिकीकरण जैसे कदमों ने भारतीय राजनीति में व्यापक चर्चा को जन्म दिया। इन निर्णयों के समर्थक इन्हें राष्ट्रीय एकीकरण और प्रशासनिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण मानते हैं, जबकि आलोचक इनके विभिन्न संवैधानिक और सामाजिक पहलुओं पर प्रश्न उठाते रहे हैं। लोकतंत्र की यही विशेषता है कि उसमें विविध मतों का सम्मान बना रहता है।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन



**नितिन सिंगला जगाधरी**
पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर के नेतृत्व वह मार्गदर्शन में जगाधरी मैटल इंडस्ट्रीज के उधोगपतियों के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटिया चंडीगढ़ में शिष्टाचार मुलाकात की। इस बैठक के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर एवं उधोगपतियों ने मैटल उद्योग और व्यापार से जुड़ी अपनी विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विस्तार से अवगत कराया। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर एवं उधोगपतियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष अपनी मुख्य मांगें और उद्योग के संचालन में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को रखा। उधोगपतियों ने कहा कि प्रदूषण विभाग, नगर निगम विभाग को लेकर उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, एन ओ सी को लेकर दिक्कतों व इंडस्ट्री की अन्य समस्याओं को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।मैटल उद्योग प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए इसकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान बेहद जरूरी है।

मुख्यमंत्री जी ने दिया सकारात्मक आश्वासन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जगाधरी मैटल इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को बेहद ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि हरियाणा सरकार व्यापारियों और उद्योगपतियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आश्वासन देते हुए कहाः₹व्यापारी और उद्योग जगत प्रदेश के विकास की रीढ़ हैं। जगाधरी मैटल इंडस्ट्री व्यापारियों द्वारा उठाई गई सभी जायज मांगों और समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके त्वरित निवारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

नेतृत्व के लिए जताया आभार

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जगाधरी इंडस्ट्रीज के उधोगपतियों की समस्याओं को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष मजबूती से रखने के लिए इस शिष्टाचार बैठक का नेतृत्व किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सकारात्मक और सहयोगात्मक रुख के लिए उनका आभार व्यक्त किया व उम्मीद जताई कि हरियाणा सरकार के इस आश्वासन से प्रदेश के मैटल उद्योग को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। मैटल इंडस्ट्रीज उधोगपतियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर का धन्यवाद करते हुए कहा कि दोनों नेता जमीन से जुड़े हुए हैं व हमें पूरी उम्मीद है कि इंडस्ट्रीज की समस्याओं का समाधान अतिशीघ्र हो जाएगा। इस दौरान मनोज गुप्ता, एपीएस भट्टी, अरूण मित्तल , कपिल गुप्ता, हंसराज बतरा, प्रशांत गर्ग,भारत गर्ग, डाक्टर अशवनी गोयल, पवन सोनी साथ रहें।

### बुलडोजर कार्रवाई के बाद पालिका करेंगी कब्जामुक्त भूमि पर तारबंदी - चेयरमैन

**रादौर, जून (कुलदीप सैनी) :** नगर पालिका रादौर द्वारा छोटाबांस गांव में हाल ही में अवैध अस्थाई कब्जों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के बाद प्रशासन अब अगले चरण की कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है। नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता ने बताया कि शनिवार को अवैध और अस्थाई निमार्णों को हटाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। अब आगामी दो से तीन दिनों के भीतर उक्त भूमि से समस्त मलबा हटाकर उसकी तारबंदी की जाएगी, ताकि जमीन को पूरी तरह से परिषद के कब्जे में लिया जा सके। चेयरमैन मेहता ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई केवल पहला चरण था। आने वाले समय में नशे और अपराध जगत से जुड़े लोगों द्वारा किए गए स्थाई एवं पक्के अवैध निमार्णों पर भी कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए तथा हाउस की बैठक में विचार-विमर्श के बाद सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सुनी समस्याएं, दिए निर्देश

**जनसुनवाई**

आज बड़ी संख्या में घरौंडा क्षेत्र व बाहर से लोग समस्याओं व मांगों को लेकर रेस्ट हाउस पहुंचे।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। आज बड़ी संख्या में घरौंडा क्षेत्र व बाहर से लोग समस्याओं व मांगों को लेकर रेस्ट हाउस पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष ने तीन घंटे से अधिक समय तक लोगों की समस्याओं को सुना। हरविंद्र कल्याण ने अधिकारियों से कहा कि हम मजदूर की तरह मेहनत करते हैं, ताकि गरीब और पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले। गरीब आदमी से जुड़ी किसी भी योजना या उनके भले में होने वाले कार्यों में किसी तरह की अड़चन बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके दुख तकलीफ को महसूस करके लोगों के कार्य करें।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को पूरी योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जनता से जुड़ी हर जायज मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि आम नागरिक को अपनी छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी मौजूद रहे।

**ये आई समस्याएं**

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने जनसुनवाई के दौरान लालपुरा में फिरनी पर भरे पानी की निकासी की पुरानी समस्या को तुरन्त प्रभाव से दूर करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा गांव कुटेल में खेत के ट्यूबवेल का बोर फेल होने पर ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने, गांव पनौड़ी में 40 साल से पंचायती जमीन पर बसे ग्रामीणों को सरकार की योजना के अनुसार कलेक्टर रेट भरवाकर योजना का लाभ देने, गांव गढ़ी मुल्तान में पानी की पाइपलाइन, सैनी चौपाल के ऊपर हॉल निर्माण, पात्र व्यक्तियों को योजना अनुसार आवास योजना का लाभ दिलवाने बारे, हरसिंगपुरा में विश्वकर्मा भवन निर्माण, बरसत रामलीला ग्राउंड में शेड, तोमर चौपाल का कार्य पूरा करवाने की समस्याएं आईं।

## स्थाई खेल स्टेडियम के अभाव में नाचरौन के खिलाड़ियों को हो रही परेशानी



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, जून (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के गांव नाचरौन में स्थाई खेल स्टेडियम न होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खिलाड़ियों का कहना है कि गांव की पंचायती भूमि पर बने अस्थाई खेल स्टेडियम में आवश्यक सुविधाओं का अभाव है, जिससे उन्हें नियमित अभ्यास करने में दिक्कतें आती हैं। स्थानीय युवा पुष्पेंद्र राणा, साहिल शर्मा, अमित शर्मा, फतेह राणा, अंचित सैनी, सचिन राणा, राहुल सैनी, विक्रांत पुंडीर आदि ने बताया कि स्टेडियम में सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग कई बार पंचायत के समक्ष रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति उत्साह बनाए रखने के लिए युवा स्वयं अपनी जेब खर्च से क्रिकेट पिच तैयार कर रहे हैं। ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने प्रशासन तथा पंचायत से मांग की है कि स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था की जाए तथा खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाए, ताकि क्षेत्र के युवा बेहतर माहौल में अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को निखार सकें।

### दुकान के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी, मामला दर्ज

**रादौर, जून (कुलदीप सैनी) :** थाना जठलाना क्षेत्र के गांव गुमथला राव में एक दुकान के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में तरुण कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी स्कूटी दुकान के बाहर खड़ी की थी। रात को दुकान बंद करने के बाद जब वह स्कूटी लेने पहुंचे तो वह वहां से गायब मिली।

शिकायतकर्ता के अनुसार स्कूटी की डिक्की में वाहन के कागजात और गोदाम की चाबियां भी रखी हुई थीं। काफी तलाश के बावजूद स्कूटी का कोई सुराग नहीं लग सका। शिकायत के आधार पर थाना जठलाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भीषण गर्मी में महिला मंडल ने राहगीरों को पिलाई ठंडाई

**कार्यक्रम**

राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया



**सोनीपत, 22 जून।** ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी और लू के बीच समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय जैन महिला मंडल ने राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन गुड़ मंडी स्थित एस. एस. जैन सभा परिसर में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों को ठंडी-मीठी ठंडाई वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल की प्रधान शशि जैन और मंत्री उषा जैन के मार्गदर्शन में हुआ। सेवा कार्य में मंडल की सदस्याओं कमलेश जैन, मोना जैन, ज्योति जैन, अंजू जैन, शकुंतला, भावना, राखी, शिल्पा और सुनीता सहित अन्य महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

ठंडाई तैयार करने से लेकर उसके वितरण तक सभी व्यवस्थाएं महिला शक्ति ने संभालीं।

मंडल पदाधिकारियों के अनुसार यह सेवा कार्य परम पूज्य सुदर्शन लाल जी महाराज के परम शिष्य एवं आगम ज्ञाता अरुण चंद्र जी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान राहगीरों और आमजन ने ठंडाई ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की तथा मंडल के इस जनसेवा अभियान की सराहना की। इस अवसर पर महिला मंडल ने समाज सेवा और मानव कल्याण के ऐसे कार्यों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

### नीट परीक्षा विवाद पर कांग्रेस का हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिला मुख्यालय पर सोमवार को कांग्रेस नेताओं ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर नीट परीक्षा में पेपर लीक, परीक्षाओं की पारदर्शिता और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिला अध्यक्ष हाजी शहीदा खान, नूंह विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आफताब अहमद और फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। नेताओं ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी संवैधानिक संस्थाओं पर असंवैधानिक तरीके से कब्जा कर उन्हें अपने राजनीतिक हितों के अनुसार संचालित कर रही है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष हाजी शहीदा खान ने कहा कि देश में संस्थानों पर कब्जा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों के भविष्य को संकट में डाल दिया है।

एक विद्यार्थी वर्षों तक कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करता है, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उसकी मेहनत पर पानी फेर देती हैं।

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना हरियाणा सरकार की अनूठी पहल : जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई जा रही है। इसके तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों की निशुल्क यात्रा करवाई जा रही है। सरकार द्वारा यात्रा, भोजन और आवास का पूरा खर्च उठाया जाता है। यह हरियाणा सरकार की एक अनूठी पहल है।



विधायक ने बताया कि इस योजना के तहत मुख्य तीर्थ स्थलों में अयोध्या, वाराणसी, सोमनाथ, श्री हजूर साहिब (नांदेड़), पटना साहिब, पुष्कर, वैष्णो देवी, शिरडी और उज्जैन आदि शामिल है। तीर्थ यात्रा भ्रमण के दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक अपने साथ एक अटेंडेंट ले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर से वरिष्ठ श्रद्धालुओं को महाकुंभ, अयोध्या में स्थापित श्री राम मंदिर, बिहार में पटना साहिब, श्री हजूर साहिब (नांदेड़) और हाल ही में गुजरात में सोमनाथ मंदिर के निशुल्क दर्शन करवाए जा चुके हैं। इनमें करनाल के भी सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

**योजना में यह है खास**

विधायक जगमोहन आनंद ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत विशेष ट्रेनों और बसों के माध्यम से यात्रा कराई जाती है।

यात्रा के लिए रेल का 3 एसी का टिकट, यात्रा के दौरान खाना, ठहरना और स्थानीय परिवहन का सारा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

**ये होनी चाहिए पात्रता**

विधायक जगमोहन आनंद ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन के लिए आवेदक हरियाणा का स्थायी निवासी होना चाहिए। आवेदक के पास परिवार पहचान पत्र होना चाहिए। आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।

परिवार की सालाना आय 1.80 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। परिवार इस योजना का लाभ हर तीन साल में केवल एक बार उठा सकता है।

## जिला परिषद वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि को मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला परिषद के वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि पर लगाए गए धोखाधड़ी के आरोपों के मामले में नया मोड़ आ गया है। आरोप लगाने वाले युवक ने कैमरे के सामने आकर अपने बयान से पलटते हुए कहा कि उसने गलतफहमी और राजनीतिक षड्यंत्र के चलते नाम लिया था। अब उसने पूरे मामले में सफाई देते हुए अपनी शिकायत भी वापस लेने की बात कही है।



गांव नगला मेघा के राजकुमार ने कहा कि उसका पैसों का लेन-देन का विवाद चल रहा था। इसी मामले में धीरज खरकाली ने वकील संजीव मंगलौरा को केस दिलवाया था। इसी दौरान उसने गलतफहमी में आकर धीरज खरकाली पर धोखाधड़ी के आरोप लगा दिए, जबकि हकीकत में धीरज ने उसकी मदद की थी।

राजकुमार ने बताया कि बाद में वकील संजीव मंगलौरा ने उसे बैठाकर पूरा हिसाब समझाया। तब उसे पता चला कि उसके लडके ने ही पैसे निकाले थे, जिसकी जानकारी उसे नहीं थी।

इसी वजह से गलतफहमी बढ़ गई थी। अब पूरा हिसाब स्पष्ट हो गया है और वह संतुष्ट है।

राजकुमार ने साफ कहा कि उसने राजनीति के बहकावे में आकर धीरज खरकाली का नाम लिया था, जिसने उसे उकसाया वह धीरज के खिलाफ था।

### वृक्षों पर पक्षियों के लिए घोंसले लगाए: गीता हिंदी अध्यापिका

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
दिलबाग सिंह पर्यावरण प्रेमी ने सेक्टर 12 के नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में वृक्षों पर घोंसले लगाए ये घोंसले स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन संस्था के द्वारा भेंट किए गए। संस्था ने जीवों के आश्रय के लिए लगभग 200 घोंसले अलग-अलग व्यक्तियों को भेंट किए।संस्था के संयोजक श्री नितिन जैन जीवों व जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य करते हैं । गीता अध्यापिका जी ने बताया कि हमें सर्दी, गर्मी , वर्षा ऋतु के मौसम में अपने घरों में ,वृक्षों पर पक्षियों की सुरक्षा के लिए घोंसले लगाने चाहिए।

## वाईस चेयरमैन के जन्मदिवस पर किया हवन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा डी.आर.पी. एन्कलेव में राम रतन अत्री वाईस चेयरमैन के जन्मदिवस पर हवन यज्ञ किया गया। प्रातः पहले उनके घर पर हवन किया गया। विदुषी शशी आर्या ने विधिपूर्वक वेदमन्त्रों के उच्चारण के साथ हवन यज्ञ किया और यजमान एवं समिति सदस्यों से भी शुद्ध घी एवं हवन सामग्री की आहुतियां डलवाई गई।

उन्होंने हिन्दू संस्कारों के अनुसार हवन यज्ञ का महत्व बताया और कहा कि यह केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं है अपितु पर्यावरण को शुद्ध करने का साधन भी है। अतः हम सभी को घरों में शुद्धि के लिए हवन करना चाहिए।



समिति चेयरमैन एस.डी. अरोड़ा ने बताया कि हवन के पश्चात समिति द्वारा सेक्टर-4 के पार्क में पौधारोपण भी किया गया। अत्री के परिवारजनों एवं समिति सदस्यों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे लगाए। मुख्य रूप से आम, अमलताश, सुहाजना, बेलपत्र एवं गुलमोहर के पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने एवं परिवारजनों के जन्मदिवस पर एक-एक पौधा लगाता है तो प्रत्येक परिवार द्वारा वर्ष में 4-5 पौधे लग जाएंगे और पर्यावरण स्वच्छ रहेगा और हम भी स्वस्थ रहेंगे।

वरिष्ठ उपप्रधान सुरेश खन्ना ने बताया कि पेड़-पौधों से हमें अनेकों लाभ होते हैं। इनसे फल मिलते हैं, इनकी लकड़ी से फर्नीचर बनता है और अनेक प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती हैं। इसलिए पर्यावरण सुरक्षित करने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरुरी हो गया है। हम खुद भी पेड़-पौधे लगाए और लोगों को पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान सुरेश खन्ना, कोषाध्यक्ष सुशील चावला, वाईस चेयरमैन आर.आर. अत्री, एस.डी. अरोड़ा, विदुषी शशी आर्या, आकाश रतन, अमूल्य रतन, लावण्य शर्मा, सुनीता शर्मा, हन्नी शर्मा एवं राजा राम माली आदि उपस्थित रहे।

## समर कैंप में कला, संगीत, योग और आत्मरक्षा का अनूठा संगम

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** खुशी इंस्टिट्यूट ऑफ डांस एंड एलाइड एक्टिविटीज द्वारा प्रेम प्लाजा, क्रिस्टल हॉल में 21 दिवसीय समर कैंप 2026 के समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। पिछले 21 दिनों से संचालित इस समर कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नृत्य, संगीत, आर्ट एवं पेंटिंग, ताइक्वांडो, सेल्फ डिफेंस, कैलीग्राफी, योग, मेडिटेशन तथा एरोबिक्स जैसी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा, आत्मविश्वास, अनुशासन तथा सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना रहा।




समर कैंप के दौरान प्रत्येक गतिविधि के लिए अपनी-अपनी विधा के अनुभवी प्रशिक्षकों की सेवाएं ली गईं। शास्त्रीय नृत्य एवं कथक का प्रशिक्षण संस्थान की निदेशक एवं कथक नृत्यांगना खुशी चावला द्वारा, वेस्टर्न डांस का प्रशिक्षण वेदांश सर, संगीत का प्रशिक्षण अनिल सर तथा ताइक्वांडो एवं सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण पवन सर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ विभिन्न कलाओं का अभ्यास किया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदीप बंसल ओनर प्रेम प्लाजा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर नवीन संदूजा तथा नारंग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का संस्थान की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक गुरु वंदना से हुआ, जिसके पश्चात बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य, वेस्टर्न डांस, संगीत, योग, मेडिटेशन, ताइक्वांडो एवं सेल्फ डिफेंस की शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे समारोह में कला, संगीत, योग और आत्मरक्षा का अद्भुत संगम देखने को मिला। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और अनुशासन ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में लगभग 50 बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जबकि 150 से अधिक अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों ने समारोह में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच सभागार तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा। मुख्य अतिथि प्रदीप बंसल ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक शिविर बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि नवीन संदूजा ने कहा कि योग, ध्यान और सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाती हैं तथा उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं।

## कार्यस्थल पर उत्पीडन के खिलाफ शी-बॉक्स पोर्टल पर कराएं शिकायत दर्जः सविता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** संरक्षण अधिकारी एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सविता राणा ने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीडन की रोकथाम एवं निवारण सुनिश्चित करने के लिए शून्य-सहिष्णुता नीति अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड? (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत सभी विभागों में आंतरिक शिकायत समिति तथा जिला स्तर पर स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया गया है।



उन्होंने बताया कि इन समितियों का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भेदभाव मुक्त वातावरण सुनिश्चित करना है। किसी भी प्रकार के लैंगिक उत्पीड? की शिकायत प्राप्त होने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जाती है।

संरक्षण अधिकारी ने कहा कि यदि किसी भी महिला कर्मचारी को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन. अथवा इससे संबंधित किसी भी प्रकार की अनुचित परिस्थिति का सामना करना पड़ता है तो वह अपनी शिकायत सीधे सरकार के शी-बॉक्स पोर्टल पर दर्ज करा सकती है।

यह पोर्टल शिकायतों के ऑनलाइन पंजीकरण एवं उनके प्रभावी निस्तारण की सुविधा प्रदान करता है।

## न्यूज फ्लैश

### डेहा बस्ती में पुलिस टीम पर हमले के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार



**रादौर, 22 जून (कुलदीप सैनी) :** डेहा बस्ती में पुलिस टीम पर हमले के मामले में कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बिल्ला उर्फ बिल्ला नंबरदार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि 16 जून को करनाल सीआईए की टीम नशा तस्करी के एक आरोपी को पकड़ने के लिए डेहा बस्ती पहुंची थी। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए और सरकारी वाहनों के शीशे भी तोड़ दिए गए। हमलावर पुलिस हिरासत से आरोपी राजेंद्र को भी छुड़ाकर ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने तालिम, प्रदीप, सूरज, सीका, फरमान, दर्शन, महीपाल, नीतु, रघुबीर और बिल्ला नंबरदार समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि रवीना नामक महिला को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का दावा है कि शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट ने बहादुरपुरा व जयपुर में 101 मरीजों का किया उपचार



**रादौर, 22 जून (कुलदीप सैनी) :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने क्षेत्र के गांव बहादुरपुरा और जयपुर में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कीं। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया तथा विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग की। डॉ. प्रमोद ने बताया कि शिविर में रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई। साथ ही 101 जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा 9 लोगों के रक्त परीक्षण भी मौके पर किए गए। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से गांवों और कस्बों में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूनिट की टीम लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति भी जागरूक कर रही है।

# अपराध शाखा- 1 की टीम ने 50 ग्राम हेरोइन साथ युवक को किया गिरफ्तार

## आरोपी को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया

**शिकंजा**

**आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। तीन दिन के रिमांड पर लिया गया**

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**पुलिस प्रवक्ता ने जानका**री देते हुए बताया कि माननीय पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन के आदेशों अनुसार नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों को पकडने के लिये चलाये जा रहे आप्रेशन मैदान -2.0 को सफल बनाने के लिये पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जैसे जघन्य अपराध में सलिंप्त अपराधियों को पकडने के लिये सभी अपराध यूनिटों/थाना/चौकियों को सख्त दिशा निर्देश दिये हुये हैं। जिसके तहत कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा - 1 की टीम ने 50 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।




आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इंचार्ज राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि हाईवे पर ट्रक रेस्ट क्षेत्र में एक युवक नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है । इस सूचना पर उप निरीक्षक सुखदेव, एएसआई मनीष,मुख्य सिपाही प्रदीप,मुकेश की एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक युवक को काबू किया। कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट एळड अभिषेक वालिया को बुलाया गया, जिनकी मौजूदगी में युवक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 50 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव शादीपुर निवासी अल्ताफ पुत्र नाजर हसन के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

इंचार्ज ने बताया कि आरोपी को पहले करीब 2 महीने पहले 16 ग्राम हेरोइन (स्मैक) गिरफ्तार किया था। आरोपी ने जमानत पर जेल से बाहर आकर फिर से यह काम शुरू कर दिया। इंचार्ज ने बताया कि रिमांड के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि आरोपी किन-किन लोगों से जुड़ा हुआ है और वह नशीले पदार्थ कहां से लाता था तथा किन क्षेत्रों में सप्लाई करता था। इंचार्ज ने कहा कि नशा तस्करी के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## भाजपा सरकार में आज का युवा हताश व परेशानः रमेश मलिक



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 22 जून (बिजेंद्र सिंह)।** कांग्रेस जिला कमेटी पानीपत (ग्रामीण) के जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हाल ही राजस्थान के कोटा में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में छात्रों से सीधा संवाद कर दिए गए संदेश को पानीपत जिला में जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते आज युवाओं को जहां अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है, वहीं रोजगार को लेकर युवा आज हताश एवं परेशान है। राहुल गांधी द्वारा कोटा में दिये गये संदेश और छात्रों के हकों की गूंज अभियान को सफल बनाने को लेकर पानीपत जिला कमेटी ग्रामीण के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की मीटिंग 24 जून को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में होगी। जिसमें अभियान को जिला भर में जन-जन तक पहुंचाने के लिये पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की डयूटियां लगाई जाएगी। जिला अध्यक्ष रमेश मलिक सोमवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में युवा कार्यकताओं से बात कर रहे थे। रमेश मलिक ने बताया कि मीटिंग में युवाओं, छात्रों, बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता, शिक्षा व्यवस्था तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इन मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श होगा।

मीटिंग में सभी पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा राहुल गांधी जी के विचारों और जनहित के मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया जाएगा।

रमेश मलिक ने दावा किया कि कोटा से उठी छात्रों की गूंज अब पूरे देश में सुनाई दे रही है। युवाओं के सपनों, संघर्षों और अधिकारों की यह आवाज अब रुकने वाली नहीं है।

## प्रदेश सरकार गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध : आरती सिंह राव

**चंडीगढ़, 22 जून –**हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा तंत्र को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में भी शहरों की तर्ज पर अत्याधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्रामीण अंचल के लोगों को प्राथमिक इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों पर निर्भर न रहना पड़े और उन्हें उनके घर के नजदीक ही बेहतरीन स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

इसी कड़ी में एक बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने भिवानी जिले के गांव धिराणा में एक नया उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस नए स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण और बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर लगभग 55.49 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। इस बजट से केंद्र में आवश्यक चिकित्सा उपकरण, दवाइयाँ और मरीजों के लिए जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी, जिससे धिराणा और आसपास के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा।

## पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशीलता हमारी सामूहिक जिम्मेदारीः प्रो. सोमनाथ

### केयू में पक्षियों के लिए 300 मिट्टी के कसोरे (सकोरे) लगाने का अभियान शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :**; कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की पर्यावरण संरक्षण संबंधी दूरदर्शी सोच और कुशल मार्गदर्शन में छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डीएसडब्ल्यू) प्रो. ए. आर. चौधरी ने विश्वविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए 300 मिट्टी के कसोरे (सकोरे) लगाने एवं वितरित करने के विशेष अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रकृति और जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करना एक छोटा लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण मानवीय प्रयास है, जो जीवों के प्रति हमारी करुणा और जिम्मेदारी को दशार्ता है।

प्रो. ए. आर. चौधरी ने कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की प्रेरणादायी सोच का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय परिवार तथा आम नागरिकों से अपने घरों, छतों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास प्रकृति और पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण योजना के अंतर्गत आयोजित इस अभियान का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करना तथा विद्यार्थियों एवं समाज में जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रो. ए. आर. चौधरी एवं उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

## एसआईआर में आशाओं की डयूटी लगाने के विरोध में सीएमओ के नाम सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 22 जून (बिजेंद्र सिंह)।** आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की जिला कमेटी की बैठक सोमवार को गीता कालोनी स्थित सीटू कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान बंटी ने की और संचालन सह सचिव सुनीता ने किया। बैठक में आशा वर्कर यूनियन ने चुनाव आयोग के निर्देश पर सीएमओ पानीपत के माध्यम से एसआईआर के कार्य में आशा वर्करों की ड्यूटी लगाये जाने की निंदा की गई और कहा कि आशा वर्करों को पहले ही बहुत काम है। इसलिये एसआईआर में आशा वर्करों की डयूटी लगाना गलत है। जिला प्रधान बंटी ने कहा कि आशा वर्कर्स कोई सरकारी कर्मचारी नहीं है। स्वयं सेविका के तौर पर इंसेंटिव बेस पर कार्य करती है। यदि आशा वर्करों से एसआईआर में जबरन डयूटी लेने की कोशिश की तो जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक के उपरांत यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने आशा वर्करों की एसआईआर में



डयूटी लगाये जाने के विरोध में कोऑर्डिनेटर पूनम मान को सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा। बैठक में सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त ने कहा कि आशा वर्कर्स यूनियन लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत है। यूनियन के राज्य प्रतिनिधिमंडल की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से बातचीत हुई थी और जिन मांगों पर सहमती बनी थी, अभी तक उसका नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ। आशा वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर 1 से 7 जुलाई तक राज्य भर में सभी जिला मुख्यालयों पर सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के हरियाणा निदेशक के नाम मांग पत्र सीएमओ को सौंपा जाएगा और पानीपत में 6 जुलाई को प्रदर्शन होगा।

## भीषण गर्मी में महिला मंडल ने राहगीरों को पिलाई ठंडाई, दी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 22 जून।** ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी और लू के बीच समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय जैन महिला मंडल ने राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन गुड़ मंडी स्थित एस. एस. जैन सभा परिसर में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों को ठंडी-मीठी ठंडाई वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल की प्रधान शशि जैन और मंत्री उषा जैन के मार्गदर्शन में हुआ। सेवा कार्य में मंडल की सदस्याओं कमलेश




जैन, मोना जैन, ज्योति जैन, अंजू जैन, शकुंतला, भावना, राखी, शिल्पा और सुनीता सहित अन्य महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

ठंडाई तैयार करने से लेकर उसके वितरण तक सभी व्यवस्थाएं महिला शक्ति ने संभालीं।मंडल पदाधिकारियों के अनुसार यह सेवा कार्य परम पूज्य सुदर्शन लाल जी महाराज के परम शिष्य एवं आगम ज्ञाता अरुण चंद्र जी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न हुआ।

## लैब को परीक्षा केंद्र बनाने का झांसा देकर लाखों रुपये ठगे

**जींद।** पेपर लैब में परीक्षा केंद्र बनाने का झांसा देकर 19 लाख 53 हजार रुपये ठगने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के नोर्थ जोन डायरेक्टर समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

न्यू जवाहर नगर निवासी पुनीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पेपर लैब है। गांव गुरूकुल खेड़ा निवासी मनदीप से उसकी जान पहचान रही है। मनदीप ने कहा कि स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के नोर्थ जोन डायरेक्टर पंचकूला निवासी सुरेंद्र ढुल उसका रिश्तेदार है।

## अन्तोदय फाउंडेशन महिलाओं को बना रहा आत्मनिर्भरः संजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 22 जून (बिजेंद्र सिंह)।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का सिद्धांत दिया, जिसका उदेश्य था सबसे ज्यदा जरूतमंद का विकास करके उसको मुख्य धारा मे लाना। इस कार्य को पूर्व मुख्यमंत्री एवं मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व मे चल रहा अंत्योदय फाउंडेशन पूरी शिद्दत से कर रहा हैं। ये विचार राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने गांव आसन कलां मे फाउंडेशन द्वारा संचालित ब्यूटीसिन केंद्र का उदघाटन करते हुए कहे। संजय भाटिया ने आगे कहा के आज के समय मे ब्यूटीसियन क्षेत्र मे रोजगार के अवसर उपलब्ध है। इस सेंटर से



प्रशिक्षण प्राप्त करके बहन-बेटियां एक अच्छी व सम्मानजनक आजीविका प्राप्त कर सकेगी। जब महिला आत्मनिर्भर होंगी तो देश के विकास में अपना योगदान देगी। वहीं कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गजेंद्र सलूजा नें कहा कि अंत्योदय फाउंडेशन महिलाओं, युवाओं एवं जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बना रहा हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व फाउंडेशन अंत्योदय कि भावना के साथ कार्य कर रहा हैं। फाउंडेशन द्वारा युवाओं को कंप्यूटर का प्रशिक्षण के साथ ही वाहन चालक कि ट्रेनिंग भी दिलवाई जा रही है। वहीं गजेंद्र सलूजा ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत किसी बहन को बैंक से आर्थिक सहायता की जरूरत हो तो फाउंडेशन उसमे भी उनकी मदद करेंगा। शिक्षा मंत्री के भाई एवं प्रमुख समाज सेवी हरपाल ढांडा नें कहा की इस केंद्र के खुलने से बहने अपने परिवार का सहारा बनेगी और उन्होंने इसके लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व फाउंडेशन का आभार जताया।

## साढौरा बिजली विभाग के जेई पर किसानों के उपकरण बेचने के आरोप

### कार्यालय में अनुपस्थित रहने और किसानों को गुमराह करने का भी आरोप, एसडीओ बोले- होगी जांच

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**साढ़ौरा।** सब डिवीजन बिजली विभाग साढ़ौरा में कार्यरत एक जेई पर भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के पदाधिकारियों और किसानों ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

किसानों का आरोप है कि किसानों के उपयोग के लिए आने वाले बिजली विभाग के उपकरणों को बेचा जा रहा है। साथ ही जेई पर कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित न रहने तथा आम जनता को परेशान और गुमराह करने के भी आरोप लगाए गए हैं।

भाकियू (चढूनी) हरियाणा के



प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव सैनी सरांवा ने बताया कि उनके खेत में लगे बिजली ट्रांसफार्मर के लिए कुछ उपकरणों की आवश्यकता थी। इस संबंध में वह बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे, जहां उन्हें जानकारी मिली कि संबंधित उपकरण जेई के पास उपलब्ध हैं। आरोप है कि जब जेई से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि आवश्यक उपकरण विभागीय कार्यालय में न होकर लगभग 8 से 10 किलोमीटर दूर एक गांव में एक घर के पास गाड़ी में लोड रखे हुए हैं।

इस बात को लेकर भारतीय किसान यूनियन के सदस्य नाराज हो गए और उन्होंने जेई पर विभागीय उपकरणों के दुरुपयोग तथा उन्हें बेचने जैसे आरोप लगाए। किसानों का कहना है कि इस प्रकार के आरोप पहले भी सामने आते रहे हैं, इसलिए मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

वहीं, आरोपों पर सफाई देते हुए संबंधित जेई ने कहा कि उन पर लगाए जा रहे सभी आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के कार्यों और शिकायतों के निस्तारण के लिए उन्हें अधिकांश समय फील्ड में रहना पड़ता है, इसलिए कार्यालय में उनकी उपस्थिति कम दिखाई देती है।

मामले पर बिजली विभाग के एसडीओ विकास बंसल ने कहा कि जेई पर सरकारी संपत्ति को निजी स्थान पर रखने संबंधी जो आरोप लगाए गए हैं, उनकी जांच करवाई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आईओसीएल रिफाइनरी से कॉपर केबल चोरी करने के तीन और आरोपी गिरफ्तार

**काबू**

**कॉपर केबल को दीवार से बाहर डाल रहे थे तभी सीआईएसएफ के जवान वहां पर आ गये थे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 22 जून (बिजेंद्र सिंह)।** सीआईए टू पुलिस टीम ने आईओसीएल रिफाइनरी से कॉपर केबल चोरी करने के तीन और आरोपियों को रविवार शाम को रिफाइनरी के नजदीक रैर कलां चौक से गिरफ्तार किया। आरोपियो की पहचान रैर कलां निवासी अंग्रेज व बलराम उर्फ बल्लू तथा बंगारी वसंत छपार बिहार हाल कुताना निवासी सचिन के रूप में हुई है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर विरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में तीनों आरोपियों ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी कुताना निवासी प्रवीन और फरार दो अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया वे रिफाइनरी में लेबर का काम करते है। शार्टकट तरीके से मोटे पैसे कमाने के लिए उन तीनों ने अपने साथी आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रचकर 18-19 जून की रात रिफाइनरी से कॉपर केबल चोरी की। वे कॉपर केबल को दीवार से बाहर डाल रहे थे तभी सीआईएसएफ के जवान वहां पर आ गये थे और वे बाइक व कॉपर केबल को छोडकर मौके से भाग गए थे लेकिन उनका एक साथी प्रवीन पकड़ा गया था। प्रभारी इंस्पेक्टर विरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने आरोपी प्रवीन की रिमांड अवधी पूरी होने पर और आरोपी अंग्रेज, सचिन तथा बलराम उर्फ बल्लू को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश करके चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

# विधायक योगेन्द्र राणा ने गांव दादूपुर रोड़ान में 62.70 लाख के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**उद्घाटन**

विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकार की विकास कार्यों की जानकारी दी।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने गांव दादूपुर रोड़ान में 62.70 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों एवं विकास कार्यों की जानकारी दी।

विधायक योगेन्द्र राणा ने गांव दादूपुर रोड़ान में 20.70 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास किया। इसके अलावा 13 लाख रुपये की लागत से निर्मित कब्रिस्तान हॉल का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही 14 लाख रुपये की लागत से डेरा संधू से देवेंद्र के खेत तक तथा 15 लाख रुपये की लागत से जुंडला-सिरसी रोड से जीत पुत्र शेर सिंह के खेत तक बनाए गए रास्तों का भी उद्घाटन किया गया।

विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।
उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने इन विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से असंध विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, चिड़ाव ब्लॉक समिति चेयरमैन सतीश कुमार, मंडल अध्यक्ष राहुल, जुंडला मार्केट कमेटी चेयरमैन सुशील शर्मा, जिला पार्षद पाला राम, बुढ ?पुर आबाद सरपंच सतीश कुमार, शाहपुर सरपंच चंद्र भान, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सतपाल जैन, माया राम, विनोद राणा सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# धार्मिक आयोजन में उमड़ी श्रद्धा, बाबा शंकरनाथ समाधि पर विशाल भंडारा

**उद्घाटन**

विधायक ने बाबा शंकरनाथ समाधि पर मत्था टेका, प्राथमिक विद्यालय में शेड का उद्घाटन किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गुमड़ गांव में जय बाबा शंकरनाथ की समाधि पर भंडारे मेंपहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा का आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं की ओर से रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान का ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। विधायक ने गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में करीब 5 लाख रुपए की लागत से तैयार किए गए शेड का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र पहल, हरिओम पंघाल, नफे सिंह मास्टर, इंद्र पहल, रामचंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### नगरपालिका खरीदेगी 49 हार्स पावर का ट्रैक्टर, 5 हजार लीटर क्षमता का पानी टैंक

**गन्नौर।** शहर के पार्कों, सड़कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नगरपालिका 49 हार्स पावर क्षमता का ट्रैक्टर और 5000 लीटर क्षमता वाला पानी का टैंक खरीदेगी। इसके लिए करीब 15 लाख रुपये का टेंडर जारी कर दिया गया है। ट्रैक्टर और टैंक की खरीद के बाद नगरपालिका को पानी से जुड़े कार्यों के लिए निजी साधनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।
नगरपालिका अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में सड़कों पर पानी का छिड़काव करने, पार्कों में सिंचाई करने तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए ट्रैक्टर और पानी के टैंकर किराये पर लेने पड़ते हैं। इसके लिए समय के साथ-साथ अतिरिक्त खर्च भी वहन करना पड़ता है। कई बार जरूरत के समय वाहन उपलब्ध नहीं होने से कार्य प्रभावित होते हैं। ऐसे में स्वयं का ट्रैक्टर और पानी का टैंक होने से नगरपालिका की कार्यक्षमता में सुधार आएगा और विभिन्न कार्य समय पर पूरे किए जा सकेंगे। खरीदे जाने वाले टैंक में पानी भरने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित एचटीपी का उपयोग किया जाएगा। इससे नगरपालिका के खर्च में भी कमी आएगी और शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। नगरपालिका अधिकारियों का मानना है कि यह कदम शहर की स्वच्छता और हरियाली बनाए रखने की दिशा में बेहतर होगा।
ट्रैक्टर और पानी के टैंक की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया
- नगरपालिका के एमई राहुल मोर ने बताया कि ट्रैक्टर और पानी के टैंक की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही नगरपालिका को यह सुविधा मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक पानी संबंधी कार्यों के लिए कोटेशन के आधार पर वाहन हायर करने पड़ते थे, लेकिन अपना संसाधन होने से जरूरत पड़ते ही तत्काल कार्य कराया जा सकेगा।

### सीएम सिटी लाड़वा में बेखौफ दौड़ती बाइक रेहड़ियाँ।

**लाड़वा 22, जून (विजय कौशिक)** : लाड़वा मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में बाइक से बनाई गई रेहड़ियां धड़ल्ले से दौड़ रही हैं। प्रशासन आँख मूँदे देख रहा है। हररोज कोई ना कोई एक्सीडेंट इन जुगाड़ू रिक्शा से होता रहता है लेकिन प्रसाशन के सिर पर जूँ तक नही रेंग रही है। लोग पुरानी हो चुकी मोटरसाइकिल और स्कूटर के इंजन को एसेंबल करके उसके साथ रेहड़ी जोड़कर कमर्शियल व्हीकल्स तैयार वह भी नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहे हैं। लाड़वा में बड़ी संख्या में इस तरह के जुगाड़ यानि मोटर साइकिल या स्कूटर के इंजन के साथ पीछे रेहड़ी जोड़ी जा रही है। इसका इस्तेमाल रेता बजरी, ईंटें, राशन, फर्नीचर, लम्बे लंबे प्लास्टिक के पाइप व अन्य सामान ले जाने में किया जा रहा है।
बिना आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस के ये मोटर रेहड़ियां चल रही हैं। मोटरसाइकिल को रेहड़ी बनाकर चलाने वालों को रोकने के लिए भी नियम कानून होने चाहिए। यहां सैकड़ों की संख्या में ऐसी मोटर रेहड़ियों से काम हो रहा है। रेहड़ी पर पैंडल मारने में थकावट से बचने और तेजी से चलने की इच्छा से रेहड़ी चालकों ने यह नया जुगाड़ तैयार किया है। तेज रफ़्तार से चलने के कारण आए दिन किसी न किसी हादसे को न्योता देती है ये बाइक रेहड़ी।
हालांकि इससे सड़क पर एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है। इनमें क्षमता से ज्यादा भार लादकर पूरी तेजी से चलाया जा रहा है।
बिना रोकथाम के दौड़ रहीं मोटर रेहड़ियां... लाड़वा में इस समय बड़ी संख्या में इस तरह के व्हीकल्स चल रहे हैं। लाड़वा ट्रैफिक पुलिस ने अब तक किसी भी रेहड़ी का चालान नहीं किया। इस कारण इनकी यहां भरमार है। सड़क पर इनकी वजह से हादसे होने का भी डर बना रहता है।
लाड़वा विधानसभा क्षेत्र मुख्यमंत्री नायब सैनी का गृह क्षेत्र है इसके बावजूद बाइक रेहड़ियों का मुद्दा (जुगाड़ वाहन) एक बहुत ही गंभीर विषय है। ये अवैध और खतरनाक वाहन आए दिन सड़क हादसों का कारण बनते हैं। आमतौर पर मोटरसाइकिल के पिछले हिस्से को काटकर बनाई गई इन रेहड़ियों में ब्रेक फेल होने या संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है, जिससे राहगीर और अन्य वाहन चालक खतरे में पड़ते हैं।

# युक्तधारा से ग्राम पंचायतों का होगा डिजिटल कायाकल्प : डॉ. चौहान





**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

करनाल। ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की प्रभावी निगरानी और संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए जीआईएस आधारित तकनीकों का उपयोग समय की आवश्यकता है। यह टिप्पणी हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने की। वे संस्थान में युक्तधारा विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युक्तधारा जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने तथा विकास योजनाओं को अधिक पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

डॉ. चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के डिजिटल भारत के विजन को साकार करने में ऐसी तकनीकें ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को और अधिक तेज करेंगी। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारकर ग्रामीण विकास को नई दिशा देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के समन्वयक एवं हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के सहायक आचार्य कमलदीप सांगवान ने प्रशिक्षण की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जीआईएस आधारित योजना निर्माण, प्राकृतिक संसाधनों के मानचित्रण तथा युक्तधारा पोर्टल के प्रभावी उपयोग से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण पंचायतों की कार्यक्षमता और योजनाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर), हैदराबाद से पधारे विशेषज्ञ अनिल कुमार ने युक्तधारा पोर्टल के विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

# खरखौदा में सुरक्षित माहौल देना प्राथमिकता - एसएचओ अनिल

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

सोनीपत, जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सोनीपत पुलिस का पैदल गश्त अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में रविवार को खरखौदा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने व्यापक पैदल गश्त की। पुलिस टीमों द्वारा मुख्य बाजारों, बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौकों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई और आवश्यकतानुसार जांच भी की गई। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों, व्यापारियों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा संबंधी सुझाव लिए। पुलिस की प्राथमिकता आमजन को सुरक्षित और भयमुक्त माहौल देना है। पैदल गश्त से पुलिस की निरंतर मौजूदगी बनी रहती है, जिससे अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रहता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों और विद्यार्थियों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

# शाहाबाद अनाज मंडी के 200 आढ़ती एकजुट: चेयरमैन और किसान नेता पर परेशान करने के आरोप

**शाहाबाद :(प्रदीप कुमार)**

शाहाबाद अनाज मंडी विश्रामगृह में आयोजित दोनों आढ़ती एसोसिएशन कि संयुक्त बैठक में मार्कीट कमेटी चेयरमैन कर्णराज सिंह तूर और किसान यूनियन के प्रेस प्रवक्ता राकेश बैंस मंडी आढ़तियों को जानबूझ कर परेशान करने के आरोप लगाये और जमकर रोष भी व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता मंडी प्रधान स्वर्णजीत सिंह कालड़ा बिट्टू और धनपतराय अग्रवाल ने की। बैठक में मंडी के करीब 200 आढ़तियों ने एक स्वर में कहा कि सूरजमुखी की खरीद पर मात्र एक प्रतिशत आढ़त में काम करना आर्थिक रूप से संभव नहीं है, जिसकी लिखित सूचना पहले ही एसोसिएशन और व्यक्तिगत स्तर पर सरकार व प्रशासन को दी जा चुकी है। लेकिन उसके बावजूद आढ़तियों को परेशान करने के षड्यंत्र किये जा रहे है । प्रधानों स्वर्णजीत कालड़ा और धनपतराय अग्रवाल ने कहा कि आढ़तियों ने कभी किसानों के हितों की अनदेखी नहीं की। भले ही एक प्रतिशत आढ़त पर काम संभव नहीं है, लेकिन इसके बावजूद मंडी के सभी आढ़ती अपने किसानों की सूरजमुखी फसल की सुखाई, पंखा लगवाने, उतरवाई और अन्य जरूरी कार्यों में अपनी लेबर भेजकर पूरा सहयोग कर रहे हैं।

# खरखौदा में समाधान शिविर, एसडीएम ने 10 शिकायतों पर दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**



आमजन की शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से खरखौदा उपमंडल में एसडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। शिविर में बिजली बिल की गलत रीडिंग के कारण राशन कार्ड कटने की शिकायत पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। प्लाट पर अवैध कब्जे के प्रयास की शिकायत को कार्रवाई के लिए संबंधित थाना प्रभारी को भेजा गया। ग्राम पंचायत क्षेत्र में गली निर्माण में नई-पुरानी ईंटों के उपयोग और पंचायत क्षेत्र में अवैध मिट्टी उठाने के मामलों को जांच एवं कार्रवाई के लिए बीडीपीओ को सौंपा गया। शादीशुदा लड़कियों के वोट कटवाने संबंधी शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया गया। कुछ शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि अन्य को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निपटारे के आदेश दिए गए।
एसडीएम अमित कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।
उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की सफलता तभी है जब शिकायतकर्ता को समयबद्ध तरीके से राहत मिले। प्रशासन का उद्देश्य बेहतर और सुगम सेवाएं देना है। शिविर में सहायक पुलिस आयुक्त जोगिंदर शर्मा, तहसीलदार विजेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार अचिन, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गुरुग्राम: तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**गुरुग्राम:** सेक्टर-10 थाना क्षेत्र में कादीपुर चौक पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हुए स्कूटी सवार की दिल्ली एम्स में मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की ओर से बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है। 14 जून 2026 को कादीपुर चौक पर हुए हादसे में बुरी तरह से घायल हुए शिवम के भाई लविश ने बताया कि उसका भाई शिवम कादीपुर चौक पर स्कूटी से गुजर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने लापरवाही से चलाते हुए स्कूटी को सीधी टक्कर मार दी।

# नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपी गिरफ्तार, 10 ग्राम हैरोईन/चिट्टा बरामद



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 22,जून (विजय कौशिक)** : लाड़वा सीआईए की टीम ने कुरुक्षेत्र पुलिस के सहयोग से ₹ऑपरेशन मैदान-2₹ के तहत नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा की टीम ने ₹ऑपरेशन मैदान-2₹ के तहत नशीला पदार्थ रखने के आरोपी दीपक कुमार वासी विकास नगर बुढा रोड लाडवा जिला कुरुक्षेत्र व लवप्रीत सिंह उर्फ कैनस वासी कृष्णा कालोनी लाडवा जिला कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार करके 10 ग्राम हैरोईन/चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 20 जून 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा की टीम को सूचना मिली कि दीपक कुमार वासी विकास नगर बुढा रोड लाडवा जिला कुरुक्षेत्र मादक पदार्थ बेचने तथा मादक पदार्थ की तस्करी करने का कार्य करता है। यदि दीपक कुमार के मकान की तलाशी ली जाये तो उसके मकान से भारी मात्रा मे मादक पदार्थ या अवैध रुप से अर्जित सम्पत्ति बरामद हो सकती है। सूचना पर अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्ग निर्देश में उप निरीक्षक सुदेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार, सिपाही सचिन, सिपाही अमित कुमार, होम गार्ड कुलदीप सिंह व गाडी चालक मुख्य सिपाही संदीप कुमार की टीम का गठन करके विकास नगर बुढा रोड लाडवा जिला कुरुक्षेत्र पहुंची। पुलिस टीम द्वारा दीपक कुमार के मकान पर रेड की गई जहां पर दो नौजवान लडके मिले जिन्होंने पुलिस टीम के पूछने पर एक लड़के ने अपना नाम दीपक कुमार वासी विकास नगर बुढा रोड लाडवा जिला कुरुक्षेत्र व लवप्रीत सिंह उर्फ कैनस वासी कृष्णा कालोनी लाडवा जिला कुरूक्षेत्र बताया।

# खरखौदा में सुरक्षित माहौल देना प्राथमिकता: एसएचओ अनिल

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

सोनीपत, जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सोनीपत पुलिस का पैदल गश्त अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को खरखौदा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने व्यापक पैदल गश्त की। पुलिस टीमों द्वारा मुख्य बाजारों, बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौकों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई और आवश्यकतानुसार जांच भी की गई। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों, व्यापारियों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा संबंधी सुझाव लिए। पुलिस की प्राथमिकता आमजन को सुरक्षित और भयमुक्त माहौल देना है। पैदल गश्त से पुलिस की निरंतर मौजूदगी बनी रहती है, जिससे अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रहता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों और विद्यार्थियों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

# पैरोल जंप कर फरार चल रहा अटायल गांव का बदमाश मुठभेड़ में मारा गया, हवलदार घायल



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** हत्या, लूट, रंगदारी और अन्य संगीन मामलों में उम्रकैद की सजा काट रहा कुख्यात बदमाश गोपाल सोमवार सुबह खुबड़ू-नदिपुर माजरा मार्ग पर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। जहां पुलिस की गोली लगने से गोपाल की मौत हो गई। वहीं आरोपी की फायरिंग में हवलदार देवेंद्र घायल हो गए। उन्हें खानपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार सुबह करीब साढे पांच बजे सूचना मिली थी कि अटायल गांव निवासी गोपाल किसी वारदात को अंजाम देने की नीयत से क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर सीआईए-1 की टीम राजीव और सीआईए गन्नौर की टीम के इन्चार्ज सब इस्पैक्टर मुकेश ने संयुक्त अभियान चलाकर इलाके में नाकाबंदी की। पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया और फायरिंग शुरू कर दी। गोपाल ने करीब नौ राउंड गोलियां चलाईं। फायरिंग के दौरान एक गोली हवलदार देवेंद्र के हाथ में लगी, जबकि कुछ गोलियां पुलिस वाहनों पर भी लगीं। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। दोनों ओर से चली गोलियों के बीच गोपाल घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से पुलिस ने दो अवैध देसी हथियार, बिना नंबर की मोटरसाइकिल और कारतूसों के कई खोल बरामद किए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस आयुक्त ममता सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक गोपाल दो अलग-अलग हत्या मामलों में उम्रकैद की सजा काट रहा था। उसे 70 दिन की पैरोल मिली थी, लेकिन अवधि समाप्त होने के बाद भी वह जेल नहीं लौटा। फरारी के दौरान उस पर अटायल गांव में फायरिंग, शराब ठेके पर हमला, तोडफोड़, आगजनी और वाहन चोरी जैसी वारदातों में शामिल होने के आरोप लगे थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गोपाल के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, अपहरण, रंगदारी, दुष्कर्म और अवैध हथियार रखने सहित करीब 20 मामले दर्ज थे। प्रेम संबंध में मामला दर्ज होने के बाद रखा अपराध की दुनिया में कदम वर्ष 2009 में अपराध की दुनिया में कदम रखा। उस समय उसका एक युवती के साथ प्रेम संबंध था। युवती के बयान के आधार पर उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया था। आरोप है कि इसी रंजिश में गोपाल ने युवती की मां की हत्या कर दी थी। इसके बाद वह लगातार हत्या, लूट, अपहरण, रंगदारी और अन्य संगीन अपराधों में शामिल होता गया और कुख्यात बदमाश बन गया और क्षेत्र के कुख्यात अपराधियों में गिना जाने लगा। बदमाश अटायल गांव निवासी गोपाल का आपराधिक रिकॉर्ड कुल 20 आपराधिक मामले दर्ज थे।

# उदेशीपुर गांव में योग साधकों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** आयुष विभाग सोनीपत और हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न योगशालाओं में योग दिवस प्रोटोकॉल कार्यक्रम आयोजित किए गए। योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग अभ्यास किया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रामअवतार के निदेर्शानुसार तथा डॉ. दिनेश दत्त के नेतृत्व में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 75 दिनों तक चलाए गए योग प्रोटोकॉल महाअभियान का समापन समापन हुआ। अभियान के तहत आयुष योग सहायक धीरज कुमार द्वारा गांव उद्देशीपुर की योगशाला में योग करवाया। योग कक्षाओं में गांव के बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग नियमित रूप से योग सीख रहे हैं और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। लोगों ने बताया कि करो योग, रहो निरोग के उद्देश्य के साथ चलाए जा रहे इस अभियान से गांव के अनेक लोगों को लाभ मिला है।

## न्यूज फ्लैश

### रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मथुरा जंक्शन द्वारा ट्रेनों में वसूली कर न्यूसेंस करने वाले किन्नरों के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत व्यापक कार्रवाई



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** रेल यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं निर्बाध रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मथुरा जंक्शन द्वारा श्री राज मोहन पिचाई, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, आगरा के कुशल निर्देशन में तथा श्री अरुण कुमार वर्मा, सहायक सुरक्षा आयुक्त, मथुरा परिक्षेत्र के सुपरविजन में प्रभारी निरीक्षक मथुरा जंक्शन श्री उपदेश कुमार कौशिक के नेतृत्व में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन परिसर में जबरन वसूली कर यात्रियों को परेशान करने तथा न्यूसेंस फैलाने वाले किन्नरों के विरुद्ध विशेष अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 01 मई 2026 अभी तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान ट्रेनों में यात्रियों से जबरन धनराशि वसूलने, अभद्र व्यवहार करने एवं न्यूसेंस उत्पन्न करने वाले कुल 97 किन्नरों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई करते हुए अभियोजित किया गया। वही वर्ष 2026 में अब तक रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मथुरा जंक्शन द्वारा चलाए गए विभिन्न विशेष अभियानों के दौरान ऐसे कुल 198 किन्नरों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए अभियोजन की कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। रेलवे सुरक्षा बल अधिकारियों ने बताया कि ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन परिसर में किसी भी प्रकार की जबरन वसूली, यात्रियों को अनावश्यक रूप से परेशान करना, न्यूसेंस फैलाना अथवा अवैध गतिविधियों में संलिप्त होना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसे तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान निरंतर जारी रहेंगे । रेल यात्रियों से अपील की गई है कि यदि यात्रा के दौरान कोई व्यक्ति जबरन धनराशि की मांग करता है, अभद्र व्यवहार करता है अथवा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि में संलिप्त दिखाई देता है, तो इसकी सूचना तत्काल रेलवे हेल्पलाइन 139 अथवा निकटतम फ्द्धत्र्त्र्ञ्फ्ऋ अधिकारी को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### भारतीय किसान संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न : भिवानी के किसानों की समस्याएं गूंजी

**भिवानी, वंदना शर्मा**

**भिवानी, 22 जून** : भारतीय किसान संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय हिसार में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सहित विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्ष और जिला मंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य केंद्र भिवानी जिले के किसानों की ज्वलंत समस्याएं और उनकी लंबित मांगें रहीं, जिन्हें संगठन के पदाधिकारियों ने पुरजोर तरीके से मंच पर रखा। बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेंद्र, हरियाणा प्रदेश किसान संघ के महामंत्री रामबीर, प्रदेश मंत्री एवं बिजली आयाम प्रमुख महिपाल बड़दु, संपर्क अधिकारी मनीराम लबाना, भिवानी जिला अध्यक्ष अजमेर, जेपी बराला, राज सिंह, पवन लक्ष्मणपुरा, रामचन्द्र, प्रीता, डॉ. धर्मबीर दहिया, महेंद्र सिंह, हिसार जिला अध्यक्ष दिलबाग, सतीश, सतपाल और रोहताश पंघाल सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान किसानों की समस्याओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री व बिजली आयाम प्रमुख महिपाल बड़दु ने कहा कि भिवानी जिले का किसान आज कई मोर्चों पर संकट से जूझ रहा है। सबसे गंभीर समस्या खेतों से गुजरने वाली बड़ी बिजली की लाइनों की है। किसानों की उपजाऊ जमीन पर बड़े-बड़े पोल खड़े कर दिए गए हैं, जिससे उन्हें खेती करने में भारी असुविधा हो रही है, लेकिन प्रशासन द्वारा आज तक उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। भारतीय किसान संघ इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इसके अलावा, फसल बीमा क्लेम के नाम पर कंपनियों द्वारा किसानों को लगातार परेशान किया जा रहा है। हमारी मांग है कि बिजली लाइनों का उचित मुआवजा और किसानों का बकाया बीमा क्लेम तुरंत जारी किया जाए। हम इन सभी मांगों को उच्च अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाएंगे और समाधान करवाकर ही दम लेंगे।

वही भिवानी क्षेत्र की जमीनी दिक्कतों को रेखांकित करते हुए भिवानी जिला अध्यक्ष अजमेर ने कहा कि भिवानी क्षेत्र के किसानों के पास अनाज भंडारण के लिए उचित व्यवस्था नहीं है।

# उपायुक्त के सख्त निर्देश पर मरोली फीडर पर नया ट्रांसफार्मर किया गया स्थापित

**नया ट्रांसफार्मर**

**-ग्रामवासियों को बिजली समस्या से मिली राहत, उपायुक्त डा. जयेंद्र सिंह छिल्लर का जताया आभार**



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल,।** उपायुक्त डा. जयेंद्र सिंह छिल्लर के निर्देशों पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों ने ग्रामीणों की बिजली समस्या का त्वरित समाधान करते हुए गांव मरोर्ली की शमशान भूमि स्थित मरोर्ली फीडर पर नया ट्रांसफार्मर स्थापित करवा दिया है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण क्षेत्र के लोगों को बिजली आपूर्ति में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर के संज्ञान में लाई गई थी। उपायुक्त डा. जयेंद्र सिंह छिल्लर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए समस्या पर कड़ा संज्ञान लिया और डीएचबीवीएन के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके निर्देशों के बाद बिजली निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर पुराने और खराब ट्रांसफार्मर को हटाया तथा उसकी जगह नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली आपूर्ति को सुचारू रूप से बहाल कर दिया।

उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्या होने पर जिला प्रशासन को अवगत कराना चाहिए, ताकि उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही थी, जिससे दैनिक कार्यों में भी दिक्कतें आ रही थीं। नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बाद अब बिजली व्यवस्था सामान्य हो गई है और लोगों को काफी राहत मिली है। ग्रामीणों ने बिजली समस्या के त्वरित समाधान के लिए उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर, जिला प्रशासन और बिजली निगम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के हस्तक्षेप से कम समय में समस्या का समाधान हुआ, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है। उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने जिला प्रशासन की ओर से भी भविष्य में ऐसी समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए तुरंत कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

## नूंह में ट्रैफिक चालान अभियान पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले में पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन के निर्देश पर चलाए जा रहे यातायात नियमों के पालन और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान अभियान को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि जिले में विभिन्न स्थानों पर सुबह से शाम तक लगातार किए जा रहे चालानों के कारण आम लोगों, विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन से मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया तथा अभियान की समीक्षा करने और गैर-जरूरी चालानों पर रोक लगाने की मांग की।

मुलाकात के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहीदा खान ने कहा कि नूंह जिले के लोग पहले से ही आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस यातायात नियमों के पालन के खिलाफ नहीं है और नियमों का पालन होना चाहिए, लेकिन चालान अभियान के नाम पर लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। उनका कहना था कि विभिन्न नाकों पर लगातार की जा रही कार्रवाई से लोगों में भय का माहौल बन रहा है, जिसके कारण कई लोग पुलिस नाकों से बचने के लिए पहाड़ी क्षेत्रों के छोटे और जोखिम भरे रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे महिलाओं, बुजुर्गों और छोटे बच्चों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## महाराष्ट्र के अनाथ बच्चों की पढ़ाई से लेकर शादी तक का खर्च उठाएंगे गुरमीत राम रहीम

**टीम एक्शन इंडिया**

सिरसा( रणबीर खटक )मानवता और जरूरतमंदों की सहायता के लिए लगातार चलाए जा रहे कार्यों के तहत डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने एक बार फिर सेवा और परोपकार का उदाहरण प्रस्तुत किया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, अंतरराष्ट्रीय संगीत दिवस और फादर्स डे के अवसर पर पूज्य गुरु जी ने समाज में सेवा, संस्कार और मानवता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों का यह नैतिक दायित्व है कि वे जरूरतमंदों और असहाय लोगों की सहायता के लिए आगे आएं।

डैप्थ कार्यक्रम (नशा व बुराईयां छुड़वाने का कार्यक्रम)के दौरान महाराष्ट्र के सासावार स्थित ममता बाल सदन नामक एनजीओ द्वारा संचालित अनाथ आश्रम की प्रभारी स्मिता ने आश्रम में रह रहे बच्चों की शिक्षा और देखभाल को लेकर सहयोग की अपील की। इस पर पूज्य गुरु जी ने आश्रम के बच्चों की पढ़ाई, पालन-पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और उनके विवाह तक का संपूर्ण खर्च वहन करने की घोषणा की। इस घोषणा का उपस्थित साध-संगत ने जोरदार समर्थन किया और मानवता भलाई के इस कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम का एक भावुक क्षण उस समय देखने को मिला जब पंजाब के संगरूर जिले के गांव कमोमाजरा निवासी 20 वर्षीय जसप्रीत कौर को नए मकान की चाबी सौंपी गई। जसप्रीत कौर के पिता का वर्ष 2021 में निधन हो गया था, जिसके बाद परिवार आर्थिक संकट से जूझने लगा।

परिवार जिस मकान में रह रहा था, उसकी हालत बेहद खराब थी। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता था और कई बार परिवार को पड़ोसियों के घरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ता था।

## अवैध खनन पर पुलिस का शिकंजा, ड्रोन से पहाड़ियों की निगरानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। खनन माफियाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अब आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को बिछौर थाना क्षेत्र के हथनगांव की पहाड़ियों में ड्रोन के माध्यम से विशेष निगरानी अभियान चलाया गया।पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन के निर्देशानुसार बिछौर थाना प्रभारी सुखबीर यादव पुलिस टीम के साथ हथनगांव पहुंचे। यहां ड्रोन उड़ाकर पहाड़ी क्षेत्रों, संवेदनशील स्थानों और संभावित खनन स्थलों की बारीकी से निगरानी की गई। ड्रोन कैमरों की मदद से दूर-दराज के इलाकों में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी गई।

## विश्वविद्यालय ने पर्यवेक्षक देने से किया इंकार, फिर भी संपन्न हो गया बीएसए कॉलेज प्रबन्ध समिति का चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** बाबू शिवनाथ अग्रवाल डिग्री कॉलेज, मथुरा की प्रबन्ध समिति के चुनाव को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा जारी पत्र दिनांक 24 अप्रैल 2026 में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि चुनाव संबंधी आवश्यक ट्रस्ट अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए हैं तथा आवश्यक औपचारिकताओं के अभाव में निर्वाचन प्रक्रिया का संपादन विधि-सम्मत नहीं माना जा सकता। विश्वविद्यालय ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया था कि महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति से संबंधित प्रकरण न्यायालय एवं राज्यपाल




सचिवालय में विचाराधीन है तथा विश्वविद्यालय स्तर पर निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इन परिस्थितियों में विश्वविद्यालय ने प्रस्तावित चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करना प्रशासनिक दृष्टि से उपयुक्त नहीं माना।विशेष तथ्य यह है कि चुनाव कराने वाले पक्ष ने स्वयं विश्वविद्यालय से पर्यवेक्षक नियुक्त करने का अनुरोध किया था, जिससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं वैधता सुनिश्चित हो सके। किंतु विश्वविद्यालय द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त न किए जाने के बावजूद बाद में प्रबन्ध समिति का चुनाव सम्पन्न कर लिया गया।अब प्रश्न यह उठ रहा है कि जब विश्वविद्यालय ने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक औपचारिकताओं पर आपत्ति दर्ज की थी और पर्यवेक्षक नियुक्त करने से इंकार कर दिया था, तब चुनाव किस आधार पर सम्पन्न कराया गया? चुनाव प्रक्रिया को किस सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया?

सूत्रों के अनुसार चुनाव के संबंध में प्राचार्य द्वारा कोई सार्वजनिक सत्यापन अथवा प्रमाणन सामने नहीं आया है।

# जिला में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना पत्र वितरण कार्य लगभग पूर्ण

**निरीक्षण**

**-एसडीएम भूपेंद्र सिंह और तहसीलदार दिनेश कुमार ने बूथ लेवल अधिकारियों के कार्य का किया निरीक्षण**



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

पलवल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. जयेंद्र सिंह छिल्लर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी एवं त्रुटि रहित बनाने के उद्देश्य से संचालित इस अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्र वितरित करने का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि वे मतदाताओं की गणना फॉर्म भरने में सहायता करें तथा घर-घर जाकर भरे हुए फॉर्म प्राप्त करना सुनिश्चित करें ताकि किसी भी मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।उपायुक्त के निर्देशानुसार सोमवार को एसडीएम पलवल भूपेंद्र सिंह और तहसीलदार पलवल दिनेश कुमार ने बूथ लेवल अधिकारियों के कार्य का निरीक्षण किया तथा मतदाताओं को विशेष पुनरीक्षण अभियान में जिला प्रशासन का सहयोग करने के लिए जागरुक करते हुए स्वयं भी गणना पत्र मतदाताओं को वितरित किए। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. जयेंद्र सिंह छिल्लर ने बताया कि पलवल जिले में कुल 7,07,729 मतदाता पंजीकृत हैं। इनके सत्यापन कार्य के लिए 717 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा 938 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी नियुक्त किए गए हैं, जो इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे बीएलओ का सहयोग करते हुए समय पर अपने गणना फॉर्म भरकर जमा करवाएं, जिससे मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाया जा सके।उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार 14 जुलाई 2026 तक प्राप्त होने वाले गणना फॉर्मों के आधार पर प्रारंभिक मतदाता सूची (ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल) तैयार की जाएगी। जो मतदाता निर्धारित तिथि तक फॉर्म जमा नहीं कर पाएंगे, वे 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान घोषणा पत्र और फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

## ड्यूटी में लापरवाही और शराब पीकर सरकारी वाहन चलाने पर दो एसपीओ डिस्चार्ज

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिला पुलिस में तैनात दो विशेष पुलिस (रढड) अधिकारियों को ड्यूटी में गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोपों में सेवा से डिस्चार्ज कर दिया गया है। संबंधित थाना प्रबंधकों की रिपोर्ट और सिफारिशों के आधार पर पुलिस अधीक्षक नूंह डॉ० अर्पित जैन द्वारा यह कार्रवाई की गई । पुलिस प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सदर तावडू में चालक के पद पर तैनात एसपीओ मनोज कुमार पर आरोप है कि 10 जून को ड्यूटी के दौरान उसने शराब का सेवन कर सरकारी वाहन चलाया। रिपोर्ट के अनुसार वाहन चलाते समय एक राहगीर महिला को टक्कर लगने से वह घायल हो गई । घटना के बाद संदेह होने पर उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जिसमें डॉक्टर द्वारा उसके मुंह से शराब की गंध आने का उल्लेख किया गया । इसके अलावा घटना के अगले दिन से वह बिना सूचना के लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित भी पाया गया । थाना प्रबंधक ने इस कृत्य को पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने वाला बताते हुए उसके विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की थी । वहीं थाना नगीना में सामान्य ड्यूटी पर तैनात एसपीओ नरसीराम 04 मई से लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहा था । पुलिस अधिकारियों द्वारा फोन के माध्यम से संपर्क करने के बावजूद उसने ड्यूटी पर लौटने से इनकार कर दिया । थाना प्रबंधन ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता और लापरवाही मानते हुए उसे सेवा से डिस्चार्ज करने की अनुशंसा की थी। पुलिस विभाग के अनुसार अनुशासित बल में कार्यरत कर्मचारियों से उच्च स्तर की जिम्मेदारी और अनुशासन की अपेक्षा की जाती है।

# ब्रह्मांड घाट से गूंजा संकल्प:- हम सबने यह ठाना है–ब्रज को स्वच्छ बनाना हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**

**मथुरा** ' भगवान श्रीकृष्ण जी की लीलास्थली ब्रज को स्वच्छ, सुंदर और पवित्र बनाए रखने के संकल्प के साथ सोमवार को तहसील महावन के गोकुल स्थित विश्व प्रसिद्ध, ऐतिहासिक एवं पौराणिक ब्रह्मांड घाट से व्यापक स्वच्छता अभियान का शुभारंभ हुआ।

हृहम सबने यह ठाना है–ब्रज को स्वच्छ बनाना हैहृ अभियान के तहत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, हार्टफुलनेस संस्था, नगर पंचायत और छात्र-छात्राओं के



साथ स्वयं श्रमदान / सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

अभियान के दौरान घाट परिसर, सीढ़ियों, आवागमन मार्गों, यमुना जी के किनारे तथा आस-पास के क्षेत्र में फैली गंदगी को साफ किया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने स्वयं कूड़ा एवं मिट्टी को हटाया। जिलाधिकारी ने एक-एक कर प्लास्टिक को एकत्रित करते हुए यमुना जी के घाटों को प्लास्टिक मुक्त किया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र सहित स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने झाड़ू लगाकर, कूड़ा एकत्रित कर और परिसर को व्यवस्थित कर यह संदेश दिया कि ब्रज की स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक सहभागिता का विषय भी है।

अभियान का नेतृत्व करते हुए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि ब्रजभूमि हम सभी की अमूल्य धरोहर है। नंदगांव, बरसाना, गोवर्धन, गोकुल, बलदेव, वृंदावन और मथुरा जैसे पावन तीर्थस्थलों की गरिमा और पवित्रता बनाए रखना हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि ब्रज में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक दर्शन और पुण्य लाभ के लिए आते हैं, लेकिन अनजाने में प्लास्टिक की बोतलें, पॉलिथीन और अन्य कचरा फैला देते हैं, जिससे तीर्थस्थलों की पवित्रता प्रभावित होती है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने स्थानीय नागरिकों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि ह्वब्रज की रज अत्यंत पवित्र है। यहां पुण्य कमाने आएं, गंदगी फैलाने से बचें। हर नागरिक को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होना होगा।ह्व उन्होंने कहा कि यह अभियान एक दिन का नहीं है, बल्कि पूरे ब्रज में निरंतर चलता रहेगा।

# दिव्यांग ललित कुमार की पीड़ा सुनने को जमीन पर बैठ गए उपायुक्त डा. जयेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर में उस समय एक मार्मिक, संवेदनशील, भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने जिला के गांव आली ब्राह्मण निवासी दिव्यांग व्यक्ति ललित कुमार की समस्या सुनने के लिए औपचारिकता से ऊपर उठकर कुर्सी छोड़ जमीन पर बैठना उचित समझा। इस संवेदनशील व्यवहार ने न केवल उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया, बल्कि जिला प्रशासन पलवल के मानवीय चेहरे को भी



उजागर किया। ललित कुमार के दोनों हाथ नहीं है, फिर भी वह पैर से लिख सकता है।

सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे थे। इसी दौरान जिला के गांव आली ब्राह्मण निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति ललित कुमार अपनी दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम से संबंधित समस्या लेकर शिविर में पहुंचा। शारीरिक असुविधा के कारण वह निर्धारित स्थान तक आसानी से नहीं पहुंच पा रहा था। जब उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह छिल्लर की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल उसके पास जाकर उसकी स्थिति का जायजा लिया और उसकी पीडा सुनी। दिव्यांग व्यक्ति को सहज महसूस कराने और उसकी बात विस्तार से सुनने के लिए उपायुक्त डा. छिल्लर स्वयं जमीन पर बैठ गए।

उन्होंने पूरे धैर्य और संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। ललित कुमार ने उपायुक्त को अवगत कराया कि उसने गांव में घर खरीदा था जिसका पेंडिंग बिल उसके असली मालिक को देने की बजाए उसे भुगतान करने के लिए दिया जा रहा है। इस पर उपायुक्त ने हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि पेंडिंग बिल पुराने मालिक से ही वसूल किया जाए।

उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंह का यह व्यवहार देखकर समाधान शिविर में मौजूद लोग भावुक हो उठे। लोगों ने कहा कि जिला प्रशासन का ऐसा मानवीय और संवेदनशील रूप बहुत कम देखने को मिलता है।दिव्यांग व्यक्ति ललित कुमार ने भी उपायुक्त डा. जयेन्द्र सिंहके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उसे उम्मीद नहीं थी कि कोई वरिष्ठ अधिकारी उसकी परेशानी को इतनी गंभीरता और आत्मीयता से सुनेगा। उसने कहा कि आज उसे महसूस हुआ कि जिला प्रशासन वास्तव में आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।उपस्थित नागरिकों ने कहा कि शासन और जिला प्रशासन की सफलता केवल योजनाओं के क्रियान्वयन में ही नहीं, बल्कि लोगों के प्रति संवेदनशील व्यवहार में भी निहित होती है। उपायुक्त का यह कदम समाज को यह संदेश देता है कि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो, सम्मान और संवेदना का अधिकार रखता है।

# स्टॉर्म वॉटर प्रोजेक्ट: सडकें उखडने से बढ़ी परेशानी, धूल और गड्ढों से लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**

सिरसा( रणबीर खटक )शहर में स्टॉर्म वॉटर प्रोजेक्ट- 2 के तहत कई प्रमुख सडकों को उखाड़ दिए जाने के बाद आम लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं।

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि सडकों की खुदाई के बाद मिट्टी को सही तरीके से दबाया तक नहीं गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में धूल और गड्ढों का साम्राज्य फैल गया है। जारी बयान में शर्मा ने कहा कि हाल ही में हुई प्री मानसून की



पहली बारिश के कारण खुदाई वाली जगहों पर मिट्टी धंसने से कई वाहन फस गए, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट के तहत खुदाई की गई सडकों पर दिनभर धूल उड़ती रहती है, जिससे दुकानदारों की शामत आ गई है। लगातार उड़ती धूल के कारण दुकानों पर ग्राहक कम आ रहे हैं, जिससे उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पहले जहां दिनभर बाजार में रौनक रहती थी, अब वहां सन्नाटा पसरा हुआ नजर आता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि धूल और गड्ढों के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी खतरा बढ़ गया है। खासकर दमा, एलर्जी और सांस की बीमारियों से पीड़ित दुकानदारों व राहगीरों के लिए यह स्थिति बेहद गंभीर बन गई है।

## न्यूज फ्लैश

## एचटेट के कारण केयू की पांच प्रवेश परीक्षाएं पुनर्निर्धारित, नया शेड्यूल जारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के आयोजन को देखते हुए कुछ पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया है। कोऑर्डिनेटर एडमिशन सेल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 4 एवं 5 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली पांच प्रवेश परीक्षाओं को पुनर्निर्धारित कर नई तिथियां घोषित की गई हैं।

कोऑर्डिनेटर एडमिशन सेल द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार बी.पी.एड. की प्रवेश परीक्षा अब 6 जुलाई 2026 को दोपहर 3.30 बजे, एलएल.बी. (प्रोफेशनल) की परीक्षा 7 जुलाई 2026 को दोपहर 12.30 बजे, एम.ए. अंग्रेजी की परीक्षा 7 जुलाई 2026 को दोपहर 3.30 बजे, जबकि एम.फामेर्सी एवं एम.एससी. बॉटनी की प्रवेश परीक्षाएं 8 जुलाई 2026 को क्रमशः सुबह 10.00 बजे तथा दोपहर 3.30 बजे आयोजित की जाएंगी।

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि सभी परीक्षाओं की उत्तर कुंजी परीक्षा के दिन ही जारी की जाएगी तथा अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों तक आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। इन प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम 10 जुलाई 2026 को घोषित किए जाएंगे।

बी.पी.एड. कार्यक्रम के लिए 30 जून 2026 को होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी। इस संबंध में नवीनतम जानकारी एवं अपडेट विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकता है।

## बच्चों को मोबाइल की लत से बचाना परिवार और समाज की साझा जिम्मेदारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**धर्म सिंह जोगनाखेड़ा**

**थानेसर।** छोटे बच्चों में मोबाइल फोन का बढ़ता उपयोग एक गंभीर सामाजिक चिंता का विषय बन चुका है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो इसका बच्चों के जोगना रियल स्टेट के एमडी केरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास पर दूरगामी दुष्प्रभाव पड़ सकता है इस विषय पर प्रबुद्ध लोगों से परिचर्चा की गई। जोगना रियल एस्टेट के एम डी धर्मबीर मंढान ने कहा कि माता-पिता बच्चों के प्रथम शिक्षक होते हैं। इसलिए अभिभावकों को स्वयं भी मोबाइल का सीमित एवं जिम्मेदार उपयोग करना चाहिए तथा बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय बिताना चाहिए। उन्हें खेलकूद, पुस्तक पठन, योग, संगीत, चित्रकला, नैतिक शिक्षा एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। धन्ना भगत पब्लिक स्कूल के प्रधान जगतार काजल ने कहा कि घर में मोबाइल उपयोग के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाएं। भोजन के समय, पढ़ाई के दौरान तथा सोने से पहले मोबाइल का उपयोग पूरी तरह बंद रखा जाए। बच्चों को परिवार के साथ संवाद, सामाजिक गतिविधियों और खुले वातावरण में खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# भारतीय योग संस्थान हरियाणा के संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर को सीएम ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) रोहिणी, दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई के संगठन मंत्री एवं प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर को योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने, जन मानस तक योग का प्रचार प्रसार करने, भारतीय योग संस्थान के कार्य को आगे बढ़ाने, हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने, कई सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, शैक्षणिक, साहित्यिक, पत्रकारिता व अन्य कल्याणकारी क्षेत्रों में कार्य कर रही संस्थाओं में सक्रिय सहभागिता के लिए 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पंचकूला में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा योग आयोग, पंचकूला की संस्तुति पर



माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा, नायब सिंह सैनी जी द्वारा स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा डॉ आरती राव व अन्य गणमान्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत प्रशस्ति पत्र में ग्रोवर के योग के क्षेत्र में सराहनीय योगदान तथा विशेष उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उनके प्रति साधुवाद व आभार का भाव प्रकट किया गया है । ग्रोवर पिछले 10 वर्षों से भारतीय योग संस्थान से जुड़कर योग शिक्षक, केंद्र प्रमुख, कार्यकारी जोन प्रधान, जिला उप प्रधान, प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता के रूप में संस्थान को निष्काम सेवा भाव से अपनी सेवाएं देते रहे हैं । वर्तमान में संस्थान द्वारा उन्हें प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता का दोहरा प्रभार दिया गया है जिसे वह बखूबी निभा रहे हैं । संस्थान एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा विभिन्न स्तरों पर उनके कार्य को समय-समय पर सराहा गया है । श्री ग्रोवर अपने संस्थान के कार्यों के साथ साथ प्रत्येक वर्ष हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित ध्यान योग शिविर, प्रदर्शनी, सूर्य नमस्कार अभियान व अन्य आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले कर प्रभावी भूमिका निभाते रहे हैं और दूसरों को भी इस अभियान के लिए प्रेरित करते रहे हैं । इस वर्ष भी सूर्य नमस्कार अभियान में पूरे प्रदेश में उनका प्रयास अग्रणी रहा है । उनकी सभी उपलब्धियां को ध्यान में रखते हुए हरियाणा योग आयोग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए उनके नाम की संस्कृति की गई थी । श्री ग्रोवर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय उन्हें योग सिखाने वाले संस्थान के योग शिक्षकों, सभी उच्चाधिकारियों व उन सभी साधकों को दिया है।

## भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश सैनी का किया भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** भारतीय जनता पार्टी जिला कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश सैनी का पार्टी कार्यालय में गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर गांव कैंथल खुर्द के सरपंच सरदार बलदेव सिंह सैनी तथा कुलदीप सिंह सैनी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि रमेश सैनी के नेतृत्व में भाजपा संगठन जिले में और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। नवनियुक्त कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश सैनी ने स्वागत एवं सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं का सम्मान और जनता की सेवा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## नगर की सफाई व्यवस्था पर प्रशासन ने लिया त्वरित संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर महेंद्रगढ़ के उप मंडल अधिकारी (एसडीएम) योगेश सैनी एवं नगर पालिका की उप प्रधान मंजू कौशिक के सहयोग से वार्ड नंबर 14, सिनेमा रोड स्थित गली में लंबे समय से पड़े गंदगी के ढेर को तत्काल प्रभाव से हटवा दिया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त स्थान पर काफी समय से कूड़ा जमा होने के कारण क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हाल ही में हुई बारिश के बाद वहां से उठने वाली दुर्गंध से पूरे मोहल्ले का वातावरण प्रभावित हो रहा था।

# वकीलों के चेंबर और घरों से एसी कॉपर वायर चुराने वाला आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला:** पंचकूला पुलिस ने सैक्टर-1 क्षेत्र में एसी की कॉपर वायर चोरी के मामले का महज 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए चोरी करने वाले आरोपी तथा चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई कॉपर वायर भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार पंचकूला निवासी एक शिकायतकर्ता ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उनके सैक्टर-1 स्थित घर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने एसी की कॉपर वायर चोरी कर ली। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि क्षेत्र में स्थित वकीलों के चैंबर के



पीछे लगी एसी की कॉपर वायर भी गायब पाई गई। मामले की शिकायत के आधार पर सैक्टर-7 थाना में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान सैक्टर-1 चौकी इंचार्ज राममेहर, जांच अधिकारी एएसआई राजीव व उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के अंदर 21 जून को वारदात के आरोपी शेरा उर्फ बिल्लू निवासी लेबर कॉलोनी, पिंजौर को गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता के अनुसार गिरफ्तार आरोपी शेरा के खिलाफ पहले से भी चोरी के तीन मामले दर्ज हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने चोरी की गई कॉपर वायर कबाड़ी सुच्चा गिरी निवासी खड़क मंगोली को बेच दी थी। इसके बाद आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया।

रिमांड के दौरान चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी कबाड़ी को भी गिरफ्तार कर लिया। हमारी टीम ने कबाड़ की दुकान पर छापेमारी कर चोरी की गई एसी की कॉपर वायर बरामद कर ली।

## डॉ.आंबेडकर स्मारक समिति के नए सदस्य फाउंडर बनाने का प्रस्ताव पारित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति की मासिक बैठक प्रधान अमन देवी जोरासिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें उपस्थिति कार्यकारणी सदस्यों ने अग्रलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर हुई आय व व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर दिया है, आडिट करवाने, जिला रजिस्ट्रार कार्यालय कि फीस भरने व अन्य कार्यों के लिए रूपान्तरित करने के लिए पिछली बैठक की कार्यवाही का पुष्टिकरण की। डॉ. वी राजा शेखर बुन्डुरू अतिरिक्त मुख्य सचिव का डॉ. अम्बेडकर भवन महेंद्रगढ़ में जुलाई माह में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल पर हुई आय व खर्च का ब्यौरा आडिट करना। वर्तमान कार्यकारिणी के काल का आडिट करवाने के लिए सीए तय करना। समिति के सभी पैडिग कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का प्रस्ताव किया। डॉ. अम्बेडकर भवन छात्रावास निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए नक्शा बनवाकर शुरू करवाना। अम्बेडकर स्मारक समिति महेंद्रगढ़ के नए सदस्य बनाने के लिए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया चैक व डीडी द्वारा 1100 रुपए आजीवन, 11000 रूपया फाउंडर मेंबर बनेगा।

# पानी की बर्बादी रोकने के लिए चला विशेष अभियान, सर्विस स्टेशन संचालकों को दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**

पेयजल की बर्बादी रोकने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सिरसा ऑटो मार्केट तथा रानियां क्षेत्र में विशेष जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गाडियों की धुलाई में पेयजल के दुरुपयोग को रोकने के लिए सर्विस स्टेशन संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सिरसा ऑटो मार्केट में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीम ने उन सर्विस स्टेशनों का निरीक्षण




किया, जहां वाहनों की धुलाई के दौरान पाइपों से लगातार पानी बहाया जा रहा था। टीम ने संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि पेयजल को व्यर्थ न बहाया जाए तथा पानी की अनावश्यक खपत से बचा जाए। विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में जल की बबार्दी पाए जाने पर संबंधित जल कनेक्शन काटने सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान जिला सलाहकार राकेश सोगलान, बीआरसी राजेश कुमार, प्रेम कुमार तथा सीताराम मौजूद रहे। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्लंबर एवं बिल वितरक भी टीम के साथ शामिल रहे।

अधिकारियों ने दुकानदारों एवं ग्राहकों से जल संरक्षण में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में पानी बचाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

रानियां में भी विभागीय टीम द्वारा सर्विस स्टेशनों का निरीक्षण कर पेयजल के दुरुपयोग को रोकने के लिए संचालकों को चेतावनी दी गई। टीम ने स्पष्ट किया कि गाडि?ों की धुलाई के दौरान पानी की बबार्दी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर डब्ल्यूएसएसओ के बीआरसी डॉ. बलदेव राज तथा सुनील कुमार ने संबंधित सर्विस स्टेशन संचालकों को नोटिस वितरित किए।

# समाधान शिविर में जन समस्याओं का समय पर निवारण करें अधिकारीः एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर एएसपी आदर्शदीप सिंह भी मौजूद रहे।

समाधान शिविर में कुल 10 शिकायतें आई। इसके साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने शिविर में पहुंचकर एक-एक



कर शिकायतकताओं को सुना और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन समस्याओं का शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। शिविर में पेयजल, सडक सुधार, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन वितरण, भूमि संबंधी विवाद और अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाना है। समाधान शिविर इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

उन्होंने बताया कि जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है।

## गांव मालड़ा सराय में योग शिविर का हुआ समापन

**महेंद्रगढ़।** गांव मालड़ा सराय स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में चल रहा योग शिविर सोमवार को लगभग एक महीने के बाद इसका समापन हो गया। कार्यक्रम में सम्मान एवं पारितोषिक वितरण समारोह किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गजराज महाराज, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य ओमकार यादव, प्रवक्ता जयप्रकाश यादव, मास्टर महावीर यादव बवाना, कर्मचारी नेता सुजान मालड़ा, गांव के पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह, मौलिक मुख्य अध्यापक मनोज शास्त्री रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कर्मचारी नेता सुजान मालड़ा ने किया।

# आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाये आमजनः सिविल सर्जन डॉ.

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**

जिला नागरिक अस्पताल में सोमवार को जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 50 से अधिक लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया गया और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

उप सिविल सर्जन डॉ. राजेश चौधरी ने बताया कि शिविर में आमजन को आयुष्मान भारत योजना के लाभ जैसे कि सरकारी अस्पताल में मिलने वाली सुविधा और प्राइवेट हॉस्पिटलों मे मिलने वाली सुविधा के बारे में अधिक लोगो को विस्तार पूर्वक बताया




गया। इस मौके पर आयुष्मान मित्रों के द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को हरियाणा सरकार के द्वारा मिलने वाले सुविधा वय वंदना कार्ड की जानकारी दी गई।

आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधोसिंघाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानियां, उपमंडल नागरिक अस्पताल ऐलनाबाद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाथूसरी चोपटा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागुढ़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओढ़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौटाला, उपमंडल नागरिक अस्पताल डबवाली इस तरह से

**कल्याणकारी**

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया गया

कुल 36 सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। इसी तरह सिरसा जिले के 60 प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर आयुष्मान मित्र सूरज, मुस्कान, गीता, संदीप, सुनीता व सुमन ने आमजन को योजना के बारे में जानकारी दी।

# दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं शिविर : सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** जिला रेडक्रॉस शाखा कुरुक्षेत्र, जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र एवं एलिम्को के संयुक्त तत्वावधान में उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस शाखा कुरुक्षेत्र विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में शाकुंभरी देवी मंदिर शाहबाद में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क जांच एवं माप शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने भी इस शिविर में शिरकत की। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रमेश चौधरी व सुरेन्द्र जैन सचिव शिवाला कमेटी शाहबाद के द्वारा सुभाष कलसाना को बुके



देकर सम्मानित किया।

शिविर में एलिम्को की टीम द्वारा दिव्यांगजनों और 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की आंखों, कानों तथा अन्य आवश्यक जांच कर सहायक उपकरणों के लिए माप लिए गए। जांच के बाद 45 दिव्यांग एवं बुजुर्ग लाभार्थियों का चयन किया गया, जिन्हें आगामी चरण में एलिम्को के माध्यम से आवश्यक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

सचिव सुभाष कलसाना ने कहा कि ऐसे शिविर दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। समय समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन होते रहने चाहिए ताकि दिव्यांगों को चलने फिरने में कोई समस्या ना हो।

सचिव रमेश चौधरी ने विशेष तौर पर सुभाष कलसाना का धन्यवाद किया, जिन्होंने समय निकालकर दिव्यांगजन के साथ कुछ समय बिताया। शिवाला कमेटी सचिव सुरेंद्र जैन द्वारा शिविर में आए हुए लोगों के सभ लिए बैठने व भोजन की व्यवस्था की। समय समय पर सुरेन्द्र जैन जरूरतमंद लोगों के लिए काम करते रहते है। इस कार्य के रमेश चौधरी सचिव जिला रेडक्रॉस द्वारा विशेष आभार व्यक्त किया।

सचिव रमेश चौधरी ने बताया कि कल शिविर का आयोजन अनाज मंडी लाडवा की धर्मशाला में होगा। नगर पालिका कार्यालय पेहवा में 24 जून को, 25 को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय इस्माइलाबाद तथा 26 जून को रेडक्रॉस भवन सेक्टर-13 कुरुक्षेत्र में होगा। इस अवसर पर रेडक्रॉस से प्रकाश चंद्र टेक्नीशियन, लिपिक जोगिंदर सिंह व ओमप्रकाश तथा एलिम्को की टीम से डॉ. शबो नूर (कृत्रिम अंग विशेषज्ञ), डॉ. अनिल कुमार, डॉ अमनदीप, डॉ. सुमित सिंह, सुभाष चंद सहित अन्य विशेषज्ञों ने जांच की।

# प्रॉपर्टी फेडरेशन चंडीगढ़ (रजि.) के अध्यक्ष ने गृह मंत्री को पत्र लिखा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** प्रॉपर्टी फेडरेशन चंडीगढ़ (रजि.) के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी ने फेडरेशन के सदस्यों की ओर से भारत के माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी को पत्र लिखकर चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के 10 जनवरी 2023 के निर्णय की व्याख्या के बाद शेयर-वाइज प्रॉपर्टी रजिस्ट्रियों पर रोक लगाए जाने से उत्पन्न गंभीर समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है, शेयर-वाइज रजिस्ट्रियों के बंद होने से संपत्ति मालिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे



संपत्तियों के हस्तांतरण, बिक्री, उत्तराधिकार एवं प्रबंधन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसके साथ ही हजारों निवासियों के बीच अनिश्चितता का वातावरण पैदा हुआ है तथा चंडीगढ़ प्रशासन को भी राजस्व की उल्लेखनीय हानि हो रही है।

प्रॉपर्टी फेडरेशन चंडीगढ़ के सदस्यों ने बताया कि शहर में अनेक संपत्तियां अब तीसरी और चौथी पीढ़ी के परिवारजनों के स्वामित्व में हैं।

ऐसी स्थिति में संपत्ति के हिस्सों का हस्तांतरण न हो पाने से कानूनी और वित्तीय जटिलताएं उत्पन्न हो रही हैं। यदि इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में पारिवारिक विवादों, संपत्ति संबंधी मुकदमों तथा न्यायिक व्यवस्था पर बढ़ते दबाव की आशंका है।

ACTION INDIA करनाल, 23 जून 2026 दैनिक एक्शन इंडिया www.actionindialive.com

# मुख्यमंत्री योगी ने फिरोजाबाद को दी 658 करोड़ की 81 परियोजनाओं की दी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फिरोजाबाद में कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में वन जिला वन माफिया हुआ करते थे लेकिन अब डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश की पहचान वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट के रूप में जानी जाती है। उन्होंने फिरोजाबाद की जनता से इसी तरह भाजपा को समर्थन करने का भी आवाहन किया। उन्होंने डबल इंजन की सरकार को विकास का पर्याय बताते हुए टूंडला एवं शिकोहाबाद विधानसभा की 658 करोड़ की 81 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के साथ ही अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व प्रमाण पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फिरोजाबाद में टूंडला विधानसभा के गांव उसायनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के नवनिर्मित 568 भवनों



के लाभार्थियों को आवासों की चाबी प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने टूंडला एवं शिकोहाबाद विधानसभा की 658 करोड़ की 81 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया तथा अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व प्रमाण पत्र सौंपे। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद के उद्यमियों एवं श्रमिकों की सराहना करते हुए कहा कि आज विश्व पटेल पर फिरोजाबाद को लोकल से ग्लोबल बनाने में इनकी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से ही फिरोजाबाद को 568 करोड़ कि परियोजनाओं का लाभ मिल रहा है लेकिन इसका श्रेय फिरोजाबाद की जनता को जाता है, क्योंकि जब आप अपना वोट सही जगह करते है एवं

**विकास पर बल**

**2017 से पहले उत्तर प्रदेश में वन जिला वन माफिया हुआ करते थे: मुख्यमंत्री योगी**

ईवीएम का सही बटन दबाते हैं तो फिरोजाबाद की यात्रा लोकल से ग्लोबल बनती है। उन्होंने कहा कि आज फिरोजाबाद के कांच उद्योग ने चीन को पछाड़ दिया है पहले दीपावली, होली, रक्षाबंधन किसी की पर्व पर या किसी अतिथि को चीन से बने उत्पादन उपहार में दिए जाते थे क्योंकि यही उत्पाद मार्केट में मिलते थे लेकिन फिरोजाबाद के कांच कारीगरों ने यह नई तकनीक तैयार की। कांच के प्रोडक्ट मार्केट के अंदर पहुंचाये। अब हर पर्व पर या किसी अतिथि के आने पर कांच की सुन्दर प्रतिमा जब उपहार में दी जाती है तो अतिथि भी खुश हो जाता है। उन्होंने कहा कि राम दरबार, गणेश, भगवान शिवा, बुद्ध आदि की सुन्दर सुन्दर प्रतिमाएं कांच से बनती है यह श्रमिकों की कला है और यह कला पहले भी थी लेकिन 2017 से पूर्व श्रमिकों की इस कला को प्रोत्साहन नहीं मिला। कारखाने को गैस की आपूर्ति नहीं मिली। इसी कारण फिरोजाबाद 2017 से पहले लोकल से ग्लोबल नहीं बन सका। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा के एजेंडे में विकास नहीं है। सपा का काम समाज को बांटना, समाज की एकता को खत्म करना, गुंडागर्दी को प्रोत्साहन करना, विकास योजना में रोड़ा अटकना, किसी पर्व से पहले उस पर्व के उत्सव को उपद्रव में बदलना यही सपा का काम है। 2017 से पहले बन डिस्ट्रिक वन माफिया हुआ करते थे। हर जिले में एक चिन्हित माफिया होता था।

# पंजाब में उद्योगपतियों की समस्या का समाधान कर देंगे बेहतर औद्योगिक माहौल : नितिन

**अहम बैठक**

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लुधियाना में किया उद्योगपतियों से मंथन, पूछी समस्याएं**




**टीम एक्शन इंडिया**
**लुधियाना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने लुधियाना में उद्योग जगत से जुड़े प्रमुख उद्योगपतियों और कारोबारियों के साथ अहम बैठक की। बैठक में पंजाब में उद्योगों को बढ़ावा देने, नए निवेश लाने, रोजगार सृजन और उद्योगपतियों के सामने आ रही समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ लुधियाना के कई प्रमुख उद्योगपतियों और कारोबारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान उद्योगपतियों ने पंजाब में उद्योगों के सामने आ रही चुनौतियों को भाजपा नेतृत्व के सामने रखा। उन्होंने बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षित औद्योगिक माहौल, आसान व्यापारिक नीतियों, बिजली, टैक्स व्यवस्था, कुशल श्रमिकों और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण की मांग की। नितिन नवीन ने कहा कि पंजाब में उद्योगों को बेहतर और सुरक्षित माहौल देने के लिए भाजपा विशेष योजना लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब कभी उद्योगों के लिए देश के सबसे मजबूत राज्यों में गिना जाता था, लेकिन आज उद्योगपति कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। भाजपा इन समस्याओं को गंभीरता से सुनेगी और उनके समाधान के लिए ठोस नीति तैयार करेगी। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर पंजाब में इंडस्ट्री को नई रफ्तार मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मजबूत किए बिना पंजाब की आर्थिक तरक्की संभव नहीं है, इसलिए उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि भाजपा पंजाब में महाराजा रणजीत सिंह के राज जैसा सुशासन, भाईचारा, अमन-शांति और खुशहाली वापस लेकर आएगी।

# संत सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कुंभ को दिव्य और भव्य बनाने का संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को हरिद्वार पहुंचे, जहां उन्होंने हरिसेवा आश्रम में आयोजित स्थापना दिवस समारोह एवं संत सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम में देशभर से आए संत-महात्माओं के साथ कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ाने में संत समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संतों के मार्गदर्शन और सहयोग से कुंभ-2027 को दिव्य, भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में आयोजित होने वाला कुंभ मेला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र होगा। इसके लिए सड़क, पेयजल, यातायात, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से




विकसित की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने हाल ही में सामने आए गुरुद्वारा विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की धरती पर सिख गुरुओं का विशेष योगदान रहा है और राज्य सरकार सभी धर्मों एवं संप्रदायों का सम्मान करने की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक भावना को आहत नहीं होने दिया जाएगा तथा सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत बनाए रखा जाएगा। संत सम्मेलन में योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपरा पूरे विश्व को दिशा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि संत समाज को विश्वास है कि राज्य सरकार कुंभ-2027 को सफल बनाने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है।
उन्होंने कहा कि संत समाज सरकार के साथ समन्वय बनाकर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए सहयोग करेगा। इस दौरान मध्य प्रदेश के सरकार के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई संत-महात्मा व सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने 147 बोतल नेपाली शराब की जब्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**अररिया।** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 52वीं वाहिनी ने 147 बोतल नेपाली शराब जब्त की है। यह कार्रवाई बीती देर रात सिकटी क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा के समीप गश्त के दौरान की गई। एसएसबी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आमबारी कंपनी के जवान सीमा क्षेत्र में नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर जवानों ने कार्रवाई की। एसएसबी को देखते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर नेपाल की ओर भाग निकला। हालांकि जवानों ने मौके से बड़ी मात्रा में शराब बरामद कर ली। जब्त शराब नेपाल निर्मित है। बरामद 147 बोतलों में प्रत्येक बोतल 300 मिलीलीटर की है। कुल मिलाकर लगभग 44 लीटर नेपाली शराब जब्त की गई

**कार्रवाई**

**जवान सीमा क्षेत्र में नियमित गश्त कर रहे थे। गतिविधि दिखाई देने पर जवानों ने कार्रवाई की**

है। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि बरामद शराब को जब्ती सूची तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए मद्य निषेध विभाग, अररिया के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में तस्कर की पहचान करने और उसके नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। अररिया की ओर से जारी जानकारी में यह भी बताया गया कि सीमा क्षेत्र में तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार गश्त और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री के प्रयासों से पश्चिम बंगाल में परिवर्तन आया है: शुभेंदु


**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य के विकास, पश्चिम बंगाल दिवस के आयोजन, नागरिकता संशोधन कानून के क्रियान्वयन और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को उचित सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया है।
मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य के लोगों की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य के लिए एक नए दौर की शुरूआत हुई है। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से पश्चिम बंगाल में परिवर्तन आया है और लंबे समय से चले आ रहे भ्रष्टाचार, अव्यवस्था तथा कुशासन के दौर से राज्य बाहर निकल रहा है। पश्चिम बंगाल के लोग अब विकास, शांति, समृद्धि और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का सपना देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रति पश्चिम बंगालवासियों की ओर से कृतज्ञता जताई। मुख्यमंत्री ने 20 जून को पश्चिम बंगाल दिवस के रूप में मनाए जाने का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह दिन पश्चिम बंगाल के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन डॉ. श्यामा प्रसाद



मुखोपाध्याय ने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने विभाजन के समय बंगाली हिंदुओं और पश्चिम बंगाल के अस्तित्व की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष किया था। मुख्यमंत्री ने लिखा कि डॉ. मुखर्जी का नारा था एक विधान, एक निशान, एक प्रधान। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के भारत के साथ पूर्ण एकीकरण के लिए संघर्ष किया और अलग संविधान, अलग ध्वज तथा अलग प्रधानमंत्री की व्यवस्था का विरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने 2019 में अनुच्छेद 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपने को साकार किया। मुख्यमंत्री ने पत्र में नागरिकता संशोधन कानून के लागू होने को भी ऐतिहासिक कदम बताया।

# राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रखर प्रहरी थे डॉ. श्यामा प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रीय एकीकरण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को निधन 23 जून 1953 को हुआ, जिसे राष्ट्रहित में दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान के रूप में देखा जाता है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में विशेष व्यवस्था के विरोध में आंदोलन किया था, उनका बलिदान राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक माना जाता है। डॉ. मुखर्जी शिक्षाविद, चिंतक, सांसद और



दूरदर्शी राजनेता थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को नगरीय निकायों के महापौर तथा नगरपालिका अध्यक्ष को मुख्यमंत्री निवास से वी.सी. के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने वैचारिक राजनीति और संगठन निर्माण पर बल दिया और राष्ट्रहित को दलगत राजनीति से ऊपर रखने का संदेश दिया। डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से उनकी जयंती 6 जुलाई तक विशेष पखवाड़ा आयोजित किया जाए।

**शिक्षाविद**

**डॉ. मुखर्जी शिक्षाविद, चिंतक, सांसद और दूरदर्शी राजनेता थे: मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

जनसेवा का अभियान हो पखवाड़ा
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का मानना था कि युवा राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति हैं।
उन्होंने युवाओं को नेतृत्व, शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रेरित किया।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन मरम्मत, पंचर सेवा केंद्र बनाने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए वाहन मरम्मत और पंचर सेवा केंद्र विकसित करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एव राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि एनएचएआई का सार्वजनिक सेवा उपक्रम राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) ने अपने क्षेत्रीय दफ्तरों और लीजधारकों को प्राथमिकता के आधार पर वाहन मरम्मत की दुकानें और पंचर रिपेयर की सुविधाएं शुरू करने का निर्देश दिया है। इस कदम का मकसद यात्रा को आसान बनाना, खराबी के समय को कम करना, सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और यात्रियों व मालवाहक चालकों को तुरंत मदद उपलब्ध कराना है। एनएचएआई ने बताया कि कई राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर ऐसी सेवाओं की जरूरत है। इनसे यात्रियों को समय पर मैकेनिकल मदद मिलेगी और खराबी या इमरजेंसी में असुविधा, देरी और सुरक्षा से जुड़ी दिक्कतों से बचा जा सकेगा।

# पिंकसिटी प्रेस क्लब में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**अभिरूचि**

**पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित बाल अभिरूचि शिविर का समापन हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब, जयपुर की ओर से आयोजित बाल अभिरूचि शिविर का सोमवार को समापन हुआ। इस समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, विधायक गोपाल शर्मा और




भाजपा नेता रवि नैयर शामिल हुए। प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव राजकुमार शर्मा, शिविर संयोजक अनिता शर्मा, कोषाध्यक्ष नमोनारायण अवस्थी, उपाध्यक्ष डॉ. मोनिका शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। शिविर के दौरान बच्चों ने सीखी हुई कला का मंच पर प्रदर्शन किया। बच्चों ने कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की। इसके बाद एक से बढ़कर एक राजस्थानी लोक नृत्यों की रोचक प्रस्तुति से सभी को सराबोर कर दिया। कालबेलिया नृत्य, मार्शल आर्ट, वेस्टर्न डांस, राजस्थान का प्रसिद्ध चिरमी नृत्य एवं पंजाबी डांस के साथ अभिनय से सभी को बांधे रखा। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों पर अभिभावकों ने प्रबन्ध कार्यकारिणी का आभार
उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी को आयोजन की शुभकामनाएं दी। उन्होने प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्वार की मांग को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कार्य शीघ्र करने की सहमति प्रदान की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रेस क्लब में होने वाले आयोजनो की सराहना की। उन्होने कहा की पूर्व में भी प्रेस क्लब में जामुन के पेड़ नाटक का बहुचर्चित मंचन हुआ था, उन्होने कहा कि

# सोमनाथ मंदिर हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव और आस्था का प्रमुख केन्द्रः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सोमवार को राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से सोमनाथ गुजरात के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सोमनाथ मंदिर हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव और आस्था का प्रमुख केन्द्र है।
सोमनाथ मंदिर को अनेक बार आक्रांताओं ने तोड़ा, लेकिन हर बार मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ, ये देशवासियों की अटूट आस्था का परिणाम है। सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा के तहत विशेष ट्रेन से छत्तीसगढ़ से सोमनाथ के लिए 1000 से अधिक विशिष्टजन, पद्मश्री, राज्य एवं राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित कलाकार एवं



साहित्यकार रवाना हुए। यात्रा में शामिल श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के शिवालयों की पावन भूमि के माटी कलश और पावन नदियों का जल कलश बाबा सोमनाथ को अर्पण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान सोमनाथ से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के लिए बहुत गौरवशाली दिन है जब प्रदेश भर से 1000 से अधिक श्रद्धालु भगवान सोमनाथ के दर्शन के लिए रवाना हो रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस पर्व के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं, उन्होंने भारत की आजादी के बाद राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक के रूप में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। 75 वर्ष पूर्व देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद जी ने पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर का लोकार्पण किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ से पद्मश्री, राज्य एवं राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित कलाकार एवं साहित्यकार इस यात्रा में अपने साथ अपने-अपने क्षेत्रों के धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के शिवालयों की पावन माटी और पावन नदियों के जल कलश लेकर रवाना हो रहे हैं। यह यात्रा भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत उदाहरण है। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सोमनाथ धाम की यह यात्रा श्रद्धालुओं को केवल आध्यात्मिक अनुभूति ही नहीं बल्कि भारत की महान सांस्कृतिक परम्परा और राष्ट्रीय गौरव को निकट से अनुभव करने का अवसर भी प्रदान करेगी।

# अंबुबासी महोत्सव की प्रवृत्ति पर मुख्यमंत्री सरमा ने मां कामाख्या को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने 22 से 26 जून तक कामाख्या धाम में आयोजित ऐतिहासिक अंबुबासी महोत्सव के पावन अवसर पर आज मां कामाख्या की आराधना करते हुए इस महोत्सव में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने आधिकारिक पेज पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि गुवाहाटी के नीलाचल पहाड़ पर विराजमान मां कामाख्या के पावन अंबुबासी महायोग की प्रवृत्ति के पवित्र अवसर पर जगज्जननी के चरणों में कोटि-कोटि नमन। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस महापर्व के अवसर पर असम पधारे



विश्वभर के श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा है कि मां कामाख्या की कृपादृष्टि से सभी का जीवन सुख, शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक शक्ति से परिपूर्ण हो, यही प्रार्थना है।